# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 23 अप्रैल 2024








# 7 सीटों पर 168 उम्मीदवार ठोंक रहे हैं ताल, मुकाबला भाजपा कांग्रेस के बीच, बीएसपी, गोंडवाना भी दिखा रही ताकत

## सबसे अधिक 38 प्रत्याशी रायपुर तो सबसे कम 10 प्रत्याशी सरगुजा में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव रायपुर से भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल, कांग्रेस से विकास उपाध्याय के बीच मुकाबला है। बिलासपुर में कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव का मुकाबला भाजपा के तोखन साहू से है। दुर्ग में भाजपा के विजय बघेल को कांग्रेस के राजेंद्र साहू चुनौती दे रहे हैं। सरगुजा में भाजपा के चिंतामणि महराज को कांग्रेस की शशि सिंह टक्कर दे रही है। रायगढ़ में कांग्रेस की डॉ. मेनका सिंह और भाजपा के राधेश्याम राठिया के बीच मुकाबला है। कोरबा सीट पर भाजपा से सरोज पांडेय और कांग्रेस से ज्योत्सना महंत मैदान में हैं। वहीं जांजगीर-चांपा लोकसभा में कांग्रेस के डॉ. शिव डहरिया और भाजपा की कमलेश जांगड़े के बीच मुख्य मुकाबला है। लेकिन कहानी इतनी भर नहीं है। छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 7 लोकसभा सीटों में 168 प्रत्याशी चुनाव मैदान पर हैं। सबसे अधिक 38 प्रत्याशी रायपुर लोकसभा में चुनाव मैदान पर हैं। वहीं दूसरे स्थान पर बिलासपुर लोकसभा है, जहां से 37 प्रत्याशी मैदान पर हैं। तीसरे चरण के लिए सोमवार को 19 प्रत्याशियों ने अपना नाम वापस ले लिया। इन लोकसभा सीटों पर 7 मई को मतदान होगा।

### इन लोकसभा सीटों पर 7 मई को होगा मतदान


बृजमोहन अग्रवाल


विकास उपाध्याय


देवेंद्र यादव


विजय बघेल

### बीएसपी, गोडवाना गणतंत्र पार्टी ने उतारे प्रत्याशी

छत्तीसगढ़ लोकसभा चुनाव के लिए बहुजन समाजवादी पार्टी ने सभी लोकसभा चुनाव लड़ रही है। वहीं गोडवाना गणतंत्र पार्टी 4 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारी है। लोकसभा चुनाव में राजधानी रायपुर में प्रमुख पार्टी के प्रत्याशियों के अलावा बड़ी संख्या में निर्दलिय भी चुनाव मैदान में हैं। इनमें मजदूर वर्ग से लेकर ऑटो चालक भी अपना दम चुनाव में दिखा रहे हैं। कई ऐसे प्रत्याशी हैं जो चुनाव लड़ने के लिए पैसा एकत्रित कर नामांकन और अमानत राशि एकत्रित की है।

### अंतिम प्रत्याशियों की सूची जारी

निर्वाचन आयोग ने 12 अप्रैल को तीसरे चरण के 7 लोकसभा निर्वाचन के लिए 19 अप्रैल तक नामांकन दाखिल किया गया। नामांकन के जांच के बाद कुल 187 प्रत्याशी चुनाव मैदान पर थे। नाम वापसी के बाद जिला निर्वाचन अधिकारियों ने सभी लोकसभा क्षेत्र से अंतिम प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी। रायपुर लोकसभा से कुल 44 प्रत्याशियों के नामांकन सही पाए गए थे, 6 प्रत्याशियों ने अंतिम समय में नाम वापस ले लिया। अब यहां 38 प्रत्याशी मैदान पर हैं। इनमें 33 पुरुष और 5 महिला प्रत्याशी चुनाव मैदान पर हैं। बिलासपुर लोकसभा में 42 प्रत्याशियों के नामांकन भरे थे, इनमें से 5 ने अपने नाम वापस ले लिया। अब यहां पर 37 प्रत्याशी चुनाव मैदान पर हैं।

### सरगुजा में 10 रायगढ़ में 13

*इसी प्रकार सरगुजा में 12 प्रत्याशियों ने नामांकन भरे थे, इनमें से 2 ने अपने नाम वापस ले लिया, अब यहां पर 10 प्रत्याशी मैदान पर हैं। रायगढ़ में 15 प्रत्याशियों के नामांकन सही पाए गए थे। इनमें से 2 ने अंतिम समय में नाम वापस ले लिया, अब यहां 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान पर हैं। जांजगीर-चांपा में 20 प्रत्याशियों के नामांकन सही पाए गए थे, इनमें से 2 ने नाम वापस ले लिया। अब यहां 18 प्रत्याशी मैदान पर हैं। कोरबा लोकसभा में 29 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था, इनमें से 2 ने नाम वापस ले लिया। 27 प्रत्याशी यहां पर चुनाव मैदान पर हैं। दुर्ग लोकसभा में कुल 25 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया था। यहां पर किसी भी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया।*

## आमने/सामने

### कमल का बटन दबाएं, वोट रामलला के चरणों में गिरेगा- धर्मजीत



भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा, आप सभी अपना वोट कमल पर दबाएंगे तो आपका वोट रामलला के चरणों में गिरेगा। देश की आत्मा और सम्मान भगवान राम है। उन्होंने भूपेश बघेल को अहंकारी बताते हुए कहा, जनता को देश सेवा के लिए सांसद चुनना है लठैत नहीं।


### भाजपा को राम-राम कर अब कांग्रेस का बटन दबेगा- धनंजय



कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा, जनता अब भाजपा सरकार को राम-राम बोलकर विदाई देगी। भाजपा को राम-राम कर जनता अब कांग्रेस का बटन दबाकर रामराज के मार्ग में चलकर काम करने वाली सरकार बनाएगी। भाजपा सरकार 10 साल में रामकाज नहीं कर पायी, हर वर्ग को हताशा और प्रताड़ना मिला है।

## पीएम मोदी के बयान पर कांग्रेस ने की चुनाव आयोग से शिकायत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के एक बयान को लेकर मुस्लिमों पर टिप्पणी की थी। अब इस पर विवाद शुरू हो गया है। कांग्रेस ने बीजेपी पर निशाना साधा है तो वहीं बीजेपी पीएम मोदी के बयान को प्रचारित कर रही है। अब कांग्रेस ने पीएम मोदी की शिकायत चुनाव आयोग से कर दी है। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंह और गुरदीप सिंह सप्पल चुनाव आयोग से शिकायत करने पहुंचे। अभिषेक मनु सिंघवी ने चुनाव आयोग का धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने हमारी बातें सुन ली है। उन्होंने कहा कि हमारी तरफ से 17 शिकायतें हैं। आयोग को चाहिए कि वो फौरन एक्शन ले। देश के पीएम का हम आदर करते हैं। पीएम के बयान पर आयोग तुरंत एक्शन ले। उन्होंने कहा कि राजस्थान में दिया गया पीएम का बयान भद्दा है। बयान में एक समुदाय और धर्म का नाम लिया गया है। बयान में समुदाय या धर्म को घुसपैठियों के साथ जोड़ा गया है। इधर, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी से मिलने का वक्त मांगा है। माना जा रहा है वह पीएम मोदी को कांग्रेस के घोषणापत्र की जानकारी देंगे। कांग्रेस पीएम मोदी पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगा रही है।

## अखिलेश नहीं लड़ेंगे लोस चुनाव कन्नौज से तेज प्रताप को टिकट



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

अखिलेश यादव साल 2024 का लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। अखिलेश यादव के कन्नौज लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की अटकलें लगाई जा रही थीं लेकिन सपा द्वारा प्रत्याशियों की नई लिस्ट जारी करने के बाद ऐसे सभी कयासों पर विराम लग गया है। समाजवादी पार्टी ने कन्नौज लोकसभा सीट से तेज प्रताप यादव को प्रत्याशी बनाया है। इसके अलावा सपा ने सोमवार को बलिया लोकसभा सीट से भी प्रत्याशी घोषित किया। इस सीट पर सपा ने सनातन पांडेय को कैंडिडेट बनाया है। उनका मुकाबला बीजेपी के नीरज शेखर से होगा। गौरतलब है, कन्नौज लोकसभा सीट को समाजवादी पार्टी का गढ़ माना जाता है। यहां 1998 से साल 2014 तक लगातार समाजवादी पार्टी ने जीत दर्ज की थी लेकिन पिछले लोकसभा चुनाव में बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़े सुब्रत पाठक ने कन्नौज में अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल को हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में कन्नौज सीट पर बहुत ही करीबी मुकाबला हुआ था। 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा और बसपा का गठबंधन था, इस चुनाव में डिंपल यादव को 5,50,734 वोट मिले थे जबकि उनके सामने चुनाव लड़े बीजेपी के सुब्रत पाठक को 5,63,087 वोट मिले।

# केरल में भाजपा के लिए आसान नहीं 'रेड कॉरिडोर' पर भगवा फहराना

### ध्रुवीकरण के दौर में कांग्रेस के सामने भी दोहरे मोर्चे पर साख बचाना बड़ी चुनौती

*लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में दक्षिण भारत के केरल की सभी 20 लोकसभा सीटों पर 26 अप्रैल को चुनाव होगा। केरल देश का ऐसा राज्य है, जहां रेड कॉरिडोर की सियासत में रणनीतिक पैंतरेबाजी के साथ राजनीतिक परिदृश्य अभियान में चुनावी सरगर्मी चरम पर है। इसका कारण सत्तारूढ़ गठबंधन यूडीएफ को चुनौती देने के लिए इस बार भाजपा की रणनीतिक भागीदारी ने लोकसभा चुनाव को दिलचस्प मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



भाजपा केरल में भारत धर्म जन सेना के साथ गठबंधन के साथ चुनाव मैदान में है। इसलिए केरल के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस नेतृत्व वाले यूडीएफ और वामदलों वाले एलडीएफ गठबंधन के बीच भाजपानीत राजग गठबंधन ने अपनी चुनावी रणनीति से चुनावी मुकाबले को त्रिकोणीय मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहां भाजपा की रेड कॉरिडोर पर भगवा लहराने की ही चुनौती नहीं है, बल्कि उसके सामने सियासी खाता खोलने की भी दरकार है। दक्षिण भारत के केरल राज्य की देश के अन्य राज्यों की तुलना में कई मामलों में एक दम अलग है। यहां वामदलों की सरकार है। राज्य की 140 विधानसभाओं से घिरी 20 लोकसभा सीटों के चुनाव में भाजपा ने जिस रणनीति से अपनी चुनावी बिसात बिछाई है। राज्य के कारोबारी वामदलों की नीतियों से नाराज हैं, लेकिन भाजपा की हिंदुत्व की नीतियों के भी पक्ष में नहीं है। इसलिए इस बार कांग्रेस के सामने भाजपा और वामदलों से अपने उस वोटबैंक को बचाने की चुनौती का भी सामना करना पड़ रहा है, जिस पर भाजपा और वामदलों की नजरें हैं। लोकसभा के सियासी समीकरणों से संकेत मिल रहे हैं कि सीपीएम ने कांग्रेस के मुस्लिम वोटबैंक को साधने की रणनीति से चुनावी मैदान में कदम रखा है, तो वहीं भाजपा हिंदू और ईसाई वोटबैंक को एकजुट करने की रणनीति में चुनावी गोटयां फिट कर रही है। इसलिए कांग्रेस के सामने साल 2019 के चुनाव में जीती गई 15 सीटों को बचाए रखने की बड़ी चुनौती होगी।

### क्या है दलों की चुनावी रणनीतियां

केरल में मुस्लिम वोट प्रमुख रुप से कांग्रेस के साथ जाता रहा है। लेकिन ईसाइ वोटबैंक कांग्रेस और वामदलों दोनों में विभाजित होता आया है। इसी कारण इस चुनाव में कांग्रेस व वामदलो ने जहां मणिपुर हिंसा को भी चुनावी मुद्दे का हिस्सा बनाया है। वहीं वामदलों सीएए और गाजा पट्टी पर इजरायल के हमले का खुलकर विरोध कर इस मुद्दे को चुनावी सभाओं में उठा रहे हैं। जबकि भाजपा ध्रुवीकरण की रणनीति से यहां धर्मांतरण आधारित 'द केरल स्टोरी' को मुद्दा बना रही है, जिसकी पटकथा मध्य प्रदेश के धार निवासी सूर्यपाल सिंह ने लिखी थी। लोकसभा चुनाव में भले ही मुद्दे कुछ भी हों और भारत धर्म जन सेना के साथ भाजपा के गठबंधन मजबूत न हो, लेकिन भाजपा की रणनीति की वजह से केरल में लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) और कांग्रेस नीत यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) के चुनावी मुकाबले को त्रिकोणीय संघर्ष के आसार पैदा कर दिये हैं।

### चुनावी जंग में कूदे ये दल

यूडीएफ गठबंधन में कांग्रेस 15, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग 2 तथा केरल कांग्रेस व आरएसपी एक-एक सीट पर चुनाव लड़ रही है। जबकि भाजपा ने 16 उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा है। एलडीएफ गठबंधन में सीपीआईएम 15, सीपीआई 4 तथा केसीएम एक सीट पर चुनाव लड़ रही है। लोकसभा चुनाव की 20 सीटो पर कुल 194 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, जिनमें बसपा ने भी 18 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं। इसके अलावा बहुजन द्रविड़ पार्टी, भारत की अंबेडकरवादी पार्टी जैसे अन्य आधा दर्जन से ज्यादा दल भी इस सियासी जंग का हिस्सा हैं।

### इन दिग्गजों की दांव पर होगी प्रतिष्ठा

केरल की 20 विधानसभा में वायनॉड लोकसभा सीट से कांग्रेस के राहुल गांधी के चुनाव मैदान में दूसरी बार आने से इसलिए हॉट सीट मानी जा रही है, कि भाजपा की रणनीति के तहत उनका मुकाबला करने के भाजपा ने यहां केरल के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के. सुरेन्द्रन को चुनावी जंग में उतारा है, जबकि भाकपा ने एनी राजा को चुनाव मैंदान में उतारा है। तिरुवंतपुरम में कांग्रेस के शशि थरुर के सामने भजपा के केंद्रीय मंत्री राजीव चन्द्रशेखर होंगे, तो वहीं भाजपा के लिए उम्मीद बनी त्रिशूर लोकसभा सीट पर भाजपा ने फिल्म अभिनेता सुरेश गोपी को उतारा है। अलपुझा सीट पर कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल को चुनौती दने के लिए भाजपा शोभा सुरेन्द्रन को प्रत्याशी बनाया है। पथानामथिट्टा सीट पर भाजपा ने कांग्रेस दिग्गज नेता एंटी एंटोनी के सुपुत्र अनिल एंटनी को चुनावी जंग में उतारा है। एंटीगल सीट पर भाजपा के टिकट पर केंद्रीय मंत्री वी. मुरलीधरन की प्रतिष्ठा भी दांव पर होगी।

## 'अलीगढ़ की जनता ने ऐसा ताला लगाया कि दोनों शहजादों को चाबी नहीं मिल रही'

### परिवारवाद पर पीएम का प्रहार

एजेंसी ▶▶ अलीगढ़



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नुमाइश मैदान में आयोजित जनसभा में कांग्रेस, सपा पर जमकर बरसे। कहा, 500 साल बाद राम मंदिर को देख रहे हैं। मंदिर की बात आती है तो उनकी नींद उड़ जाती है। वह कहते हैं हम सबको रोके बैठे थे मगर, यह मोदी आ गया तो सब हो रहा है। यह इतने गुस्से में हैं कि प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को ही ठुकरा दिया। मेरे पास जब निमंत्रण आया था तो मैंने उसे सिर से लगाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि, पहले जब अलीगढ़ आया था तो अनुरोध किया था सपा, कांग्रेस के भ्रष्टाचार पर ताला लगा दीजिए। आपने ऐसा मजबूत ताला लगाया कि दोनों शहजादों को इसकी चाबी नहीं मिल रही है।

### सपा-कांग्रेस ने हमेशा किया तुष्टीकरण

पहले फोन कर पूछते थे कि शांति है ना। यह योगीजी ने करके दिया है आपको। दंगे, हत्या, गैंगवार, फिरौती यह सपा सरकार का ट्रेड मार्क था। उनकी राजनीति इसी से चलती थी। पहले हमारी बहन, बेटियां घर से नहीं निकल पाती थीं। अब योगी की सरकार में किसी की हिम्मत नहीं है। सपा, कांग्रेस ने हमेशा तुष्टीकरण की राजनीति की। मुस्लिमों के लिए कुछ नहीं किया।

## कांग्रेस को झटका...



सक्ती में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा से पहले सक्ति विधानसभा की पूर्व विधायक सरोजा मनहरण राठौर एवं कांग्रेस प्रदेश महासचिव मनहरण राठौर अनेक कांग्रेसी सोमवार को भाजपा में शामिल हुए। इस अवसर पर प्रदेश के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा प्रभारी गौरीशंकर अग्रवाल, छत्तीसगढ़ सरकार में मंत्री ओपी चौधरी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, संभाग प्रभारी अनुराग सिंह देव, लोकसभा सह प्रभारी गुरपाल भल्ला, सौरभ सिंह,नलिनीश ठोकने भाजपा प्रदेश प्रवक्ता, संयोगिता जूदेव, सक्ति ज़िला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा उपस्थित थे।

## 'श्रीराम-कृष्ण के जन्म पर सवाल उठाने वालों को हराएं'

**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को ताजनगरी आगरा में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला है। सीएम योगी ने कहा कि आपका दायित्व बनता है कि अगर आप विरासत का सम्मान करते है तो जिन लोगों ने प्रभु श्री राम और कृष्ण पर प्रश्न खड़े किए थे, उन लोगों को वोट के लिए तरसा दीजिए। इनको एक भी वोट नहीं मिलेगा। सीएम ने कहा कि जिन्होंने विकास की योजनाओं और गंगा जल के लिए आपको तरसाया था।



### 1991 के लोकसभा चुनाव में नई दिल्ली लोकसभा सीट पर हुआ था रोचक मुकाबला

# हारते-हारते जीते आडवानी... पसीने छुड़ा दिए थे राजेश खन्ना ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

साल 1991 के लोकसभा चुनाव में नई दिल्ली लोकसभा सीट पर पूरे देश की निगाहें टिकी थीं। यहां दो कद्दावर नेता आमने-सामने थे. एक तरफ बीजेपी के टिकट पर दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवानी यहां से चुनाव लड़ रहे थे, तो दूसरी तरफ कांग्रेस ने उस दौर के सुपरस्टार राजेश खन्ना को उतारा था। राम मंदिर आंदोलन से देशभर में अपनी पहचान बना चुके आडवानी के सामने राजेश खन्ना नौसिखिया नजर आ रहे थे और शुरुआत में मुकाबला एकतरफा माना जा रहा था, लेकिन नतीजे वाले दिन बाजी पलट गई। दिल्ली के शाहजहां रोड पर यूपीएससी की बिल्डिंग में काउंटिंग सेंटर बनाया गया था। मतगणना स्थल के बाहर सुबह 8:00 बजे से ही बीजेपी और कांग्रेस दोनों दलों के समर्थक भारी संख्या में इकट्ठा होने लगे। उन दिनों ईवीएम से वोटिंग नहीं होती थी, बल्कि मतदाता बैलेट बॉक्स में अपना मत डालते थे और मैनुअल गिनती हुआ करती थी, जिसमें काफी समय लग जाता था। करीब 10:00 बजे के बाद जब शुरुआती रुझान आए, तो भाजपा समर्थकों के चेहरे उतर गए। इसका कारण यह था कि राजेश खन्ना ने शुरुआत से ही बढ़त बना ली थी।






### 7वें राउंड तक आगे थे, अचानक पलटी बाजी

राजेश खन्ना की बढ़त का सिलसिला सातवें राउंड तक बरकरार रहा। बीजेपी समर्थकों को लगने लगा कि आडवानी लगभग चुनाव हार चुके हैं और उनका चेहरा मुरझा गया। भीड़ छंटने लगी। वरिष्ठ पत्रकार और लेखक यासिर उस्मान ने अपनी किताब "राजेश खन्ना: कुछ तो लोग कहेंगे' में लिखते हैं कि काका (राजेश खन्ना) के समर्थक शुरुआती रुझान से झूम उठे और ढोल-नगाड़े बजाने लगे। काका के कुछ करीबी पास के गौरी शंकर मंदिर से फूल-माला और हार लेने चले गए। लेकिन सातवें राउंड के बाद बाजी पलट गई। अचानक आडवानी ने बढ़त हासिल कर ली। जैसे ही काउंटिंग सेंटर के अंदर से आडवानी के बढ़त बनाने की खबर आई, भाजपा समर्थकों के चेहरे खिल उठे. लौटती भीड़ वापस मुड़ गई। अचानक ऐलान हुआ कि लालकृष्ण आडवानी ने सिर्फ डेढ़ हजार वोटों से राजेश खन्ना को हरा दिया। आडवानी को 93,662 वोट मिले, जबकि राजेश खन्ना को 92,073 वोट मिले।

### आडवानी ने क्यों दिया इस्तीफा?

1991 के लोकसभा चुनाव में लालकृष्ण आडवानी नई दिल्ली सीट के साथ-साथ गुजरात के गांधीनगर सीट से भी चुनाव लड़े और दोनों सीटों से जीते। ऐसे में उन्हें एक सीट छोड़नी पड़ी, और उन्होंने नई दिल्ली सीट से इस्तीफा दे दिया। 1992 में इस सीट पर उपचुनाव हुआ, जिसमें बीजेपी ने शत्रुघ्न सिन्हा को खड़ा किया, जबकि कांग्रेस ने फिर से राजेश खन्ना को अपना उम्मीदवार बनाया।

### शत्रुघ्न सिन्हा पर मिली शानदार जीत

उपचुनाव में राजेश खन्ना की आंधी आई और उन्होंने शत्रुघ्न सिन्हा को बड़े अंतर से हराया। राजेश खन्ना ने कुल 1,01,625 वोट प्राप्त किए और 28,256 वोटों के अंतर से जीत हासिल की. इसके बाद, वह 1992 से 1996 तक लोकसभा के सदस्य रहे। साल 1996 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने राजेश खन्ना को फिर से चुनाव में उतारा और बीजेपी ने उनके खिलाफ जगमोहन को उम्मीदवार बनाया, लेकिन इस चुनाव में राजेश खन्ना को 58,315 मतों से हार का सामना करना पड़ा।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 23 अप्रैल 2024




















## पीएम की सुरक्षा रिहर्सल में तीन युवकों ने लगाई सेंध, बाइक लेकर घुसे और भाग गए

मनोज नायक ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 को छत्तीसगढ़ के दौरे पर रहेंगे। वे रात्रि विश्राम राजभवन में करेंगे। राजभवन के चारों और सुरक्षा चाकचौबंध की जा रही है। आसपास बेरीकेट्स लगाए जा रहे हैं। सैकड़ों जवान तैनात किए जा रहे हैं। लोगों को बताया सोमवार शाम सुरक्षा ▶▶|शेष पेज 3 पर

### पुलिस कर रही है पकड़ने का प्रयास

इस घटना में पुलिस ने संयम दिखाया है। अगर बाइक को धक्का लग जाता या जबर्दस्ती रोकने का प्रयास किया जाता तो वे गिरते और गंभीर हालत में घायल हो सकते थे। लेकिन पुलिस ने युवकों की इस गंभीर गलती को गंभीरता से लिया है और उन्हें पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### कोर्ट से केजरीवाल को नहीं मिली राहत



**नई दिल्ली।** तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अपने डॉक्टर की सलाह नहीं कर पाएंगे। राउज एवेन्यू कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने एम्स को निर्देश दिया कि वह जांच के लिए मेडिकल बोर्ड बनाए।

### खाई में गिरी बोलेरो, दो भाइयों समेत चार की मौत



**देहरादून।** पिथौरागढ़ जिले में बोलेरो के अनियंत्रित होकर 200 मीटर गहरी खाई में गिरने से वाहन में सवार दो सगे भाइयों समेत चार लोगों की मौत हो गई और चार अन्य लोग घायल हो गए। एंचोली थाना क्षेत्र में अडोली के पास हुई दुर्घटना का शिकार सभी व्यक्ति एक विवाह समारोह में हिस्सा लेने के बाद घर लौट रहे थे।

### एनआईए ने श्रीनगर में की छापेमारी



**श्रीनगर।** एनआईए ने आतंकवाद से जुड़े मामले में सोमवार को श्रीनगर में नौ स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए ने आतंकी गतिविधियों से संबंधित एक मामले में श्रीनगर में नौ स्थानों पर छापेमारी की। पुलिस और सीआरपीएफ के साथ मिलकर यह छापेमारी की।

### फिल्म निर्देशक के घर चोरी जिपं अध्यक्ष का पति आरोपी



**कोच्चि।** मलयालम फिल्म निर्देशक जोशी के आवास पर चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया। आरोपी बिहार में एक जिला पंचायत अध्यक्ष का पति है। केरल पुलिस आरोपी मोहम्मद इरफान (37) को कोच्चि लेकर आई, जिसे कर्नाटक पुलिस की मदद से उडुपी जिले से पकड़ा गया था।

### शर्मिला पर भाई जगन का 82 करोड़ बकाया



**अमरावती।** कांग्रेस की आंध्र प्रदेश इकाई की प्रमुख वाई.एस. शर्मिला पर उनके भाई और मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी का 82 करोड़ रुपए से अधिक का बकाया है। शर्मिला द्वारा दाखिल चुनावी हलफनामे में यह जानकारी दी गयी है।

## भाजपा ने झोंकी ताकत, छत्तीसगढ़ में एक ही दिन में शाह-नड्डा की चार सभाएं

## कांकेर में गरजे शाह- 100 दिनों में 90 नक्सली साफ, कर दो सरेंडर, इसी में तुम्हारी भलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

देश के केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने सोमवार 21 अप्रैल को कांकेर में लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग के पक्ष में आमजनता को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी के पास 10 साल का ट्रैक रिकॉर्ड और अगले 25 साल का एजेंडा है। चार पीढ़ियों से राज करने वाली कांग्रेस पार्टी ने कभी छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना का समर्थन नहीं किया।

कांग्रेस ने महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को पैसा नहीं दिया और ना ही किसानों को पैसा दिया। कांग्रेस ने तेंदूपत्ता वालों को बोनस नहीं दिया, घरों में गैस, बिजली, शौचालय और नल से जल नहीं दिया। नक्सलियों को ललकारते हुए उन्होंने कहा कि 100 दिन में 90 मारे हैं, रास्ता छोड़ दो, समर्पण कर दो, उसी में भलाई है। नरहरदेव मैदान में आयोजित सभा में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने ▶▶|शेष पेज 3 पर

### कांकेर लोकसभा की चुनावी जनसभा में पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री

» *कांग्रेस की चार पीढ़ियों ने राज किया, लेकिन छत्तीसगढ़ के गरीबों के लिए कुछ नहीं किया*

» *मोदी के पास 10 साल का ट्रैक रिकार्ड और 25 साल का एजेंडा*




### आतंकवाद व नक्सलवाद किया खत्म

शाह ने कहा, पीएम मोदी ने देश से आतंकवाद को समाप्त किया। आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, बिहार, झारखंड से नक्सलवाद जड़ से खत्म हो चुका है और आने वाले दो वर्षों में मोदी सरकार छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंकेगी। प्रदेश में जहाँ जहाँ जब नक्सलवाद है, आदिवासी भाई बहनों को लेकर तेंदूपत्ता के लिए दिक्कत होती है। बिजली नहीं पहुँच पाती है, स्कूल नहीं खुलते, वहां राशन दुकान नहीं हैं। आज जो बचे खुचे है जो हैं , उनको भी कहता हूँ कि सरेंडर कर दे, वरना लड़ाई का परिणाम तय है। नक्सलवाद पूरी तरह से खत्म होकर रहेगा।

### 370 खत्म किया

शाह ने कहा कि पीएम मोदी ने ही 370 खत्म किया। कांग्रेस के अध्यक्ष खड़गे कहते हैं कि छत्तीसगढ़ और राजस्थान वालों को कश्मीर से क्या लेना-देना? उन्हें मालूम होना चाहिए कि छत्तीसगढ़ का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए जान देने को तैयार है। कांग्रेस ने दशकों तक धारा 370 को सम्हाल कर रखा था। मोदी जी ने 5 अगस्त, 2019 को धारा 370 को समाप्त कर दिया। इस देश से आतंकवाद को पूर्णतया खत्म और नक्सलवाद को समाप्ति के कगार पर लाने का काम मोदी जी ने किया है। मोदी जी ने देश को सुरक्षित और समृद्ध करने का काम किया है।'

## नड्डा ने कहा- इंडी एलायंस के नेता या तो जेल में है या बेल पर

### भाजपा अध्यक्ष की भिलाई-चंदखुरी और लोरमी में चुनावी सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/भिलाई

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को रायपुर, लोरमी और भिलाई में चुनावी सभा ली। भिलाई खुर्सीपार की जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने पाताल से लेकर आकाश तक भ्रष्टाचार किया है क्या ऐसी पार्टी को समर्थन देना चाहिए? इंडी एलायंस घमंडिया गठबंधन के नेता या तो जेल में हैं या फिर बेल पर हैं। श्री नड्डा ने दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी विजय बघेल को दूसरी बार जीताकर देश की सबसे बड़ी संसद में भेजने की अपील उपस्थित जनसमुदाय से की।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि तीन माह पूर्व छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की कुशासित सरकार थी जिसे जनता ने उखाड़ फेंका। आपका एक वोट बड़े फैसले लेने का काम करेगा। 2014 के ▶▶|शेष पेज 3 पर




### छत्तीसगढ़ की साय सरकार की तारीफ

राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लोरमी की चुनावी सभा में कहा कि छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय की सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति प्रदान की गई है 70 लाख से अधिक महिलाओं को महतारी वंदन योजना की दूसरी किश्त जारी कर दी गई है। किसानों को दो वर्षों का बकाया बोनस 3,716 करोड़ भी दिया गया है। 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी 3,100 रूपए की दर से खरीदीं की गई है।

### मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएंगे : साव


छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने लोरमी की सभा में कहा कि 1975 के आंदोलन से अपनी राजनीति की शुरुआत करने वाले विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज लोरमी की धरती पर आए हैं, सौभाग्य की बात है। इतनी बारिश के बाद भी आप सभी लोग सभा में आए इसका आभारी हूं। श्री साव ने उपस्थित जनसमुदाय से अपील करते हुए कहा कि आप सभी संकल्प लें कि मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाएंगे।इस अवसर पर प्रमुख ▶▶|शेष पेज 3 पर

## एमडीएच-एवरेस्ट के सांभर, फिशकरी समेत चार मसालों में कीटनाशक!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

■ हांगकांग और सिंगापुर ने दी चेतावनी

भारतीय मसाला बोर्ड ने सोमवार को कहा कि वह हांगकांग और सिंगापुर की तरफ से भारतीय ब्रांड एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला-मिश्रित उत्पादों की बिक्री पर लगाए गए प्रतिबंधों की जांच कर रहा है। कथित तौर पर स्वीकार्य सीमा से अधिक कीटनाशक 'एथिलीन ऑक्साइड' होने से इन पर पाबंदी लगाई गई है। ▶▶|शेष पेज 3 पर




### परीक्षण में मिला कीटनाशक

हांगकांग के खाद्य सुरक्षा केंद्र (सीएफएस) प्रवक्ता ने कहा, परीक्षण के नतीजों से पता चला कि नमूनों में कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड मौजूद था।' सीएफएस ने संबंधित विक्रेताओं को इन अनियमितताओं के बारे में सूचित कर दिया है और उन्हें बिक्री रोकने और प्रभावित उत्पादों को हटाने का निर्देश दिया है।

## डीजे में नाचने के विवाद पर दो की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी/अंवरी

धमतरी जिले के बिरेझर चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भैंसबोड़ में डीजे की धुन में नाचने की बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि किसी ने चाकू से तीन लोगों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिसमें एक बाराती और एक घराती की मौत हो गई, जबकि एक बाराती गंभीर रूप से घायल है।

रविवार 21 अप्रैल को ग्राम भैंसबोड़ में तिल्दा नेवरा क्षेत्र के ग्राम छतौद से ध्रुव परिवार में बारात आई थी। इसी दौरान डीजे में नाचने की बात को लेकर ▶▶|शेष पेज 3 पर

### एक घायल, आरोपी की तलाश में पुलिस





### भैंसबोड़ में आई थी बारात

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि ग्राम भैंसबोड़ में बारात आई थी। किसी बात को लेकर विवाद हो गया। अज्ञात व्यक्ति ने चाकू से तीन लोगों पर हमला कर दिया, जिसमें से दो लोगों की मौत हो गई है। एक गंभीर रूप से घायल है। मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है। अज्ञात आरोपी की तलाश की जा रही है।

### इधर, यूपी में भी 'डीजे' विवाद में युवक की मौत

बस्ती। यूपी के बस्ती जिले के रुधौली थाना क्षेत्र के निपनियां कला गांव में बारात में 'डीजे' पर गाना बजाने के विवाद में हुए हमले में 15 वर्षीय एक किशोर की मौत हो गई और एक अन्य बाराती घायल हो गया। रुधौली थाना क्षेत्र में रविवार को बरात में गाना बजाने को लेकर मारपीट में एक किशोर की मौत हो गई।

## सीएम विष्णुदेव बोले- हर कोई देश की करता है चिंता

### पूर्व पीएम मनमोहन के बयान पर कसा तंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव



चुनावी सरगर्मियां जोरों पर हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का कहना है, जब मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे। तब उन्होंने बयान दिया था कि इस देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का होगा। मैं इस बयान की निंदा करता हूं। अल्पसंख्यकों के अलावा देश में करोड़ों एससी, एसटी और ओबीसी भी ▶▶|शेष पेज 3 पर






### यूजीसी अध्यक्ष जगदीश कुमार ने किया ऐलान

## विवि प्रवेश परीक्षा, नेट में खत्म होगा अंकों का सामान्यीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) और राष्ट्रीय अर्हता परीक्षा (नेट) में इस साल से अंकों का सामान्यीकरण समाप्त कर दिया जाएगा। सीयूईटी-यूजी के लिए इस बार 15 से 24 मई तक परीक्षाएं आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने सोमवार को यह जानकारी दी। कुमार ने कहा, इस साल अंकों के सामान्यीकरण की आवश्यकता नहीं होगी क्योंकि किसी विषय ▶▶|शेष पेज 3 पर

### 15 विषयों पर लिखित परीक्षा

कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए महत्वपूर्ण परीक्षा आयोजित करने के पूर्व की व्यवस्था में बदलाव किया गया है। इसमें 15 विषयों के लिए सीयूईटी-यूजी पारंपरिक रूप से कागज और कलम आधारित परीक्षा होगी।




### 48 विषयों के लिए ऑनलाइन परीक्षा

48 विषयों के लिए ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसी तरह यूजीसी-नेट की परीक्षा पहले सीबीटी प्रणाली के तहत होती थी लेकिन इस बार 16 जून को कलम और कागज आधारित परीक्षा होगी।

### क्या है सामान्यीकरण

यूजीसी अध्यक्ष ने कहा, यदि एक ही विषय के लिए परीक्षा कई दिनों में आयोजित की जाती है, तो सामान्यीकरण की आवश्यकता होती है और यह एक वैज्ञानिक विधि है। प्रत्येक एक अलग पेपर के साथ, सीयूईटी सामान्यीकरण प्रक्रिया का उपयोग समानता सुनिश्चित करने के लिए एक छात्र के अंकों की दूसरे के साथ तुलना करने के लिए किया जाता है।

## चिंतन

# सूरत में निर्विरोध निर्वाचन लोकतंत्र पर खतरा नहीं

अठारहवीं लोकसभा के चल रहे मतदान की प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही भाजपा के खाते में एक सीट आ गई है। गुजरात की सूरत लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया है। इस सीट से कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन रद हो गया था, जबकि बाकी बचे आठ उम्मीदवारों ने अपना नामांकन नाम वापसी की आखिरी तारीख तक वापस ले लिया था। रविवार को निर्वाचन अधिकारी ने सूरत सीट से कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश कुम्भाणी का नामांकन प्रस्तावकों के हस्ताक्षर में प्रथम दृष्टया विसंगति होने के बाद रद कर दिया था। हालांकि नामांकन रद होने को लेकर देश में राजनीति तेज है, कांग्रेस निर्वाचन आयोग पर बेहद आक्रामक है। कांग्रेस ने नामांकन रद के खिलाफ अदालत जाने की बात कही है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि 'यह बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के संविधान को खत्म करने की दिशा में बढ़ाया गया एक और कदम है।' उन्होंने कटाक्ष किया कि 'तानाशाही की असली 'सूरत' एक बार फिर देश के सामने है।' इस बीच सूरत की डीएम ने सफाई दी है कि कांग्रेस उम्मीदवार के पर्चे पर हस्ताक्षर करने वाले गवाहों को समय से पेश होने को कहा गया था, पर कांग्रेस के उम्मीदवार ने आदेश का पालन नहीं किया। समय सीमा समाप्त होने के बाद ही चुनाव आयोग ने निर्विरोध निर्वाचन का निर्णय लिया। दिलचस्प है कि कांग्रेस के नामांकन रद होने के तकनीकी कारण रहे, लेकिन बाकी बचे आठ प्रत्याशियों ने आखिर अपना नामांकन वापस क्यों ले लिया? क्या वे सब किसी दबाव में थे? या डम्मी उम्मीदवार थे? बचे प्रत्याशियों ने चुनाव लड़े क्यों नहीं? यह चिंतनीय है। नाम वापस लेने वालों में बसपा उम्मीदवार भी हैं। क्या बसपा के पास जवाब है कि उसके उम्मीदवार ने ऐसा क्यों किया? अच्छा होता वहां मुकाबला होता, जनता को अपने मतदान का अवसर मिलता। चुनाव आयोग को ऐसी सूरत से बचने के लिए कानूनी तौर पर कोई प्रावधान करना चाहिए, जिसमें मतदान के अधिकार से जनता वंचित न हो। क्या पता मतदाताओं का फैसला क्या होता? और आजकल तो नोटा विकल्प है, इसलिए एक प्रत्याशी की स्थिति में भी मतदान तो कराया ही जा सकता है। एक दशक पहले तक नोटा विकल्प नहीं था, पर अब है। लगता है चुनाव आयोग ने मतदान के नोटा समेत विभिन्न विकल्पों पर विचार ही नहीं किया। प्रत्याशी बनाम नोटा चुनाव तो हो ही सकते थे। कांग्रेस का आरोप कि लोकतंत्र खतरे में है, जो सरासर अनर्गल है। यह पहली बार नहीं है कि लोकसभा में उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हों। मुकेश दलाल बीते 12 साल में लोकसभा चुनाव में निर्विरोध जीत हासिल करने वाले पहले उम्मीदवार हैं। अरुणाचल प्रदेश में अभी विधानसभा चुनावों में भाजपा के 10 उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। 1951 से अब तक हुए संसदीय चुनाव में कम से कम 34 अन्य उम्मीदवारों को निर्विरोध जीत हासिल हुई थी। सपा की डिंपल यादव को 2012 में कन्नौज लोकसभा सीट के उपचुनाव में निर्विरोध जीत मिली थी। आम चुनाव में निर्विरोध जीत हासिल करने वालों में वाई.बी. चव्हाण, फारूक अब्दुल्ला, हरेकृष्ण महताब, टीटी कृष्णामाचारी, पीएम सईद और एससी जमीर शामिल हैं। अब तक कांग्रेस पार्टी के सबसे अधिक उम्मीदवारों ने लोकसभा चुनाव में निर्विरोध जीत हासिल की है। निर्विरोध निर्वाचन लोकतंत्र के खतरा नहीं है।



विश्लेषण
विवेक शुक्ला

भाजपा ने दक्षिण का किला फतेह करने के लिए इस बार अपने दो बेहद तेज–तर्रार मुख्यमंत्रियों क्रमशः योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ यह दोनों भी दक्षिण भारत में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में अहम रोल निभाने जा रहे हैं। कर्नाटक में भाजपा की पैठ मजबूत है। तमिलनाडु में एड़ी चोटी एक कर रही है। करेल में भाजपा तेजी से अपनी पकड़ मजबूत कर रही है। अमित शाह खुद वहां मेहनत कर रहे हैं। तेलंगाना में पार्टी ने काफी कोशिश की है, स्थानीय नेतृत्व खड़ा किया है। आंध्रप्रदेश में भाजपा व टीडीपी प पवन कल्याण की पार्टी में गठबंधन है। यह विनिंग गठबंधन है।

# दक्षिण में मजबूत होती भाजपा

पिछली 19 अप्रैल को तमिलनाडु की सभी 39 लोकसभा सीटों के लिए मतदान हो गया। तमिलनाडु में हिन्दू आबादी 87 फीसदी से अधिक है। इधर भाजपा को इस बार बेहतर प्रदर्शन करने का भरोसा है। भाजपा कोयंबटूर और कन्याकुमारी को छोड़कर राज्य में कहीं कोई बड़ी पकड़ नहीं बना सकी है। जानने वाले जानते हैं कि तमिलनाडु में भाजपा मजबूत नहीं हुई, इसका सबसे बड़ा कारण राज्य में नेतृत्व का अभाव रहा। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने इस धारणा को बदल दिया है और फिर पूर्व आईपीएस अधिकारी के. अन्नामलाई को तमिलनाडु का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद द्रविड़ पार्टी के प्रभुत्व वाले दक्षिणी राज्य में भाजपा की संभावनाएं काफी बढ़ गई हैं। अन्नामलाई राज्य में पार्टी के लिए जमीन तैयार करने में काफी हद तक सफल भी हुए हैं।

नरेन्द्र मोदी और अमित शाह लगातार अन्नामलाई के नेतृत्व को अपना समर्थन देते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के सघन दौरे किए। उनकी सभाओं में भारी जनसमूह उमड़ा। उन्हें सुना गया। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी जनता को विस्तार से दी। भाजपा को इस बार तमिलनाडु में मछुआरों, महिलाओं तथा समाज के अन्य वर्गों से वोट मिले हैं। भाजपा मतदाताओं के सामने भ्रष्टाचार और वंशवादी राजनीति के मुद्दों को लेकर गई। अन्नामलाई ने पूरे राज्य की पदयात्रा करके भाजपा के लिए माहौल बनाया। सात महीने की लंबी यात्रा का समापन स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। कोयंबटूर से खुद अन्नामलाई चुनावी मैदान में थे। अमित शाह का दावा है कि 4 जून को देश तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में भी चौंकाने वाले नतीजे देगी। दक्षिण भारत में लोकसभा की कुल मिलाकर 130 सीटें हैं। इसमें तमिलनाडु (39), कर्नाटक (28), आंध्रप्रदेश (25), तेलंगाना (17), केरल (20) और पुदुचेरी (1) शामिल हैं।

भाजपा ने दक्षिण का किला फतेह करने के लिए इस बार अपने दो बेहद तेज–तर्रार मुख्यमंत्रियों क्रमशः योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी है। यह दोनों ही अपने कुशल नेतृत्व के चलते उत्तर प्रदेश और गोवा को विकास की बुलंदियों पर लेकर जा रहे हैं। प्रमोद सावंत कर्नाटक में भाजपा के उम्मीदवारों के पक्ष में कैंपन कर रहे हैं। वे कर्नाटक में अपना भाषण कन्नड़ में देते हैं। योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत की अखिल भारतीय छवि बन चुकी हैं। योगी आदित्यनाथ पूर्व में कर्नाटक में कैंपन करते रहे हैं। उन्हें कर्नाटक का युवा, मेहनतकश और महिलाएं बहुत ध्यान से सुनती हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश को देश के सबसे विकसित होते राज्य की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। अगर बात प्रमोद सावंत की करें तो वे गोवा की स्थापित छवि को बदल रहे हैं। वे चाहते हैं कि गोवा को उसके समुद्री तटों, गिरिजाघरों के अलावा उसके समृद्ध अतीत के रूप में भी जाना जाए। गोवा को लेकर एक खास तरह की धारणा बना दी गई है, जबकि सच्चाई यह है कि गोवा सनातन भूमि है। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने पर्यटन संग आध्यात्मिक राष्ट्रवाद से गोवा को



विकसित बनाने का संकल्प लिया है। बेशक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ यह दोनों भी दक्षिण भारत में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में अहम रोल निभाने जा रहे हैं। बात कर्नाटक की करें तो यहां पर भाजपा बड़ी मौजूदगी है। भाजपा ने पहली बार 2008 में कर्नाटक में अपनी उपस्थिति दर्ज की थी। भाजपा तटीय कर्नाटक क्षेत्र में मजबूत है। कर्नाटक में भाजपा के मजबूत होने का एक और कारण जाति है। कर्नाटक में लिंगायत और ब्राह्मण हमेशा भाजपा का समर्थन करते हैं, जबकि वोक्कालिगा, दलित और अल्पसंख्यक या तो कांग्रेस या जनता दल (सेक्युलर) को वोट देते हैं। कर्नाटक वास्तव में भाजपा के लिए एक गढ़ है। यह भारत के दक्षिण में एक ऐसा राज्य है जहां भाजपा अपनी राजनीतिक पैठ बनाने में अकेले सक्षम है।

केरल में 54 फीसदी आबादी हिंदू है। यह दक्षिण भारत का एकमात्र राज्य है जहां किसी भी एक दल को अकेले राज्य विधानसभा में पूर्ण बहुमत नहीं मिलता। केरल का चुनाव गठबंधन से ही जीता जाता है। कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट है तो कम्युनिस्ट पार्टियों के नेतृत्व वाला लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट। भाजपा केरल में अपनी जगह बनाने में लगी है। भाजपा के खिलाफ केरल में यह प्रचार किया गया है कि यह हिंदी पार्टी है। स्थानीय स्तर पर भाजपा कैडर धार्मिक उन्मादियों से लड़ रहे हैं। केरल में ईसाई समुदाय तेजी से भाजपा की ओर आ रहा हैं। केरल का ईसाई समुदाय कैथोलिक और गैर कैथोलिक के बीच विभाजित है। कैथोलिक वेटिकन के साथ पूरी तरह नहीं जुड़े हैं। केरल में मोटे तौर पर 8 प्रमुख ईसाई समुदाय हैं। सबसे दिलचस्प बात यह है कि प्रत्येक ईसाई समुदाय के बीच दूसरे के साथ प्रतिद्वंद्विता है। ऑर्थोडॉक्स और जैकोबाइट के बीच लड़ाई सर्वोच्च न्यायालय तक पहुँच चुकी है। वहाँ कोई भी एक पार्टी पूरे ईसाइयों का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकती और अधिकांश ईसाई ऐतिहासिक रूप से कम्युनिस्ट विरोधी हैं।

कैथोलिकों के भीतर कुछ समुदायों ने धीरे-धीरे भाजपा को एक संभावित विकल्प के रूप में तलाशना शुरू कर दिया है। ईसाई समुदाय परंपरागत रूप से राजनीतिक शक्ति समीकरणों में एक प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं। वे लंबे समय तक सत्ता से बाहर रहना बर्दाश्त नहीं कर सकते, इसलिए उनसे तालमेल बिठा रहे हैं जिनके पास शक्ति है। पादरी वर्ग के कई सदस्य माकपा से मिले अपमानों को दृढ़ता से याद करते हैं और अपना भविष्य भाजपा के साथ देखते हैं। इस मामले में गृह मंत्री अमित शाह की सक्रियता देखेने लायक है, वह लगातार इन पादरियों के साथ बने हुए हैं। उनकी विशेष भूमिका केरल में भाजपा के लिए वरदान साबित हो सकती है।

इस बीच, 2019 के लोकसभा चुनाव में केरल में लगभग क्लीन स्वीप करने वाली कांग्रेस को इस बार सीपीएम और भाजपा दोनों तरफ से चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। दोनों की कांग्रेस के वोटबैंक पर नजर है। सीपीएम जहां कांग्रेस के मुस्लिम वोटबैंक में सेंध लगाने की कोशिश कर रही है, वहीं भाजपा ईसाई मतदाताओं को साधने में जी-जान लगा रही है। दोतरफा चुनौतियों से निपटने के लिए कांग्रेस संभल-संभल कर कदम बढ़ा रही है। 2019 में केरल में कांग्रेस अपने सहयोगियों के साथ 19 सीटें जीतने में सफल रही थी। सत्तारूढ़ सीपीएम के खाते में सिर्फ एक सीट आई थी। लोकसभा की 20 सीटों वाले केरल में भाजपा अभी तक खाता नहीं खोल पाई है। केरल में मुस्लिम 28 फीसदी और ईसाई लगभग 18 फीसदी हैं।

बहरहाल तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भाजपा दक्षिण भारत में बड़ी सफलता हासिल करने का ख्वाब देख रही है। अगर उसका ख्वाब सच हुआ तो उसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति के साथ-साथ योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को भी श्रेय देना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

पहला चरण
योगेश सोनी



# कम वोटिंग चिंताजनक, मतदान प्रतिशत बढ़ाने की जरूरत

चुनावों का महासंग्राम जारी है। पहले चरण की वोटिंग भी हो चुकी है जिसमें पहले की अपेक्षा कम वोटिंग हुई है। पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग हुई। सभी सीटों पर 62.37 फीसदी मतदान हुआ। सबसे ज्यादा वोटिंग लक्षद्वीप में 83.88 फीसदी हुई, उसके बाद त्रिपुरा में 80.17 फीसदी हुई। पश्चिम बंगाल में 77.57 प्रतिशत, मेघालय में 74.21 प्रतिशत, पुडुचेरी में 73.50 प्रतिशत और असम में 72.10 प्रतिशत मतदान हुआ। अगर 2019 में हुए मतदान के पहले चरण से तुलना की जाए तो इस बार पहले फेज में कम वोटिंग हुई है। वर्ष 2019 में पहले चरण में करीब 66 फीसदी वोटिंग हुई थी। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की चर्चा करें तो आठ सीटों पर लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 60.59 प्रतिशत मतदान हुआ। वर्ष 2019 के मुकाबले पहले चरण की इन सीटों पर करीब 5.9 फीसदी कम वोट पड़े हैं। अपेक्षाकृत कम मतदान की वजह से नतीजों को लेकर सियासी दलों की धुकधुकी भी बढ़ गई है। हालांकि इसके अलावा भी हर जगह के आंकड़े बताने के लिए हैं लेकिन सवाल सवाल यह है कि आखिर जिस ऊर्जा से साथ पक्ष-विपक्ष चुनाव प्रचार कर रहा है उस स्तर पर लोग वोट डालने में रुचि क्यों नहीं ले रहे? इसके पीछे हर किसी की अलग-अलग मंशा या वजह हो सकती है लेकिन जनता का लोकतंत्र के इतने बडे महापर्व में अपनी भागीदारी न निभाना लोकतंत्र के गलत संदेश देने जैसे है।

बीते कई वर्षों से हम समझ व देख रहे हैं कि हमारे एक वोट की कीमत है लेकिन न जाने हम इसको किस आधार पर हल्के में ले लेते हैं। स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है कि जितना लोग सोशल मीडिया पर अपनी जागरूकता दिखाते हैं उतनी हकीकत में नही। तमाम लोग अपना समर्थन अपनी-अपनी पसंदीदा पार्टी व नेता को खुलेआम देते हैं लेकिन उसका फायदा नेता या आपको तभी तो मिलेगा जब उसके लिए वोट डालकर अपनी शक्तियों का प्रयोग करेगें। एक आंकड़े के अनुसार देश में 18 साल की उम्र पूरी करने वाले युवाओं में से महज 38% ने 2024 के चुनावों के लिए खुद को मतदाता के रूप में रजिस्टर्ड कराया है।राजनीतिक विशेषज्ञ इस घटनाक्रम से चिंतित हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या युवाओं की लोकतंत्र में रुचि खत्म हो गई है? या वह वोट डालना व्यर्थ मानने लगे।उत्तर प्रदेश बिहार व दिल्ली में, हाल ही में 18 साल पूरा करने वाले युवाओं में से 25% से भी कम ने खुद को मतदाता के रूप में रजिस्टर्ड कराया है। यह संख्या बिहार 17% के साथ सबसे कम है, लेकिन राजनीतिक रूप से सक्रिय महाराष्ट्र की स्थिति भी 22% वोटर रजिस्ट्रेशन के साथ बहुत बेहतर नहीं है। वोट वाले दिन की छुट्टी को वह एंजॉय करना चाहते हैं और उनको लगता है कि वोट डालना तो बुजुर्गों व खाली लोगों का काम हैं। लेकिन युवा बहुत बड़ी गलतफहमी में हैं चूंकि वह यह नही समझ पा रहे कि एक तथ्यहीन भविष्य का निर्माण कर रहे हैं।

आज वह अपने वोट की कीमत नही समझ रहे तो आने वाले समय में आने वाली पीढ़ी के लिए भी इसकी गंभीरता खत्म कर देंगे। हम इस बात को जानते हैं कि भारत युवाओं का देश हैं और सबसे ज्यादा युवा भी हमारे यहां ही हैं। पूरा जिंदगी पड़ी होती है मौज-मस्ती के लिए लिए मात्र एक घंटा निकाल कर वोट डालना उनको बहुत भारी लगता है।युवा चर्चा तो ऐसे करते हैं मानो वह अपनी पूर्ण रूप से स्थिति दर्ज कराएंगे लेकिन चुनाव वाले दिन बिल्कुल गायब हो जाते हैं। अब से दशकभर पूर्व भी जो युवा पहली बार वोट डालते थे वह वोटिंग वाले दिन को बहुत उत्साहित तरीके से जीते थे और उनको लगता था यह दिन उनके लिए बेहद विशेष हैं, लेकिन अब धीरे-धीरे रफ्तार कम होने लगी जो लोकतंत्र के लिए घातक है। दरअसल अब दौर बिना किसी की गुणवत्ता की जांच के आधार पर चल पड़ा और भेड़चाल का ट्रेंड ज्यादा है। यदि किसी ने कॉलेज या ऑफिस में कह दिया वह तो चुनाव वाले दिन बाहर जा रहा है तो अधिकतर लोग उसको ही फॉलो करने लगते हैं और अपने वोट को व्यर्थ करने में बिल्कुल भी नही हिचकिचाते। जितनी ऊर्जा कॉलेज या अन्य किसी भी तरह के चुनाव में देखने को मिलती है उतनी उपस्थिति वह चुनावों में दर्ज नही करवा पा रहे। देखा जा रहा है कि चुनाव पहले से ज्यादा रोमांचक होते जा रहा है जिसका सबसे बडा कारण सोशल मीडिया माना जाता है चूंकि हर छोटी व बड़ी घटना तुरंत आपके मोबाइल पर आ जाती है कि जिससे किसी भी पार्टी व नेता का घटना अनुसार सकारात्मक व नकारात्मक तस्वीर बन जाती है। यदि आप देश के भविष्य के लिए जागरूक हैं तो यह बहुत जरूरी है कि मतदान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लें।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# प्रेम व स्नेह के साथ मार्गदर्शन करती हैं मां जगदंबा



संकलित
दर्शन

इस जगत की प्रत्येक वस्तु, चर या अचर का मूल स्रोत एक निगूढ़ शक्ति है, जो तर्क और बुद्धि की सीमा के परे है! कोई पूछे कि यह शक्ति स्त्रीलिंग है या पुंल्लिंग, तो उत्तर के स्त्रीलिंग होने की संभावना अधिक है। जैसे एक नए जीवन को गढ़ने के लिए सहनशीलता, धैर्य, करुणा और क्षमता एक मां में ही होती है, वैसे ही विश्वमातृत्व की अनंत शक्ति ही इतने महत एवं विशाल जगत को जन्म दे सकती है। नवरात्र में, पहले तीन दिन दुर्गा देवी की उपासना की जाती है, फिर अगले तीन दिन लक्ष्मी देवी की और अंतिम के तीन दिन सरस्वती देवी की! देवी के ये तीन रूप क्रमशः तीन गुणों के प्रतीक हैं-तमोगुण, रजोगुण और सतोगुण। यहां हम आश्चर्य में पड़ सकते हैं कि दुर्गा देवी तम की प्रतीक क्यों? भौतिक जगत में रहते हुए थोड़े-बहुत तमोगुण की भी आवश्यकता होती है। तमस पर्याप्त न हो तो हम ठीक से सो भी नहीं पाएंगे। आज कितने लोग अनिद्रा से ग्रस्त नींद की गोलियों के आदी हैं? क्यों उन्हें ठीक से नींद नहीं आती? क्योंकि उनके शरीर में तमस की कमी है। अतः वे अपने शरीर में कृत्रिम रूप से तमस का निर्माण करते हैं! बीच के तीन दिन, देवी की पूजा लक्ष्मी रूप में होती है-रजोगुण के रूप में, जिसकी आवश्यकता किसी भी कार्य को करने में होती है। पैसा कमाना हो, चाहे कोई इच्छा पूरी करनी हो। शरीर में अत्यधिक या अति न्यून रजोगुण होना भी समस्याएं खड़ी करता है। अत्यधिक रजोगुण होगा तो ठीक से सोच भी नहीं सकते और शांति-विश्रांति भी दूर रहती है! फिर तनाव, चिंता और उच्च रक्तचाप हो जाता है।


# कर्ण की युद्ध में धर्म-नीति निष्ठा



संकलित
प्रेरणा

कर्ण कौरवों की सेना में होते हुए भी महान धर्मनिष्ठ योद्धा थे। भगवान श्रीकृष्ण तक उनकी प्रशंसा करते थे। महाभारत युद्ध में कर्ण ने अर्जुन को मार गिराने की प्रतिज्ञा की थी। उसे सफल बनाने के लिए खंडव वन के महासर्प अश्वसेन ने इसे उपयुक्त अवसर समझा। अर्जुन से वह शत्रुता तो रखता था, पर काटने का अवसर नहीं मिलता था। वह बाण बनकर कर्ण के तरकस में जा घुसा। अश्वसेन वाला बाण भी चला, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने वस्तुस्थिति को समझा और रथ-घोड़े जमीन पर बिठा दिए। बाण मुकुट काटता हुआ ऊपर से निकल गया। असफलता पर अश्वसेन प्रकट हुआ और कर्ण से बोलाः अबकी बार अधिक सावधानी से बाण चलाना। इस पर कर्ण को भारी आश्चर्य हुआ। उसने उस कालसर्प से पूछाः आप कौन हैं? सर्प ने कहाः अर्जुन ने एक बार खण्डव वन में आग लगाकर मेरे परिवार को मार दिया था। इसलिए उसीका प्रतिशोध लेने के लिए मैं व्याकुल रहता हूँ। उस तक पहुँचने का अवसर न मिलने पर आपके तरकस में बाण के रूप में आया हूँ। कर्ण ने उसकी सहायता के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए वापस लौट जाने के लिए कहाः भद्र, मुझे अपने ही पुरुषार्थ से नीति युद्ध लड़ने दीजिए। आपकी अनीतियुक्त सहायता लेकर जीतने से तो हारना अच्छा है। कालसर्प कर्ण की नीति-निष्ठा को सराहता हुआ वापस लौट गया। उसने कहाः कर्ण तुम्हारी यह धर्मनिष्ठा ही सत्य है, जिसमें अनीतियुक्त पूर्वाग्रह को छद्म की कहीं स्थान नहीं।

## अंतर्मन





## आज की पाती

### सर्वकल्याण के पथ पर चले थे भगवान महावीर स्वामी

भगवान महावीर का कुण्डलपुर में महाराज सिद्धार्थ के घर–आँगन में पुण्यवती माता त्रिशला की कुक्षी से जन्म हुआ। भगवान महावीर के जन्म से पूर्व स्थितियाँ थीं, वे सचमुच अत्यन्त दयनीय थीं। हिंसा, असत्य, शोषण, जातिवाद, पंथवाद आदि के दुश्चक्रों से हर व्यक्ति आहत था। भगवान महावीर के अवतरण से आहत जन–मानस को पर्याप्त राहत मिली। वे धर्म के दैदीप्यमान दिवाकर के रूप में इस धरा पर उदित हुए। उन्होंने सम्पूर्ण संसार में इस तरह का दिव्य आलोक प्रदान किया कि अज्ञान और अविवेक का जो चतुर्दिक अंधकार परिव्याप्त था, वह समाप्त हो गया। वातावरण में एक नई चेतना का संचार हुआ। महावीर सचमुच महावीर थे। उनकी करूणा अथाह थी। – *कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### प्रेरणा मिलेगी



भारत को फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने डी गुकेश पर गर्व है। टोरंटो में हुए टूर्नामेंट में गुकेश की उपलब्धि उनकी असाधारण प्रतिभा द्योतक है। उनके असाधारण प्रदर्शन और शीर्ष तक के सफर से लाखों को प्रेरणा मिलेगी।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### जश्न मनाएं



मैं और जिल जैन धर्म के लोगों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं देते हैं। आइए आज हम सब मिलकर महावीर स्वामी के मूल्यों को अपनाएं और प्यार, खुशी फैलाकर उनका जश्न मनाएं।
-जो बाइडन, अमेरिकी राष्ट्रपति

### प्रधानमंत्री चुप क्यों



उन्हें एक सीधे से सवाल का जवाब भी देना चाहिए। 1951 से हर दस साल के बाद जनगणना होती है। इसे 2021 में कराया जाना चाहिए था लेकिन आज तक किया नहीं गया। इस पर प्रधानमंत्री चुप क्यों हैं?
-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता

### सीएए मूल्यों के खिलाफ



दुनिया के किसी भी सभ्य देश ने नागरिकता का आधार धर्म को नहीं बनाया है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार का विवादित नागरिकता (संशोधन) कानून (सीएए) देश के धर्मनिरपेक्ष मूल्यों के खिलाफ है।
-पिनराई विजयन, मुख्यमंत्री, केरल

## करंट अफेयर

# चिकित्सा उत्पाद क्षेत्र में भारत की भूमिका अद्वितीय




अमेरिका के खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) के प्रमुख ने हर साल आयोजित किये जाने वाले भारत–अमेरिका बायोफार्मा एवं स्वास्थ्य देखभाल शिखर सम्मेलन से पहले कहा कि चिकित्सा उत्पाद क्षेत्र में भारत की भूमिका एक अद्वितीय अवसर और एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का प्रतिनिधित्व करती है। भारत–अमेरिका बायोफार्मा एवं स्वास्थ्य देखभाल शिखर सम्मेलन इस सप्ताह के अंत तक बोस्टन में आयोजित किया जाएगा। 'यूएसए इंडिया चैंबर ऑफ कॉमर्स' द्वारा आयोजित दोनों देशों के इस वार्षिक सम्मेलन के 18वें संस्करण में एफडीए के प्रमुख डॉ. रॉबर्ट कैलिफ मुख्य वक्ताओं में से एक होंगे। 'यूएसए इंडिया चैंबर ऑफ कॉमर्स' ने रविवार को एक बयान में बताया कि एक दिवसीय शिखर सम्मेलन के दौरान डॉ. कैलिफ पिछले साल सितंबर में की गई भारत की अपनी महत्वपूर्ण यात्रा के बारे में जानकारी साझा करेंगे। डॉ. कैलिफ ने कहा, 'मैंने हाल में भारत का दौरा किया था, जिसका प्रमुख उद्देश्य हमारे देशों और शेष विश्व के लिए जरूरी चिकित्सा उत्पादों को विकसित करना और उनकी उपलब्धता को बढ़ाने के लिए हमारे सामूहिक प्रयासों को मजबूत करना है।'

## ऑफ बीट

# डेंगू से निपटने एक नया समाधान होगा कारगर

जलवायु परिवर्तन के चलते मौसम में आए बदलाव के कारण मच्छर जानलेवा बीमारियां फैला रहे हैं। एक बैक्टीरिया आधारित समाधान इससे निपटने में



अहम साबित हो सकता है। डेंगू के बुखार के कारण दुनियाभर में लोगों की मौतें हो रही हैं तथा जलवायु परिवर्तन इस स्थिति को और बदतर बना रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने 2023 में 80 से अधिक देशों में डेंगू के 50 लाख से अधिक मामले और 5,000 से अधिक मौतें दर्ज कीं जो कि रिकॉर्ड रखने से लेकर अब तक का सबसे गर्म साल रहा। करीब 80 प्रतिशत यानी 41 लाख मामले अमेरिका में और ब्राजील में 16 लाख से अधिक मामले आए। आश्चर्यजनक रूप से ब्राजील में इस साल महज तीन महीनों में ही यह आंकड़ा पार हो गया है। इन चौंका देने वाले आंकड़ों का मतलब है कि मच्छर जनित बीमारियों के खिलाफ लड़ाई तेज हो रही है। लेकिन इस लड़ाई में हमारे स्वास्थ्य की रक्षा के लिए कुछ हथियारों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इंडोनेशिया में सरकार पांच शहरों में डेंगू के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए बैक्टीरिया की एक प्रजाति वोल्बाचिया के साथ मच्छरों के उपयोग से संबंधित एक कार्यक्रम चला रही है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोनः 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेलः haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइटः www.haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 23 अप्रैल 2024 चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा | वर्ष : 24, अंक : 30 | पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 5.00*** haribhoomi.com


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




**9** अंक से रहे शीर्ष पर | **14** चरण में हुआ खेल | **40** साल पुराना रिकॉर्ड टूटा

"बहुत राहत महसूस कर रहा हूं। मैं फेबियानो कारुआना और इयान नेपाम्नियाश्चि के बीच मैच देख रहा था। इसके बाद टहलने चला गया जिससे मदद मिली।" -डी गुकेश

## विश्व चैंपियनशिप खिताब, कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीता

# गुकेश शह और मात के नए चैंपियन 17 साल की उम्र में रच दिया इतिहास

एजेंसी ▶▶| टोरंटो

भारत के 17 वर्ष के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया और वह विश्व चैंपियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बन गए। उन्होंने 40 साल पुराना गैरी कास्पोरोव का रिकॉर्ड तोड़ा। गुकेश ने 14वें और आखिरी दौर में अमेरिका के हिकारू नकामूरा से ड्रॉ खेला। विश्व चैंपियन के चैलेंजर का निर्धारण करने वाले इस टूर्नामेंट में उनके 14 में से नौ अंक रहे। वह साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देंगे। चेन्नई के रहने वाले गुकेश ने कास्पोरोव का रिकॉर्ड भी तोड़ा। कास्पोरोव 1984 में 22 साल के थे जब उन्होंने रूस के ही अनातोली कारपोव को विश्व चैंपियनशिप खिताब के लिए चुनौती दी थी।

खास खबर

### 78.5 लाख का ईनाम मिला

गुकेश को 88500 यूरो (78.5 लाख रुपए) ईनाम के तौर पर भी मिले। इस टूर्नामेंट की कुल ईनामी राशि पांच लाख यूरो है। वह यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीतने वाले विश्वनाथन आनंद के बाद दूसरे भारतीय बन गए। पांच बार के विश्व चैंपियन आनंद ने 2014 में खिताब जीता था।

### ड्रॉ की थी जरूरत

गुकेश को जीत के लिए ड्रॉ की ही जरूरत थी और उन्होंने नकामूरा के खिलाफ कोई कोताही नहीं बरती। दोनों का मुकाबला 71 चालों के बाद ड्रॉ पर छूटा। दूसरी ओर कारुआना और नेपाम्नियाश्चि की बाजी भी ड्रॉ रही। अगर दोनों में से कोई जीतता तो टाइब्रेक होता। कारुआना, नेपाम्नियाश्चि और नकामूरा तीनों के 8.5 अंक रहे और वे संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे।




### कौन हैं डी गुकेश

गुकेश डी का पूरा नाम डोमाराजू गुकेश है और वे चेन्नई के रहने वाले हैं। गुकेश का जन्म चेन्नई में 7 मई 2006 को हुआ था। उन्होंने 7 साल की उम्र में ही शतरंज खेलना शुरू कर दिया था। उन्हें शुरू में भास्कर नागैया ने कोचिंग दी थी। नागैया इंटरनेशनल स्तर के चेस खिलाड़ी रहे हैं और चेन्नई में चेस के होम ट्यूटर हैं। इसके बाद विश्वनाथन आनंद ने गुकेश को खेल की जानकारी देने के साथ कोचिंग दी। गुकेश के पिता डॉक्टर हैं और मां पेशे से माइक्रोबायोलोजिस्ट हैं।

### 5वें स्थान पर रहे प्रज्ञानानंदा



भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा सात अंक लेकर पांचवें स्थान पर रहे जिन्होंने अजरबैजान के निजात अबासोव को हराया। विदित गुजराती ने फ्रांस के फिरोजा अलीरजा से ड्रॉ खेला और वह छठे स्थान पर रहे। अलीरजा सातवें और अबासोव आठवें स्थान पर रहे।

### पीएम मोदी ने दी बधाई



'फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने डी गुकेश पर गर्व है। टोरंटो में हुए टूर्नामेंट में गुकेश की शानदार उपलब्धि उनकी असाधारण प्रतिभा और समर्पण की द्योतक है। उनके असाधारण प्रदर्शन और शीर्ष तक के सफर से लाखों को प्रेरणा मिलेगी।'
**-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**



'डी गुकेश को सबसे युवा चैलेंजर बनने पर बधाई। आपकी उपलब्धि पर गर्व है। मुझे निजी तौर पर तुम पर बहुत गर्व है जिस तरह से तुमने कठिन हालात में खेला। इस पल का मजा लो।'
**विश्वनाथन आनंद**


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## लाखों के इनामी नक्सलियों में कई महिलाएं भी

# 29 नक्सलियों को मार गिराने वाले जांबाजों में बंटेगी करीब दो करोड़ के इनाम की राशि

*छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में मारे गए सभी 29 नक्सलियों पर पुलिस ने उनके अपराध के हिसाब से इनाम घोषित कर रखा था। इन नक्सलियों के खिलाफ कुल मिलाकर 1 करोड़ 85 लाख 55 हजार से अधिक की राशि का इनाम घोषित था। इस राशि में नक्सलियों के कब्जे से बरामद हथियारों की राशि 7 लाख 55 हजार रुपए भी शामिल है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने हरिभूमि को बताया है कि इस नक्सल विरोधी अभियान में जितने भी पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे, उन्हें उनकी भूमिका के अनुरूप इनाम की राशि में से हिस्सा दिया जाएगा।

कांकेर जिले के थाना छोटे बेटिया के कलपर क्षेत्र में यह नक्सली मुठभेड़ की घटना 16 अप्रैल को हुई थी। इस घटना में 29 नक्सली मारे गए थे। इनमें पुरुषों के अलावा महिला नक्सली भी शामिल थीं। इस घटना के संबंध में जानकारों का दावा है कि यह देश की पहली ऐसी मुठभेड़ है, जिसमें इतनी बड़ी संख्या में नक्सली मारे गए हैं। इससे पहले गढ़चिरौली महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में पुलिस के साथ मुठभेड़ में 26 नक्सलियों की मौत हुई थी। यह घटना महाराष्ट्र के पूर्वी जिले गढ़चिरौली में मुंबई से 900 किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित है। इसी तरह ओडिशा के रामगढ़ में 2016 में हुई मुठभेड़ में 27 नक्सलियो को मारने का रिकार्ड बना था।

हरिभूमि फॉलोअप

### एके 47, इंसास सहित कई हथियार भी बरामद


नक्सलियों पर फोर्स का सबसे बड़ा अटैक

मार गिराए 29

इनमें टॉप कमांडर भी

गृहमंत्री बोले-हम शांति चाहते हैं, चाहे उसके लिए कुछ भी करना पड़े

सुकमा, बीजापुर और कांकेर में 3 माह में 79 नक्सली ढेर

### सबसे बड़ा इनामी 11 लाख का

*कांकेर जिले में 16 अप्रैल को हुई नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में मारा गया शंकर राव भारत की कम्युनिस्ट पार्टी माओवादी का डीवीसी सदस्य और उत्तर बस्तर डिवीजन मास प्रभारी था। उस पर 8 लाख रुपए का इनाम था। उसके पास से एके 47 बंदूक बरामद की गई थी। इसी तरह पुलिस कार्रवाई में मारा गया रवी उर्फ बचून भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माओवादी के पीपीसीएम एसएमसी दस्ते का कमांडर था। वह ग्राम औकेमपाल थाना गंगालूर जिला बीजापुर में सक्रिय होकर वारदातों में शामिल था, उस पर 10 लाख रुपयों का इनाम घोषित था।*


मुठभेड़ स्थल पर बिखरे मिले संघर्ष के सबूत

### कई नक्सली लाखों के इनामी थे

*इस मुठभेड़ में मारे गए कई नक्सली ऐसे हैं जिन पर पांच से आठ लाख रूपए तक का इनाम घोषित था। इनमें पुरूषों के अलावा महिलाएं भी शामिल थी। एक महिला नक्सली रीता सलामे भी इनमें शामिल थी, जो नक्सलियों के लिए डॉक्टर का काम करती थी। उस पर पांच लाख रुपए का इनाम था, उसके कब्जे से इसांस रायफल मिली है, रायफल पर इनाम डेढ़ लाख रुपए था। इसी तरह विनोद गावड़े पर पांच लाख रुपए का इनाम था उसके कब्जे से एसएलआर रायफल मिली है जिसकी कीमत डेढ़ लाख रूपए आंकी गई है। सुखलाल उर्फ पद्दा भी पांच लाख का इनामी और उसके कब्जे से सिंगल शॉट बंदूक मिली है जो 30 हजार रुपए की है। रमेश ओयाम आठ लाख रुपए का इनामी, बदरू बाडसे 8 लाख का इनामी था उसके कब्जे से 303 रायफल मिली जो 75 हजार रुपए की है। अनिता उसेंडी एक महिला नक्सली जो 8 लाख रूपए की इनामी थी। रंजीता पांच लाख की इनामी, गीता पांच लाख,सुरेखा, कविता, रोशन उर्फ कोसला कार्तिक उर्फ सोनू, शर्मिला पर एक-एक लाख का इनाम था। गीता कर्मा, भुमे उर्फ सुनीता,लालू उर्फ अविनाश, बजनात पद्दा, जैनी उर्फ जेन्नी, जीनू उर्फ गुड्डु, सुनिला मडकाम, सीताल उर्फ सीताराम, राजू कुरसम, शीला उर्फ शीलो और देवाल पर 8-8 लाख का इनाम था। पिंटू उर्फ पिंटो दो लाख का इनामी था।*

# पीएम मोदी की आज सक्ती-धमतरी में सभा राजभवन में रात्रि विश्राम

- पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ में रहेंगे 22 घंटों तक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को छत्तीसगढ़ में दो सभाएं होंगी। पहली सभा सक्ती और दूसरी धमतरी में होगी। इसके बाद प्रधानमंत्री धमतरी से रायपुर लौटकर राजभवन में रात गुजारेंगे और दूसरे दिन बुधवार को सरगुजा में सभा करने के बाद ही वापस जाएंगे। अपने 10 साल के कार्यकाल में पहली बार प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ में रात को रुक रहे हैं, साथ ही यहां पहली बार 22 घंटों तक रहेंगे। वे मंगलवार को करीब 12 बजे पहुंचेंगे और बुधवार को सुबह 9 बजे सरगुजा में सभा करने के बाद करीब 10 बजे यहां से वापस जाएंगे। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने छत्तीसगढ़ में पूरी ताकत ▶▶|शेष पेज 3 पर

### मोदी की आज दो सभाएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंगलवार को दो सभाएं होंगी। श्री मोदी विशेष विमान से रायगढ़ पहुंचेंगे। यहां से हेलीकॉप्टर द्वारा सक्ती पहुंचेंगे और वहां उनकी दोपहर 1 बजे सभा होगी। सभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा, प्रदेश के मंत्री ओपी चौधरी, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव भी रहेंगे। इस सभा के बाद श्री मोदी हेलीकॉप्टर से ▶▶|शेष पेज 3 पर

### मोदी से मिलने वाले होंगे गिनती के

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धमतरी की सभा के बाद हेलीकॉप्टर से रायपुर विमानतल पहुंचेंगे। यहां पर उनका स्वागत भाजपा नेता करेंगे। यहां से उनका काफिला सड़क मार्ग से राजभवन पहुंचेगा। श्री मोदी रात को राजभवन में रुकेंगे। इस बीच उनसे मिलने वालों की संख्या गिनती की होगी। पीएम से मिलने वालों के नाम पीएमओ से ही तय होंगे। वहां से जिनके नामों को हरी झंडी मिलेगी, वही उनसे मिल सकेंगे। संभावना है कि ▶▶|शेष पेज 3 पर

## खबर संक्षेप

### कार-एसयूवी की टक्कर में दो की मौत, 11 घायल



**खरगोन।** मप्र के खरगोन जिले में एक कार और एसयूवी की टक्कर में 65 वर्षीय एक महिला और उसके बेटे की मौत हो गई और 11 अन्य लोग घायल हो गए। दुर्घटना रविवार और सोमवार की दरमियानी रात करीब ढाई बजे कोतवाली पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिस्टान रोड पर हुई।

### यूरोप के लिए भारतीयों को पांच साल वीजा



**नई दिल्ली।** यूरोपीय आयोग द्वारा मौजूदा नियमों में कुछ बदलाव किए जाने से यूरोप जाने वाले भारतीय यात्री अब पांच साल तक के बहु-प्रवेश शेंगेन वीजा के लिए आवेदन कर सकेंगे। भारत में यूरोपीय संघ के राजदूत हर्वे डेल्फिन ने नयी वीजा व्यवस्था को दोनों पक्षों के बीच लोगों से लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने की दिशा में एक और कदम बताया।

### 26 अप्रैल के बाद फिर बदलेगा मौसम



**नई दिल्ली।** दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में आग बरस रही है। हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर और लद्दाख के कुछ इलाकों में पारा माइनस 15 डिग्री पर बना हुआ है। वैज्ञानिकों के मुताबिक इस महीने के अंत तक मौसम के ऐसे ही बने रहने का अनुमान लगाया गया है।

### केंद्रीय अर्धसैनिक बल ने बढ़ाया भत्ता



**नई दिल्ली।** केंद्रीय अर्धसैनिक बल 'सीआरपीएफ' और 'आईटीबीपी' ने इस आधार पर अपने जवानों के कई भत्तों में वृद्धि कर दी। इन भत्तों में 25 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। केंद्रीय बलों के जिन भत्तों में वृद्धि की गई है, उनमें चिल्ड्रन एजुकेशन अलाउंस, होस्टल सब्सिडी शामिल है।

### 24 हजार शिक्षकों की भर्ती रद्द, लौटानी होगी सैलरी



**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में सोमवार को अहम फैसला सुनाया। आज के फैसले से 24,640 शिक्षकों की नौकरियां चली गईं। अब उन्हें सैलरी भी लौटानी होगी। राज्य स्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की भर्ती प्रक्रिया के जरिए हुई थी।

# किसानों से रिश्वत, एसीबी ने मैनेजर और कैशियर को रंगे हाथ पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

- पाली स्थित जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक का मामला
- 5 लाख आहरण के एवज में 5 हजार रुपए ली जा रही थी रिश्वत

पाली स्थित जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक के मैनेजर व कैशियर की मिलीभगत से किसानों की गाढ़ी कमाई को निकालने के बदले किसानों से पांच-पांच हजार रुपए की रिश्वत ली जा रही थी। इसकी भनक एंटी करप्शन ब्यूरो को लगी तो एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बैंक में छापामार मारकर बैंक मैनेजर व कैशियर को रंगेहाथों गिरफ्तार कर लिया। पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डोंगरी बतरा निवासी कृषक राममनोहर यादव से जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा पाली में उसके द्वारा बेचे गये धान का भुगतान, जो लगभग 5 लाख ▶▶|शेष पेज 3 पर

### कोरबा शाखा में तीन बजे गेट बंद

जिला सहकारी बैंक की कोरबा शाखा में किसानों की भीड़ होने के कारण बैंक प्रबंधन द्वारा दोपहर 3 बजे ही गेट बंद कर दिया जाता है। उसके बाद किसी भी किसान को बैंक के अंदर नहीं जाने दिया जाता। जबकि किसान 50 से 60 किमी दूर से पैसा निकालने बैंक पहुंचते हैं। सुबह 10.30 बजे पहुंचने के बाद ही 3 बजे किसानों का नंबर आता है।अगर किसान 11 बजे के बाद पहुंचे तो 3 बजे तक उनका नंबर नहीं आता और बैंक प्रबंधन 3 बजे गेट बंद कर देता है। जिससे किसान बैरंग वापस लौट जाते हैं। बैंक प्रबंधन के इस रवैये को लेकर किसानों में आक्रोश व्याप्त है वहीं आम ग्राहक भी 3 बजे के बाद बैंक से अपना लेनदेन नहीं कर पाते।

### सभी ब्रांचों में चल रहा कमीशन का खेल

जिले में सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक की कुल 8 शाखाएं संचालित हैं जिनमें 6 शाखा से ही लेनदेन होता है। एनटीपीसी और बालको की सहकारी बैंक शाखा डिपॉजिट शाखा है जहां लेनदेन नहीं होता है। शेष 6 शाखा कोरबा, पाली, पोड़ी उपरोड़ा, कटघोरा, हरदीबाजार, बरपाली में चलने वाले सहकारी बैंक की शाखा में किसानों से लेनदेन का कार्य होता है। इन सभी 6 शाखाओं में किसानों को धान का पैसा निकालने के लिए कमीशन देना पड़ता ▶▶|शेष पेज 3 पर

## वेंकैया, मिथुन, उषा और राम नाइक को पद्म पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया सम्मानित

*इन्हें पद्म विभूषणः पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक बिंदेश्वर पाठक और प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना पद्मा सुब्रमण्यम को पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। पाठक को मरणोपरांत यह पुरस्कार दिया गया।*



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यहां राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, गायिका उषा उत्थुप, यूपी के पूर्व राज्यपाल राम नाइक और उद्योगपति सीताराम जिंदल को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस जयशंकर सहित अन्य लोग उपस्थित थे। सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक बिंदेश्वर पाठक समेत कई अन्य दिग्गज हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किए।

# रेप पीड़िता को 30 हफ्ते के गर्भ को गिराने की इजाजत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



- सुप्रीम कोर्ट ने रद्द किया मुंबई हाईकोर्ट का फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने करीब 30 सप्ताह की गर्भावस्था वाली 14 वर्षीय बलात्कार पीड़िता को चिकित्सकीय गर्भपात कराने की अनुमति देते हुए सोमवार को कहा कि किशोरी का कल्याण सर्वोच्च महत्व रखता है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने ▶▶|शेष पेज 3 पर

### 24 सप्ताह है गर्भपात की सीमा

विवाहित महिलाओं के साथ-साथ विशेष श्रेणियों की महिलाओं के लिए भी गर्भावस्था को समाप्त करने की ऊपरी सीमा 24 सप्ताह है।

### कोर्ट ने दिया जांच का आदेश

शीर्ष अदालत ने 19 अप्रैल को नाबालिग की चिकित्सकीय जांच का आदेश दिया था। उसने मुंबई के सायन स्थित अस्पताल से इस संबंध में रिपोर्ट देने को कहा था कि अगर पीड़िता चिकित्सकीय रूप से गर्भपात कराती है या उसे ऐसा न करने की सलाह दी जाती है तो इसका उसकी शारीरिक और मनोवैज्ञानिक स्थिति पर क्या असर पड़ने की संभावना है।

## अन्य उम्मीदवारों ने वापस लिया नाम, भाजपा के मुकेश निर्विरोध निर्वाचित

# कांग्रेस का नामांकन रद्द, सूरत में खिला पहला 'कमल'

एजेंसी ▶▶| सूरत

गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन पत्र रद्द होने और अन्य उम्मीदवारों के नाम वापस लिए जाने के बाद सोमवार को भाजपा के उम्मीदवार मुकेश दलाल को इस सीट से निर्वाचित घोषित कर दिया गया। दलाल निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं, जहां पर सात मई को मतदान होना था। सूरत जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार दलाल को छोड़कर सूरत लोकसभा सीट के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने वाले सभी ▶▶|शेष पेज 3 पर

खास खबर

### कांग्रेस का नामांकन हो गया था रद्द

सूरत जिला निर्वाचन अधिकारी ने सूरत लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी नीलेश कुम्भाणी का नामांकन रद्द कर दिया है। कारण तीन प्रस्तावकों के हस्ताक्षर के सत्यापन में खामी बताया गया है। रमेश ने कहा, कुछ इसी तरह का कारण बताकर अधिकारियों ने सूरत से कांग्रेस के वैकल्पिक उम्मीदवार सुरेश पडसाला के नामांकन को खारिज कर दिया। कांग्रेस का कोई उम्मीदवार नहीं रह गया है। भाजपा प्रत्याशी मुकेश दलाल को छोड़कर बाकी सभी उम्मीदवारों ने अपना नामांकन वापस ले लिया है।



### कलेक्टर ने सौंपा प्रमाण पत्र

जिलाधिकारी सह चुनाव अधिकारी सौरभ पारधी ने दलाल को निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र सौंपने के बाद मीडियाकर्मियों से कहा, मैं घोषणा करता हूं कि भाजपा उम्मीदवार मुकेश कुमार चंद्रकांत दलाल को सूरत संसदीय क्षेत्र से सदन के लिए विधिवत निर्वाचित घोषित किया जाता है।

### कांग्रेस का आरोप

कांग्रेस ने दावा किया कि भाजपा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उपक्रमों (एमएसएमई)के मालिकों और व्यापारिक समुदाय के गुस्से से डर गई थी और उसने सूरत लोकसभा सीट पर भी 'मैच फिक्सिंग' का प्रयास किया, जिसे सत्तारूढ़ पार्टी 1984 से जीतती आ रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, तानाशाह की असली 'सूरत' एक बार फिर देश के सामने है! कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि लोकतंत्र खतरे में है।

## पॉवर लिफ्टिंग में निसार और संजीदा को मिला खिताब

**रायपुर।** छग पॉवर लिफ्टिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में रायपुर के दत्तात्रेय मंदिर में नेशनल और स्टेट पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया, जिसमें मास्टर वर्ग में छग के निसार अहमद को स्टेट और नेशनल में स्ट्रांगमैन मास्टर तथा छग के संजीदा खातून को स्टेट व नेशनल में मास्टर वर्ग में स्ट्रांग वूमेन के खिताब से नवाजा गया। छग पॉवर लिफ्टिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार ने बताया कि प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि संजय शर्मा वीर हनुमान सिंह अवॉर्डी छग शासन, विशेष अतिथि प्रोटीन विला के डायरेक्टर छग के दुर्गेश साहू द्वारा उद्घाटन किया। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि दत्तात्रेय मंदिर समिति के अध्यक्ष हरिवल्लभ अग्रवाल ने महिला खिलाड़ी को आकर्षक टी-शर्ट के साथ मेडल और कैश अवार्ड से सम्मानित किया। प्रोटीन विला के डायरेक्टर ने सभी भाग लेने वाले खिलाड़ी को टी-शर्ट प्रदान की, जिससे खिलाड़ी उत्साहित दिखे।

# लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए प्रधानमंत्री मोदी दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर

## प्रधानमंत्री का आगमन, दो अस्पतालों में अलर्ट ड्यूटी करने वाले अफसरों का हुआ कोविड टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राजधानी प्रवास के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड पर रखा गया है। रामकृष्ण केयर में फिनिटिव केयर तथा आंबेडकर अस्पताल में कंटीजेंसी केयर यूनिट बनाया गया है। दोनों अस्पतालों में ऑपरेशन थियेटर, डीलक्स आईसीयू, संबंधित ग्रुप के रक्त के साथ विशेषज्ञ डाक्टरों की तैनाती भी की गई है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23-24 अप्रैल को छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे हैं।

इस दौरान वे राजभवन में रात्रि विश्राम भी करेंगे। मोदी के प्रवास के मद्देनजर राजधानी में करीब डेढ़ हजार पुलिस-प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है। एहतियात के तौर पर आज स्वास्थ्य विभाग द्वारा उनके आसपास ड्यूटी करने वाले करीब चार सौ अधिकारी-कर्मचारियों का आरटीपीसीआर के माध्यम से कोविड टेस्ट किया गया और उन्हें सुरक्षागत उपाय रखने की हिदायत भी दी गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री के प्रवास के दौरान दो अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रखा गया है, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना होने पर तत्काल उपचार व्यवस्था प्रदान किया जा सके। राजभवन के नजदीक होने के वजह से आंबेडकर अस्पताल को कंटीजेंसी केयर यूनिट बनाया गया है। यहां ऑपरेशन थियेटर, डीलक्स आईसीयू, पर्याप्त मात्रा में रक्त की व्यवस्था की गई है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसबीएस नेताम ने बताया कि व्हीआईपी आगमन के मद्देनजर डाक्टरों के साथ अन्य चिकित्सा स्टाफ को पृथक रूप से तैनात किया गया है, ताकि आवश्यकता होने किसी भी मरीज को तत्काल उपचार प्रदान किया जा सके। इसके अलावा रामकृष्ण केयर हास्पिटल को फिनिटिव केयर घोषित किया गया है। यहां विभिन्न तरह की शारीरिक परेशानियों के इलाज के लिए संपूर्ण व्यवस्था के साथ मेडिसिन, आर्थो, कार्डियक, फिजियोथेरेपिस्ट सहित अन्य चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम को सक्रिय रहने कहा गया है।

### खाद्य पदार्थों का बैरा टेस्ट

व्हीआईपी प्रोटोकॉल के तहत खाद्य विभाग की टीम ने उपयोग में आने वाले खाद्य पदार्थों का बैरा टेस्ट किया। टीम उनके पूरे प्रवास के दौरान तैनात रहेगी और परोसे जाने वाले व्यंजन से लेकर अन्य खाद्य पदार्थों की जांच करेगी।

### पूरी तरह अलर्ट

प्रधानमंत्री के प्रवास को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत तैयारी की गई है। अस्पतालों को अलर्ट रखने के साथ चिकित्सकों को तैनात किया गया है।

- डॉ. मिथिलेश चौधरी, सीएमएचओ रायपुर

## प्रधानमंत्री के प्रवास को देखते हुए इन पांच मार्गों पर आमजन नहीं कर सकेंगे आवाजाही

लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री मंगलवार को राजभवन में विश्राम करेंगे।

प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए उनकी सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन ने विशेष व्यवस्था की है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री के राजभवन पहुंचने के सभी मार्गों को मंगलवार शाम चार बजे से बुधवार सुबह 10 बजे तक सील कर दिया है। सील किए गए मार्गों में आम लोगों की आवाजाही पर रोक रहेगी। इसके अलावा ट्रैफिक पुलिस ने पीएम के आगमन को देखते हुए हवाई यात्रियों के लिए ट्रैवल्स एडवाइजरी जारी की है।प्रधानमंत्री मंगलवार को शाम छह से आठ बजे के बीच माना एयरपोर्ट, वहां से पीएम का काफिला फुंडहर चौक एक्सप्रेस वे होकर शंकर नगर चौक, भगत सिंह चौक, जीई रोड होते हुए राजभवन पहुंचेगा, जहां रात प्रधानमंत्री विश्राम करेंगे। इसके बाद दूसरे दिन बुधवार को सुबह आठ से 10 बजे के मध्य इसी मार्ग से प्रधानमंत्री का काफिला माना विमानतल पहुंचेगा। प्रधानमंत्री के आने तथा जाने के दौरान इस मार्ग में सामान्य आवागमन बाधित रहेगा।

### इस फ्लाइट के यात्रियों को समय से पूर्व निकलने की एडवाइजरी

प्रधानमंत्री के मंगलवार को रायपुर आने की स्थिति में फ्लाइट संख्या 6 ई 801, 6 ई 885,6 ई 2362, 6 ई 979, यूके 798, 6 ई 7216, 6 ई 7249, 6 ई 5049/47 एचएन तथा 6 ई 2794/287 जे से यात्रा करने वाले तथा बुधवार को फ्लाइट नंबर 6 ई 669, 6 ई 5073, यूके 794, 6 ई 2191, 6 ई 6219, 6 ई 6521 तथा 6 ई 6219 से यात्रा करने वाले यात्री रूट डायवर्सन का ध्यान रखते हुए एयरपोर्ट जाने अतिरिक्त समय लेकर घर से निकलें तथा वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करते हुए एयरपोर्ट पहुंचने पचपेड़ीनाका चौक, केनाल रोड से लालपुर-देवपुरी (धमतरी रोड) होकर माना कैंप से पुराने टर्मिनल में वाहन पार्क कर विमानतल में प्रवेश कर सकेंगे।

### शहर के इन मार्गों पर आवाजाही पर रोक

प्रधानमंत्री के प्रवास को देखते हुए मंगलवार शाम चार बजे से बुधवार सुबह 10 बजे तक राजभवन पहुंच मार्ग, कालीमाता मंदिर तिराहा, खजाना, पुराना पीएचक्यू तिराहा, बिजली आफिस तिराहा तथा बंजारी चौक से राजभवन पहुंच मार्ग में आवाजाही पर रोक रहेगी। इस मार्ग में आवाजाही करने वाले लोग वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग कर सकते हैं।

### सुरक्षा के लिए इतने बल की तैनाती

प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए ट्रैफिक के सुचारू रूप से संचालन के लिए साढ़े छह सौ ट्रैफिक पुलिस के जवानों की तैनाती की जाएगी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री जिन मार्गों से होकर गुजरेंगे, उन रास्तों में डेढ़ हजार के करीब पुलिसबलों की तैनाती की जाएगी, जिनमें आईपीएस अफसरों के साथ राजपत्रित पुलिस अफसर शामिल होंगे। साथ ही शहर प्रवेश करने के मार्गों पर वाहनों की जांच करने के साथ ही रेलवे स्टेशन तथा बसस्टैंड में निगरानी बढ़ाने के साथ संदिग्धों की धरपकड़ करने निर्देश जारी किए गए हैं।

## नियमों के पेंच में बचपन... तप रहे केंद्रीय विद्यालयों के छात्र, क्योंकि आदेश में इन्हें राहत का जिक्र नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश के निजी और शासकीय विद्यालयों में 22 अप्रैल से ग्रीष्मकालीव अवकाश की घोषणा कर दी गई है। तपती गर्मी और उबलते शहर के बीच यह छुट्टियां बच्चों और उनके पालकों को राहत पहुंचा रही हैं, लेकिन केंद्रीय विद्यालय के छात्र अब भी गर्मी से जूझ रहे हैं। दरअसल यहां छुट्टी का मामला नियमों के पेंच में फंस गया है। केंद्रीय विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा केंद्रीय समिति द्वारा ही की जाती है। पूर्व में जारी अधिसूचना के मुताबिक, इस बार केंद्रीय विद्यालयों में 2 मई से 20 जून तक गर्मी की छुट्टियां रहेंगी। विशेष परिस्थितियों, प्राकृतिक आपदाओं अथवा मौसम जनित विपरित हालातों के दौरान ही यहां राज्य प्रशासन द्वारा अवकाश दिया जा सकता है। चूंकि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए आदेश में केंद्रीय विद्यालय का जिक्र नहीं किया गया था, इसलिए यहां किसी तरह का अवकाश नहीं होगा। पूर्व की तरह ही कक्षाएं यहां संचालित होती रहेंगी।

■ प्रदेश के शासकीय और निजी विद्यालयों में सोमवार से प्रारंभ हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश

**ऐसा पहली बार नहीं:** यह पहली बार नहीं है, जब गर्मी के चलते दी जाने वाली छुट्टियों से केंद्रीय विद्यालय के छात्रों को राहत नहीं मिल पा रही हो। लगभग प्रत्येक भीषण गर्मी के कारण राजधानी सहित प्रदेश के सभी स्कूल बंद करने की स्थिति निर्मित हो जाती है।

### बदला गया था समय

रायपुर में तीन केंद्रीय विद्यालय डीडी नगर, डब्ल्यूआरएस कॉलोनी तथा नया रायपुर में स्थित हैं। हरिभूमि की टीम यहां सोमवार सुबह स्थिति का जायजा लेने पहुंची। सभी कैंपस में बच्चे गर्मी से हालाकान होते हुए खुद को बचाने की जुगत करते हुए दिखाई दिए। ठंडे पानी से लेकर स्कार्फ, छाता और चश्मे की मदद वे लेते रहे। पालक भी नन्हे बच्चों को बचाते नजर आए। गौरतलब है कि इसके पूर्व स्कूल शिक्षा विभाग प्रदेश भर के विद्यालयों में समय परिवर्तन करते हुए पहली पाली की कक्षाएं सुबह 11 बजे तथा दूसरी पाली की कक्षाएं दोपहर 3 बजे छोड़ने आदेश दिए गए थे। मौसमी प्रकोप के कारण बदले हुए समय को यहां लागू किया गया था।

### व्यवस्था करेंगे

केंद्रीय विद्यालय खुले होने की जानकारी नहीं है। यदि ऐसा है तो नियमों की जानकारी लेकर उचित व्यवस्था की जाएगी।

- डॉ.गौरव कुमार, कलेक्टर, रायपुर

## सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड के कचरे को हटाकर बनाएंगे उद्यान और खेल मैदान

**रायपुर।** सरोना इलाके में स्थित नगर निगम के पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड में सालों से डंप कचरे का निष्पादन कर वहां बगीचा और खेल मैदान बनाया जायेगा। इसके साथ ही 100 सिटी बसों को एक साथ रखने अलग से सिटी बस डिपो बनाने की योजना है। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने रविवार को विभागीय अधिकारियों के साथ ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया। सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड में 15 साल से डंप शहरभर के 450 मीट्रिक टन कूड़ा करकट के निष्पादन का ठेका रायगढ़ की हिल्बो इंटर प्राइजेस को दिया गया है। 12 करोड़ 64 लाख रुपए में अनुबंधित एजेंसी जमीन में दबे कूड़ा करकट को बाहर निकालकर उसकी छंटाई कर रही है। नोडल अधिकारी योगेश कडू ने बताया कि सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड में डंप सवा लाख मीट्रिक टन कचरे को उपचारित कर लिया गया है। जो खाद के लायक कूड़ा करकट था, उसका खाद बनाकर उपयोग किया जा रहा है। जो कचरा किसी काम का नहीं था, उसे सीमेंट फैक्ट्रियों में भेजकर कोयले के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। निगम आयुक्त श्री मिश्रा ने सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड के निरीक्षण दौरान कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने वहां कचरे के निपटारे में लगी एजेंसी के अधिकारी से भी चर्चा की। सफाई कार्य में लगी मशीनों को लेकर निगम आयुक्त ने नाराजगी भी जताई और ज्यादा मशीनें लगाकर बकाया कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने हिदायत दी।

## रायपुर-जगदलपुर के बीच हवाई यात्रियों का टोटा, अलायंस एयर नहीं भर रही उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर-जगदलपुर के बीच हवा यात्रियों की संख्या कम होने की वजह से अलायंस एयर ने अपने एयरक्राफ्ट का संचालन 30 अप्रैल तक बंद कर दिया है। 72 सीटर की इस प्लाइट को काफी समय से आधे से कम यात्री मिल रहे थे जो घाटे का सौदा था। इस उड़ान के बंद होने के बाद यात्रियों के पास एकमात्र इंडिगो की उड़ान का विकल्प रह गया है।

रायपुर जगदलपुर के बीच अलायंस एयर सप्ताह में दो दिन मंगलवार और गुरुवार को संचालित होती थी। पिछले तीन-चार दिनों से उड़ान नहीं भर रही है और 30 अप्रैल के बाद ही यह ट्रेक पर वापस आएगी। इस फ्लाइट के संचालित नहीं होने की वजह से रायपुर-जगदलपुर के बीच काफी समय से हवाई यात्रियों की संख्या बेहद कम होना था। जानकारी के अनुसार विमानन कंपनी इस सेक्टर में 72 सीटर छोटे विमान का संचालन करती है। पिछले कुछ समय से आधे यात्री भी रायपुर-जगदलपुर-हैदराबाद के लिए सफर नहीं कर रहे थे। उड़ान में होने वाले इस घाटे का सौदा को देखते हुए कंपनी ने 30 अप्रैल तक इसकी उड़ान स्थगित कर दी गई है। इसके बाद दोनों शहरों के बीच हवाई यात्रा के लिए लोगों के पास इंडिगो की एकमात्र उड़ान शेष रह गई है। इसका संचालन सप्ताह में चार दिन किया जाता है। रायपुर से जगदलपुर होकर हैदराबाद जाने वाली इस फ्लाइट में हैदराबाद के यात्रियों की संख्या 70 से 80 फीसदी होती है।

■ घाटे का सौदा, 72 सीटर एयरक्राफ्ट में नहीं मिल रहे थे आधे यात्री भी



### चुनावी असर मान रहे

इस बारे में ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों का कहना है कि यात्रियों की संख्या कम होने की वजह चुनाव है। सामान्य दिनों दोनों शहरों के बीच अधिकारिक वर्ग इसमें यात्रा करते हैं और घूमने-फिरने बस्तर की ओर जाने वालों संख्या में भी ठीक-ठाक होती है।

### खर्च ज्यादा

दूसरी ओर सूत्रों का कहना है कि रायपुर-जगदलपुर के बीच सड़क मार्ग से यात्रा करने के लिए बेहतर विकल्प है। फ्लाइट से सफर करने के लिए एक व्यक्ति को ढाई से तीन हजार रुपए तक खर्च करना पड़ता है, जबकि इससे कम राशि में आसानी से आवाजाही हो जाती है।

### योजना बिलासपुर की भी

सूत्रों का कहना है कि क्षेत्रीय उड़ान योजना के तहत राज्य के तीन एयरपोर्ट को हवाई मार्ग से आपस में जोड़ने की योजना बनाई गई थी। इसमें रायपुर, जगदलपुर के अलावा बिलासपुर का एयरपोर्ट शामिल था। तीनों विमानतल से फ्लाइट संचालित हो रही है, मगर बिलासपुर से रायपुर की हवाई कनेक्टिविटी नहीं हो पाई है। कम दूरी और अधिक खर्च को भी इसका कारण माना जा रहा है।


## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूषन कंपनी लिमिटेड

**बिजली बंद की सूचना**

कार्यपालन अभियंता (नगर) संभाग छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि कोरबा के अंतर्गत तुलसीनगर एवं दर्री जोन के समस्त सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है, कि 33/11 के.व्ही. फीडरों में पूर्व मानसून रखरखाव कार्य किये जाने के कारण उनके समक्ष दर्षाये गये दिनांक एवं दिन अनुसार तुलसीनगर जोन प्रातः 06:00 बजे से अपरान्ह 11:00 बजे तक दर्री जोन प्रातः 09:00 बजे से अपरान्ह 3:00 बजे तकविद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

| क्र. | दिनांक/दिन | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र का नाम | 11 के.व्ही. फीडरों का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 23/04/2024 मंगलवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र तुलसीनगर | 11 के.व्ही. लाईन पी.एच. रोड फीडर | डी.डी.एम. रोड, पी.एच. रोड, सुनालिया पुल, केनाल रोड व आसपास का क्षेत्र। |
| | | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र एच.टी.पी.पी | 11 के.व्ही. दर्री फीडर, | साडा कॉलोनी |
| 2 | 24/04/2024 बुधवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र ए.बी. टाईप | 11 के.व्ही. लाईन ए.बी.टाईप फीडर | संपूर्ण ए.बी.टाईप कालोनी, व्ही.आई.पी. रेस्ट हाउस, सिनियर क्लब व आसपास का क्षेत्र। |
| | | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बांकीमोंगरा | 11 के.व्ही. बांकीमोंगरा टॉउन-01 | बांकी, मोंगरा बस्ती, आसपास के क्षेत्र |
| 3 | 25/04/2024 गुरूवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र तुलसीनगर | 11 के.व्ही. लाईन राताखार मिषन रोड फीडर | राताखार, मिषन रोड, सर्वमंगला रोड, मिषन चर्च व आसपास का क्षेत्र। |
| | | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बांकीमोंगरा | 11 के.व्ही. बांकीमोंगरा टॉउन 03 | बांकी, मोंगरा बस्ती, गजरा आसपास के क्षेत्र |
| 4 | 26/04/2024 शुक्रवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र नेहरूनगर | 11 के.व्ही. लाईन शारदा विहार फीडर | शारदा विहार, अमरैयापारा, मनोज बेकरी, अटल आवास, नेहरू चौक व आसपास का क्षेत्र। |
| | | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र दर्री ग्रामिण | 11 के.व्ही. सर्वमंगला फीडर, | सर्वमंगला , दुरपा एवं आसपास के क्षेत्र |
| 5 | 27/04/2024 शनिवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र इमलीडुग्गु | 11 के.व्ही. लाईन सरस्वती षिषु मंदिर फीडर | इमलीडुग्गु, बसोड़ मोहल्ला, मेन रोड सीतामणी, सरदार रिक्शा गैरेज, व आसपास का क्षेत्र। |
| | | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र भैरोताल | 11 के.व्ही. ईमलीछापर फीडर, | ईमलीछापर, प्रेमनगर, विकासनगर, कपाटमुडा, |
| 6 | 29/04/2024 सोमवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र तुलसीनगर | 11 के.व्ही. लाईन टीनादफाई फीडर | राताखार, गेरवाघाट, मांझी मोहल्ला, गौरा चौक व आसपास का क्षेत्र। |
| | | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र कोहड़ीया | 11 के.व्ही. पॉलीटेक्निक फीडर, | रूमगरा, हवाईपटटी, जोगियाडेरा, पॉलीटेक्निक |
| 7 | 30/04/2024 मंगलवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र तुलसीनगर | 11 के.व्ही. लाईन गायत्री मंदिर फीडर | कन्या शाला, डी.के. हास्पीटल, सी.सी.एन. महाराजा होटल व आसपास के क्षेत्र। |
| | | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र कोहड़िया | 11 के.व्ही. कोहड़िया फीडर | कोहड़िया, बरपारा, पीपरपारा एवं आसपास के क्षेत्र। |
| 8 | 01/05/2024 बुधवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र नेहरूनगर | 11 के.व्ही. लाईन मुड़ापार फीडर | रामनगर, सुभाष ब्लाक, मुड़पार बाजार, संवाद साधना, व आसपास का क्षेत्र। |
| | | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र भिलाई | 11 के.व्ही. गेवरा फीडर | गेवरा बस्ती, धरमपुर, नरईबोध, ठाकुर मोहल्ला एवं आसपास के क्षेत्र। |
| 9 | 02/05/2024 गुरूवार | 33/11 के.व्ही. इरीगेशन उपकेन्द्र | 11 के.व्ही. इरीगेशन 2 फीडर, | इरीगेशन कॉलोनी नगोइखार फर्टिलाइजर बस्ती एवं आसपास के क्षेत्र। |
| | | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र संजयनगर | 11 के.व्ही. लाईन कोतवाली फीडर | लक्ष्मणबन तालाब, पुरानी बस्ती, दुरपा रोड, अग्रसेन चौक, ईदगाह व आसपास का क्षेत्र। |
| 10 | 03/05/2024 शुक्रवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र इमलीडुग्गु | 11 के.व्ही. लाईन इमलीडुग्गु फीडर | इमलीडुग्गु, रेल्वे स्टेषन रोड, खटाल, लायंस स्कूल, खण्डाला स्कूल शनि मंदिर, व आसपास का क्षेत्र। |
| 11 | 04/05/2024 शनिवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र ए.बी. टाईप | 11 के.व्ही. लाईन मानसनगर फीडर | मानसनगर, खटखटियापारा, ढोढ़ीपारा, भैंसखटाल व आसपास का क्षेत्र। |
| 12 | 08/05/2024 बुधवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र नेहरूनगर | 11 के.व्ही. लाईन टाउन-II फीडर | चिमनीभट्ठा, नेहरू काम्लेक्स व आसपास का क्षेत्र। |
| 13 | 09/05/2024 गुरूवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र ए.बी. टाईप | 11 के.व्ही. लाईन पंप हाउस फीडर | पंप हाउस झोपड़ीपारा, 15 ब्लाक, गेरवाघाट व आसपास का क्षेत्र। |
| 14 | 10/05/2024 शुक्रवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र तुलसीनगर | 11 के.व्ही. लाईन कोरबा शहर फीडर | पवन भोग, आर.के.टी.सी., शनि मंदिर, श्वेता नर्सिंग होम, पानी टंकी व आसपास का क्षेत्र। |
| 15 | 11/05/2024 शनिवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र तुलसीनगर | 11 के.व्ही. लाईन दर्री रोड फीडर | दर्री रोड, बंसल एजेंसी, बाईपास अग्रसेन चौक, दलिया गोदाम व आसपास का क्षेत्र। |
| 16 | 13/05/2024 सोमवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र मोतीसागरपारा | 11 के.व्ही. लाईन रानी रोड फीडर | सहगल ट्रांसफार्मर, के.एन. कालेज, पचरीघाट, भोलाबाड़ी, जमात खाना, एवं आसपास का क्षेत्र। |
| 17 | 14/05/2024 मंगलवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र तुलसीनगर | 11 के.व्ही. लाईन टी.पी. नगर फीडर | यूनियन बैक, राजू होटल, लालूराम कालोनी, कॉफी हाउस, एक्सीस बैंक, दीप्ति चश्मा घर व आसपास का क्षेत्र। |
| 18 | 15/05/2024 बुधवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र संजयनगर | 11 के.व्ही. लाईन संजयनगर फीडर | संजयनगर, बाजपेयी चौक, ईतवारी बाजार, गांधी पुतला व आसपास का क्षेत्र। |
| 19 | 16/05/2024 गुरूवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र ए.बी. टाईप | 11 के.व्ही. लाईन रसियन हॉस्टल फीडर | रसियन हॉस्टल, डी-1 & डी-2 बंगला,SBI मेन ब्रांच, अशोक वाटिका व आसपास का क्षेत्र। |
| 20 | 17/05/2024 शुक्रवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र मोतीसागरपारा | 11 के.व्ही. लाईन इंदिरानगर फीडर | कबीर आश्रम, आदिले चौक, इंदिरानगर, एवं आसपास का क्षेत्र। |

नोट:- 1. समयावधि में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है।
2. सम्माननीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए हमें खेद है।

''विद्युत की बचत ही विद्युत का उत्पादन है''

**कार्यपालन अभियंता (नगर) संभाग**
**छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लि., कोरबा**



## कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, जशपुर वनमण्डल, जशपुर

**नीलाम सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि जशपुर वनमण्डल के अन्तर्गत काष्ठागार गम्हरिया (जशपुर) में निम्नांकित ईमारती काष्ठ का दर्शित तिथि एवं समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा नीलाम किया जावेगा। इच्छुक पंजीकृत व्यापारियों एवं अन्य क्रेताओं को सलाह दी जाती है कि नीलाम में भाग लेने के पूर्व नीलाम में रखी गई वनोपज का भली-भांति अवलोकन कर लेवें ।
डिपो का नाम - काष्ठागार गम्हरिया (जशपुर), नीलाम दिनांक- 29.04.2024, नीलामी प्रारंभ- प्रातः 10:00 बजे से

| प्रजाति | नीलाम में प्रस्तावित अनुमानित मात्रा | | | | | | मिश्रित जलाऊ चट्टा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | नया लाट | | पुराना लाट | | योग | | |
| | लट्ठा घ.मी. | बल्ली + डेगरी नग | लट्ठा घ.मी. | बल्ली + डेगरी नग | लट्ठा घ.मी. | बल्ली + डेगरी नग | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| सागौन | 0.000 | 0 | 26.405 | 1328 | 26.405 | 1328 | पुराना |
| साल | 881.115 | 44 | 1348.498 | 48 | 2229.613 | 92 | 36 |
| बीजा,शीशम, खम्हार | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | नया |
| अन्य प्रजाति | 17.018 | 87 | 1.283 | 0 | 18.301 | 87. | 0 |
| योग | 898.133 | 131 | 1376.186 | 1376 | 2274.319 | 1507 | 36 |

नया चिरान काष्ठ :- 2 नग 0.207 घ.मी.
पुराना चिरान काष्ठ :- 0 नग 0.000 घ.मी.
टीप :- उपरोक्त मात्रा में परिवर्तन संभावित है ।
नीलाम शर्ते :- नीलाम से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी काष्ठागार, गम्हरिया एवं वनमण्डल कार्यालय जशपुर से प्राप्त की जा सकती है। क्रेताओं को आयकर पेन कार्ड एवं जी.एस.टी. पंजीयन 2024 की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है। लॉट स्वीकृत होने पर काष्ठ का विक्रय मूल्य, 18% GST एवं 2.50% आयकर का भुगतान करना होगा ।ई.एम.डी. 25 प्रतिशत की राशि का भुगतान किसी अधिसूचित राष्ट्रीयकृत बैंक का रैखित बैंक ड्राफ्ट या मल्टी-सिटी चेक जो वनमण्डलाधिकारी, जशपुर वन मण्डल, जशपुर के नाम से जशपुर में देय हो मान्य होगा ।

जी-242500021/1

**वनमण्डलाधिकारी**
**जशपुर वनमण्डल जशपुर**


## राशिफल

**मेष** — किसी विदेशी कारोबार के लिए भाग-दौड़ बढ़ सकती है। विदेश यात्रा लाभप्रद रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

**वृष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। लाभ के मौके मिलेंगे।

**मिथुन** — मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। सुखद समाचार मिलेगा।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। तरक्की के योग हैं।

**सिंह** — बातचीत में संयत रहें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी के लिए साक्षात्करादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**वृश्चिक** — मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**धनु** — मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मकर** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। पिता का साथ मिलेगा। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आए के नए स्रोत बनेंगे।


**कुंभ** — किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं। निवेश लाभप्रद रहेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**मीन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। परिश्रम अधिक रहेगा। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। किसी प्रापर्टी में निवेश कर सकते हैं।

## तात्यापारा हनुमान मंदिर में आज भजन-कीर्तन, महाप्रसाद वितरण भी

**रायपुर।** तात्यापारा स्थित हनुमान मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव मंगलवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। जन्मोत्सव कार्यक्रम सुबह 5 बजे से प्रारंभ होगा और आधी रात तक चलेगा। मंदिर में जन्मोत्सव को लेकर जोर-शोर से तैयारियां जारी हैं। मंदिर समिति के अध्यक्ष चंद्रकांत मोहदीवाले ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। जन्मोत्सव कार्यक्रम सुबह 5 बजे पं. शशांक देशपांडे के कीर्तन के साथ शुरू किया जाएगा। भक्तों की भारी भीड़ के बीच 6 बजे हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। हर मंगलवार शाम को होने वाला सुंदरकांड पाठ जन्मोत्सव के चलते दोपहर 2 बजे होगा। यह आयोजन रुचिर कुलकर्णी व सुषुम्ना सावरगांवकर की ओर से किया जा रहा है।

## शब्द पहेली - 5490



**बाएँ से दाएँ**
1.कार्य,काम-2
2.अग्नि,अनल-2
3.संग,संगत-2
4.मदिरा,शराब-2
6.चुटीली बात-2
7.उम्मीद-2
8.समाचार,सूचना-3
9.भगवान कृष्ण के खेल-2
10.छाया,परछाई-2
11.कहासुनी-3
12.जी,चित-2
13.निशा-2
14.पासों का खेल-3
16.करीना की फिल्म-2
17.आगे वाला-3
18.सीधा,सरल-2
19.वीर,बहादुर-2
20.दलदल,गाद-3
21.तांत,टेलीग्राम -2
22.वंश,खानदान-2
23.नशा,नशापानी-3
24.चिट्ठी,पत्र-2
26.सही का विलोम-3
27.ठिकाना-2
28.प्राण,दम-2
29.नरक (उर्दू-3)
30.बीता हुआ दिन-2
31.पोखर,तालाब-2
32.हताहत-3
33.दर,मूल्य-2
34.आयु-2
36.अंधकार-2
37.पांव,पैर-2
38.कान्हा-2
39.टैक्स,हाथ-2

**ऊपर से नीचे**
1.समय,वक्त-2
2.आगमन-2
3.पति की मां-2
4.भोर,सवेरा-3
5.झगड़ा-2
6.लॉक,द्वारयंत्र-2
7.धाय,नर्स,दाई-2
8.अवरोध,रुकावट-3
9.मगन,मग्न-2
10.सप्त,सप्तम-2
11.लक्ष्मी,रमा-3
12.मौज,मजा-2
13.महाराजा-2
14.घिसन,रगस-3
15.गमन,जाना-2
16.पुनः,वापस-2
17.स्थिर-3
18.निष्कर्ष-2
19.कांटा-2
20.मूल्य,दाम-3
21.पितामह-2
22.मजदूर-2
23.ईश्वर-3
24.भूल,गलती-2
25.मछली-2
26.नगमा-3
27.क्षण-2
28.पाश-2
29.दूसरा-3
30.थोड़ा-2
31.तांबा-2
32.हमला-2
33.कलंक-2
34.गरम-2
35.मयूर-2

### शब्द पहेली -5489 का हल



## सूडोकु नवताल - 5501

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5500 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |




## एमडीएच और एवरेस्ट के चार उत्पादों पर लगाया प्रतिबंध

# सिंगापुर, हांगकांग में कुछ मसाला उत्पादों पर लगे प्रतिबंध की जांच कर रहा मसाला बोर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय मसाला बोर्ड ने सोमवार को कहा कि वह हांगकांग और सिंगापुर की तरफ से भारतीय ब्रांड एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला-मिश्रित उत्पादों की बिक्री पर लगाए गए प्रतिबंधों की जांच कर रहा है।

कथित तौर पर स्वीकार्य सीमा से अधिक कीटनाशक 'एथिलीन ऑक्साइड' होने से इन पर पाबंदी लगाई गई है। हांगकांग के खाद्य सुरक्षा नियामक ने उपभोक्ताओं से इन मसाला उत्पादों को न खरीदने और व्यापारियों को नहीं बेचने के लिए कहा है। वहीं सिंगापुर खाद्य एजेंसी ने उत्पादों को वापस लेने का निर्देश दिया है।

### 32 हजार करोड़ का मसाला किया था निर्यात

वर्ष 2022-23 में देश ने करीब 32,000 करोड़ रुपये का मसाला निर्यात किया था। हांगकांग के खाद्य सुरक्षा केंद्र (सीएफएस) ने पांच अप्रैल को कहा था कि दो भारतीय ब्रांडों के कई डिब्बाबंद मसाला-मिश्रण उत्पादों के नमूनों में कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड पाया गया है।

### भारत दुनिया का सबसे बड़ा मसाला उत्पादक

भारतीय मसाला बोर्ड की निदेशक एबी रेमा श्री ने कहा, 'हम इस मामले को देख रहे हैं। हम इस पर काम कर रहे हैं।' इस संदर्भ में टिप्पणी के लिए कंपनियों से तत्काल संपर्क नहीं किया जा सका। भारत दुनिया का सबसे बड़ा मसालों का उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक है।

- स्वीकार्य सीमा से अधिक कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड मिला
- हांगकांग के खाद्य सुरक्षा नियामक ने व्यापारियों को नहीं बेचने कहा
- सिंगापुर खाद्य एजेंसी ने उत्पादों को वापस लेने का निर्देश दिया



### परीक्षण में मिला कीटनाशक

सीएफएस के प्रवक्ता ने कहा, 'परीक्षण के नतीजों से पता चला कि नमूनों में कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड मौजूद था।' सीएफएस ने संबंधित विक्रेताओं को इन अनियमितताओं के बारे में सूचित कर दिया है और उन्हें बिक्री रोकने और प्रभावित उत्पादों को हटाने का निर्देश दिया है।

### उत्पाद को इस्तेमाल न करने की सलाह

इस बीच, हांगकांग खाद्य प्राधिकरण ने लोगों को इन उत्पादों का इस्तेमाल न करने की सलाह दी है। इसके अलावा प्रभावित उत्पादों का उपयोग या बिक्री तुरंत बंद करने का निर्देश कारोबारों को भी दिया गया। सीएफएस ने अपने नियमित खाद्य निगरानी कार्यक्रम के तहत परीक्षण के लिए सिम शा सुई में तीन खुदरा दुकानों से नमूने एकत्र किए थे।

### मामले की जांच चल रही

इन उत्पादों में एमडीएच का मद्रास करी पाउडर, एवरेस्ट फिश करी मसाला, एमडीएच सांभर मसाला, मिश्रित मसाला पाउडर, एमडीएच करी पाउडर मिश्रित मसाला पाउडर शामिल हैं। सीएफएस ने कहा कि इस मामले में जांच चल रही है।

### अधिकतम 50 हजार डॉलर का जुर्माना व जेल

सीएफएस ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति स्वीकृत सीमा से अधिक कीटनाशक वाले खाद्य पदार्थ बेचता है, तो दोषी पाए जाने पर अधिकतम 50,000 डॉलर का जुर्माना और छह महीने की कैद हो सकती है। हांगकांग के बाद सिंगापुर फूड एजेंसी (एसएफए) ने भी भारत से आयातित 'एवरेस्ट फिश करी मसाला' को वापस मंगाने का आदेश दिया और यह वापसी जारी है।

### आयातकों ने उत्पाद वापस मंगाना शुरू किया

सीएफएस के निर्देश के बाद संबंधित वितरकों और आयातकों ने प्रभावित उत्पादों को वापस मंगाना शुरू कर दिया है। सीएफएस ने कहा कि इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर ने 'एथिलीन ऑक्साइड' को समूह-1 कार्सिनोजेन के रूप में वर्गीकृत किया है।

# बढ़ती गर्मी और जलवायु परिवर्तन से महंगी हो सकती है 'भोजन की थाली'!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में खुदरा महंगाई में भले ही नरमी आने लगी है, लेकिन आम लोगों की परेशानियां इसके बाद भी बढ़ सकती हैं। आम लोगों को आने वाले दिनों में भोजन की थाली के लिए ज्यादा दाम चुकाना पड़ सकता है। इसका कारण बढ़ती गर्मियां और जलवायु परिवर्तन हैं। दरअसल जलवायु परिवर्तन का असर अब प्रत्यक्ष दिखने लगा है। हर साल गर्मियां पहले की तुलना में ज्यादा पड़ रही हैं। इस बार मौसम विभाग ने मानसून के सामान्य रहने की भविष्यवाणी की है, लेकिन उससे पहले लोगों को प्रचंड गर्मियों का सामना करना पड़ रहा है। देश के कई इलाकों में अप्रैल महीने में ही हीटवेव का प्रकोप दिख रहा है। भारतीय मौसम विभाग ने कहा भी है कि इस साल अप्रैल से जून के बीच एक्सट्रीम हीटवेव वाले दिनों की संख्या 10-20 से ज्यादा रह सकती है। यह पिछले साल की तुलना में लगभग डबल है।

### भारत के लिए अधिक गंभीर स्थिति

रिसर्च के अनुसार, इसी तरह का असर सब्जियों से लेकर दालों की फसलों पर दिख सकता है। यहां तक कि एक्स्ट्रीम वेदर से मछलियों पर भी असर हो सकता है और लोगों की सुबह की कॉफी महंगी हो सकती है। कुल मिलाकर कह सकते हैं कि अगर इसी तरह से जलवायु परिवर्तन का असर होता रहा और मौसम के चक्र पर प्रभाव पड़ता रहा तो आने वाले दिनों में भूख मिटाना बड़ी चुनौती बन सकती है। खासकर भारत जैसे देशों में स्थिति गंभीर हो सकती है, जहां अभी करीब 80 करोड़ लोगों को सरकारी खाद्यान्न योजना का सहारा लेना पड़ रहा है।

### भोजन की थाली के लिए ज्यादा दाम चुकाना पड़ सकता है



### गेहूं से लेकर मछली तक जोखिम

इस तरह की प्रचंड गर्मियों से सिर्फ इंसानों के शरीर पर ही असर नहीं होगा, बल्कि खाने-पीने की चीजों पर भी असर दिख सकता है। एक रिपोर्ट में विशेषज्ञों के हवाले से कहा गया है कि एक्सट्रीम हीट वेव के चलते गेहूं जैसे जरूरी अनाज के साथ-साथ कॉफी और डेयरी, यहां तक कि हिलसा मछली तक की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। आपूर्ति प्रभावित होने से बाजार में इनकी उपलब्धता पर असर होगा, जो सीधे भोजन की थाली पर असर दिखाएगा।

### इतना कम हो सकता है गेहूं का उत्पादन

रिपोर्ट में अनचार्टेड वाटर्स की एक रिसर्च का हवाला दिया गया है। रिसर्च का कहना है कि प्रचंड गर्मियों के बाद अधिक सर्दियां पड़ने से महत्वपूर्ण उत्पादक राज्यों में गेहूं की उपज पर 20 फीसदी तक असर हो सकता है। इससे ओवरऑल गेहूं के उत्पादन में 5 से 10 फीसदी की कमी आ सकती है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### पीएम की सुरक्षा...

सिस्टम को जांचने के लिए रिहर्सल की जा रही थी। जिस रास्ते पीएम गुजरेंगे, जिस गेट से राजभवन में प्रवेश करेंगे, वहां सौ से ज्यादा जवान और अधिकारी तैनात होकर जांच कर रहे थे। तभी अचानक तीन युवक तेज रफ्तार से घुस गए। रॉंग साइड से बाइक दौड़ाते हुए निकलने लगे। एक जवान ने उन्हें पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वे नहीं रुके और रफ्तार तेज करते हुए आगे बढ़ गए। कुछ कदम पर डेढ़ दर्जन से ज्यादा जवान तैनात थे, उन्होंने भी रोकने का प्रयास किया लेकिन वे नहीं रुके और भाग निकले।

### कांकेर में गरजे...

राम मंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, महाकाल कॉरिडोर, केदारनाथ और बद्रीनाथ का पुनर्निर्माण सहित मोदी सरकार में बन रहे सोने के सोमनाथ मंदिर का जिक्र करते हुए कहा कि इससे कांग्रेस बौखलाई हुई है। राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में आमंत्रण देने के बाद भी उनके नेता शामिल नहीं हुए थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के शासन में 5 साल तक महादेव एप कांड चलता रहा। उन्होंने कहा, महज 100 दिन में भारतीय जनता पार्टी की छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव की सरकार ने 90 से ज्यादा नक्सलवादियों को समाप्त करने का काम किया है। 123 लोग गिरफ्तार हुए, 250 लोगों ने समर्पण किया। नक्सली विचारधारा से जुड़े लोगों के पास अभी भी समय है कि छोड़कर सामान्य जीवन जीना शुरू करें, हम उनकी हर तरह की मदद करेंगे। सभा के दौरान प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, प्रदेश के वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक व पूर्व सांसद विक्रम उसेंडी, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, लोकसभा समन्वयक प्रेमप्रकाश पांडेय, बस्तर क्लस्टर प्रभारी अजय चंद्राकर, सांसद मोहन मंडावी, विधायक द्वय नीलकंठ टेकाम व आशाराम नेताम, कमलचंद्र भंजदेव, रजनीश सिंह, महेश जैन, यशवंत जैन, संतोष बाफना सहित काफी संख्या में भाजपा नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### नड्डा ने कहा- इंडी...

लोकसभा चुनाव में आपने मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाया जब उस समय देश की स्थिति अच्छी नहीं थी। मोदी के प्रयास से देश खड़ा हुआ। 2019 के लोकसभा चुनाव में आपने फिर मोदी को दोबारा प्रधानमंत्री बनाया। देश में मजबूत और स्थिर सरकार बनी और जनहित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जम्मू कश्मीर में दो विधान दो निशान थे उनको धारा 370 के तहत अधिकार दिए गए थे। मोदी सरकार द्वारा धारा 370 खत्म कर दी गई यह मोदी की देन है। हमनें राममंदिर निर्माण का फैसला लिया था जब हम नारे लगाते थे कि रामलला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे तो कांग्रेस पार्टी उपहास करते हुए कहती थी तारीख नहीं बताएंगे। परंतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में श्रीराम की भव्य मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ। विभाजन के बाद पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में धर्म के आधार पर प्रताड़ित हुए लोगों को नागरिकता देने की बात पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह भी करते थे परंतु हिम्मत किसी में नहीं थी। मोदी ने सीएए कानून लाकर उनको नागरिकता देने का काम किया। यह मजबूत सरकार का मजबूत फैसला था जो आपके वोट से संभव हो सका। मुस्लिम महिलाओं को मिली तीन तलाक से मुक्ति- भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति दिलायी। मोदी जी सबका साथ सबका विकास के मूलमंत्र पर काम कर रहे हैं। उन्होंने भारत की राजनीति की दिशा और दशा दोनों ही बदल दी हैं। कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति की है और मोदी जी ने विकास की। 2014 में शपथ लेते ही उन्होंने कहा था कि यह गांव, गरीब, किसान, युवा दलितों और महिलाओं को समर्पित सरकार है। आज गांव-गांव में पक्की सड़क है। 4 करोड़ पीएम आवास बन चुकें हैं और 3 करोड़ आवास और बनने है। 10 करोड़ बहनों को उज्जवला गैस सिलेंडर, जल जीवन मिशन में 11 करोड़ घरों में पेयजल, इसमें छत्तीसगढ़ को 36 लाख और 2.5 लाख बिलासपुर को दिया गया है। स्वच्छ भारत के तहत 12 करोड़ शौचालय की सौगात दी गई। आयुष्मान भारत योजना में 10 करोड़ 74 लाख परिवार, 55 करोड़ लोग जिनमें 40 प्रतिशत आबादी गरीबों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज होगा। इसमें अब 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को भी जोड़ा जाएगा। आर्थिक शक्ति बन रहा है भारत-भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि आज मोदी के नेतृत्व में भारत देश 11 वें पायदान से छलांग लगाकर 5वीं विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है हमनें दो सौ वर्षों तक देश में राज करने वाले ब्रिटेन को भी पीछे कर दिया और अगले दो वर्षों में हम तीसरे पायदान में पहुंच जाएंगे। आज सबसे सस्ती और अच्छी दवा हम बना रहे हैं। हमारा एक्सपोर्ट 138 प्रतिशत बढ़ गया है। पहले दीवाली पर पूजने वाली मूर्तियां चाइना बनाता था इतना ही नहीं बच्चों के खिलौने भी चाइना बनाता था। आज मोदी जी के प्रयास से देश में ही यह सब बन रहा है टॉय इंडस्ट्री में हमारा निर्यात ढाई गुना बढ़ गया है। आटोमोबाइल सेक्टर में हम जापान को पछाड़ कर तीसरे स्थान पर है। सूर्य योजना के तहत घरों की छतों पर सौर ऊर्जा प्लांट जिससे मुफ्त में उर्जा मिलेगी और अतिरिक्त ऊर्जा को बेच भी सकते हैं। मोदी ने तीन करोड़ लखपति दीदीयां बनाने का लक्ष्य रखा है। किसानों को सम्मान निधि मिलती रहेगी और 80 करोड़ जनता को 5 किलो प्रति सदस्य अनाज मिलता रहेगा। श्री नड्डा ने कहा कि अमृत भारत के तहत आने वाले समय में एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन को विकसित करेंगे जिसे लोग दोनों में अंतर ही नहीं कर पाएंगे। रेल का बजट ढ़ाई गुणा बढ़ा है छत्तीसगढ़ के भिलाई में आईआईटी, छत्तीसगढ़ में पांच नए मेडिकल कॉलेज खोले गए। स्मार्ट सिटी दी गई। रामविरोधी रही है कांग्रेस-भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही सनातन और राम विरोधी रही है यूपीए सरकार के समय में तो रामजी के अस्तित्व को नकारते हुए न्यायालय में एफीडेविट दिया था इतना ही नहीं इनके एक नेता ने न्यायालय में राम मंदिर के फैसले को टालने यह कहकर कहा था कि भाजपा को इसका फायदा चुनाव में मिल सकता है। इनके गठबंधन के सहयोगी नेता सनातन धर्म को डेंगू, मलेरिया तक कहा और ए राजा ने तो सनातन धर्म की तुलना एचआईवी से की। कांग्रेस चुप रही राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का न्योता तक ठुकराया। ऐसी कांग्रेस पार्टी को वोट देना चाहिए क्या? राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय की सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति प्रदान की गई है 70 लाख से अधिक महिलाओं को महतारी वंदन योजना की दूसरी किस्त जारी कर दी गई है। किसानों को दो वर्षों का बकाया बोनस 3,716 करोड़ भी दिया गया है। 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी 3,100 रूपए की दर से खरीदीं की गई है। मंच पर लोकसभा के प्रत्याशी विजय बघेल, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव, ललित चंद्राकर, जिलाध्यक्ष भाजपा अध्यक्ष महेश वर्मा सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। सभा के प्रारंभ में राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा का पुष्पहार से भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

### मोदी को तीसरी ...

रूप से छत्तीसगढ़ शासन में मंत्री दयालदास बघेल, टंकराम वर्मा, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, पूर्व सांसद लखन लाल साहू, पूर्व मंत्री डॉ कृष्ण मूर्ति बांधी,अनुराग सिंह देव , सियाराम साहू, जिला अध्यक्ष शैलेश पाठक , सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं हजारों की संख्या में आम जन मौजूद थे।

### सीएम विष्णुदेव बोले- हर...

रहते हैं। हर कोई देश की चिंता करता है। देश के विकास की चिंता करता है, इसलिए देश के संसाधनों पर हर किसी का हक है। गौरतलब है कि पूर्व पीएम ने नौ दिसंबर 2006 को ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना और विकास पर चर्चा के लिए राष्ट्रीय विकास परिषद की 52वीं बैठक को संबोधित किया था। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में समाज के सभी पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्गों के विकास में समान हिस्सेदारी सुनिश्चित करने के लिए उनके सशक्तिकरण की बात कही थी। उन्होंने कहा था हमें ये सुनिश्चित करने के लिए नई योजनाएं बनानी होंगी कि अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से मुस्लिमों को विकास में समान भागीदारी मिले। संसाधनों पर पहला हक उन्हीं का होना चाहिए।

### डीजे में नाचने...

विवाद हो गया तभी किसी अज्ञात व्यक्ति ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिसमें से बाराती राकेश कुमार ध्रुव 21 वर्ष पिता गजेंद्र कुमार ग्राम छतौद और रवि कुमार तारक 16 वर्ष पिता गंगाराम तारक भैंसबोड़ की मौत हो गई। वहीं एक बाराती गंभीर रूप से घायल है। ग्राम भैंसबोड़ निवासी योगेश कुमार ने अस्पताल पुलिस चौकी को बताया कि ग्राम छतौद से टिकेश्वर ध्रुव के घर बारात आई थी। करीब शाम 6 बजे बाराती नाच रहे थे और वे लोग भी टिकेश्वर के डीजे में नाच रहे थे। तभी वह पानी पीने के लिए घर गया। रवि डीजे में नाच रहा था। पानी पीकर वापस लौटा तो भाई रवि कुमार पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने चाकू से हमला कर दिया। उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया था। तत्काल उसे निजी वाहन से मसीही अस्पताल लाया जहां इलाज के बाद उसकी मौत हो गई।

### एमडीएच-एवरेस्ट के...

हांगकांग के खाद्य सुरक्षा नियामक ने उपभोक्ताओं से इन मसाला उत्पादों को न खरीदने और व्यापारियों को नहीं बेचने के लिए कहा है। वहीं सिंगापुर खाद्य एजेंसी ने उत्पादों को वापस लेने का निर्देश दिया है। वर्ष 2022-23 में देश ने करीब 32,000 करोड़ रुपये का मसाला निर्यात किया था। हांगकांग के खाद्य सुरक्षा केंद्र (सीएफएस) ने पांच अप्रैल को कहा था कि दो भारतीय ब्रांडों के कई डिब्बाबंद मसाला-मिश्रण उत्पादों के नमूनों में कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड पाया गया है। भारतीय मसाला बोर्ड की निदेशक एबी रेमा श्री ने कहा, हम इस मामले को देख रहे हैं। हम इस पर काम कर रहे हैं।' इस संदर्भ में टिप्पणी के लिए कंपनियों से तत्काल संपर्क नहीं किया जा सका। भारत दुनिया का सबसे बड़ा मसालों का उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक है। इन मसालों पर हांगकांग में पाबंदी-एमडीएच का मद्रास करी पाउडर, एवरेस्ट फिश करी मसाला, एमडीएच सांभर मसाला, मिश्रित मसाला पाउडर, एमडीएच करी पाउडर, मिश्रित मसाला पाउडर शामिल हैं। सीएफएस ने कहा कि इस मामले में जांच चल रही है।

### विवि प्रवेश परीक्षा,नेट...

की दोनों परीक्षा एक ही पाली में आयोजित की जाएगी। सामान्यीकरण एक छात्र के अंक को इस तरह से संशोधित करने की एक प्रक्रिया है कि वह दूसरे के अंक के साथ तुलनीय हो जाए। यह तब आवश्यक हो जाता है जब एक ही विषय की परीक्षा कई सत्रों में आयोजित की जाती है। प्रत्येक सत्र में अलग-अलग प्रश्नपत्र होते हैं। छात्र परीक्षा में उनके प्रदर्शन पर 'अनुचित रूप से' प्रभाव डालने वाले अंकों के सामान्यीकरण के बारे में चिंता जता रहे थे। कुमार ने कहा, पहले, हमें यथासंभव छात्रों को पहली पसंद का केंद्र प्रदान करने के प्रयास में एक ही विषय के लिए दो या तीन दिनों में परीक्षा आयोजित करनी पड़ती थी। लेकिन इस वर्ष, ओएमआर प्रणाली अपनाने से बड़ी संख्या में केंद्र के रूप में विद्यालय और महाविद्यालय उपलब्ध होंगे, जिससे हम एक ही दिन में देश भर में परीक्षा आयोजित करने में सक्षम होंगे।

### पीएम मोदी की...

झोंक दी है। यहां पर लगातार भाजपा के शीर्ष राष्ट्रीय नेताओं की सभाएं हो रही हैं। सोमवार को यहां पर एक ही दिन में केंद्रीय मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की सभाएं हुईं। श्री शाह की सभा कांकेर में हुई, वे एक दिन पहले ही यहां आ गए थे। रविवार रात यहां रुकने के साथ ही उन्होंने प्रदेश संगठन के नेताओं के साथ चुनावी रणनीति भी बनाई। प्रदेश संगठन को जीत का मंत्र देकर श्री शाह लौटे हैं। सोमवार को ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की तीन सभाएं लोरमी, भिलाई और रायपुर लोकसभा के चंदखुरी में हुईं।

### मोदी की आज...

धमतरी पहुंचेंगे। यहां उनकी सभा होगी। इस सभा में मुख्यमंत्री के अलावा डिप्टी सीएम अरुण साव, प्रदेश के मंत्री टंकराम वर्मा, रायपुर लोकसभा के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल, महासमुंद लोकसभा की प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी, कांकेर लोकसभा के प्रत्याशी भोजराज नाग भी रहेंगे।

### मोदी से मिलने...

राजभवन में उनसे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और कुछ अन्य मंत्री मिल सकते हैं। श्री मोदी राजभवन में ज्यादातर समय दूसरे राज्यों के नेताओं से वीडियो कांफ्रेंसिंग करते हुए गुजारेंगे। दूसरे राज्यों को लेकर भी यहां से चुनावी रणनीति बनेगी।

### किसानों से रिश्वत,...

रूपए था के आहरण के लिए 7500 रुपए रिश्वत की मांग बैंक मैनेजर अमित दुबे एवं कैशियर आशुतोष तिवारी द्वारा की गई थी। राम मनोहर ने इसकी शिकायत एन्टी करप्शन ब्यूरो बिलासपुर में की थी। शिकायत सत्यापन पश्चात सोमवार की सुबह बैंक मैनेजर व कैशियर को रिश्वत देने के लिए एसीबी की टीम पहुंची लेकिन बैंक मैनेजर व कैशियर द्वारा रिश्वत की रकम न लेते हुए 5 लाख रूपए आहरण राशि से रिश्वत रकम 5 हजार रुपए काटकर राम मनोहर यादव को शेष राशि दी गई। जिस पर एसीबी की टीम द्वारा कारवाई कर कैशियर से रिश्वत की राशि बरामद की गई। घटना में दोनों आरोपियों की संलिप्तता पाए जाने से दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथासंशोधित अधिनियम 2018 ) के तहत गिरफ्तार किया गया है।

### सभी ब्रांचों में...

है। वर्तमान में वैवाहिक कार्यक्रम का दौर चल रहा है ऐसे में किसानों को पैसों की जरुरत है और किसान पैसा निकालने सहकारी बैंक पहुंचता है जहां बैंक प्रबंधन के द्वारा एक निश्चित राशि तय कर दी गई है। इससे अधिक की राशि नहीं दी जाती। अगर किसान को निश्चित राशि से अधिक पैसा लेना है तो इसके लिए किसान को एक से डेढ़ प्रतिशत बैंक प्रबंधन को कमीशन देना पड़ता है। यह स्थिति बैंक की सभी शाखाओं में चल रही है।

### रेप पीड़िता को...

किसी भी मामले में पूर्ण न्याय प्रदान करने के लिए आवश्यक आदेश पारित करने का अधिकार देने वाले संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग किया। पीठ में न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला भी शामिल हैं। कोर्ट ने कहा, स्थिति की तात्कालिकता और नाबालिग के कल्याण को ध्यान में रखते हुए, उसकी सुरक्षा सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। हमने बंबई उच्च न्यायालय के फैसले को रद्द कर दिया है। सुनवाई की शुरूआत में पीठ ने कहा, हम गर्भ के चिकित्सकीय समापन की अनुमति देते हैं क्योंकि वह (पीड़िता) 14 साल की और यह बलात्कार का मामला है। यह एक असाधारण मामला है। न्यायालय ने मुंबई के सायन स्थित लोकमान्य तिलक महानगरपालिका सर्वसाधारण रुग्णालय एवं वैद्यकीय महाविद्यालय (एलटीएमजीएच) के डीन को निर्देश दिया कि वह नाबालिग के गर्भपात के लिए चिकित्सकों के दल का तत्काल गठन करें। न्यायालय ने कहा, मेडिकल बोर्ड ने राय दी है कि नाबालिग की इच्छा के विरुद्ध गर्भावस्था जारी रखने से महज 14 साल की किशोरी के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

### कांग्रेस का नामांकन...

आठ उम्मीदवारों ने अंतिम दिन अपना नाम वापस ले लिया जिनमें चार निर्दलीय, तीन छोटे दलों के नेता और बहुजन समाज पार्टी के प्यारेलाल भारती शामिल हैं। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सूरत सीट से कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश कुम्भाणी का नामांकन प्रस्तावकों के हस्ताक्षर में प्रथम दृष्टया विसंगति होने के बाद रविवार को रद्द कर दिया गया था। कुम्भाणी का नामांकन रद्द होने के बाद पार्टी के वैकल्पिक उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल करने वाले सुरेश पडसाला का नामांकन पत्र भी रद्द कर दिया गया था।





विशेष: विश्व पुस्तक दिवस, 23 अप्रैल

# जीवन को निखार देती हैं किताबें

कवर स्टोरी / डॉ. मोनिका शर्मा

**किताबें पढ़ने का मतलब, नई-नई बातों की जानकारी, जीवन के हर पहलू से रू-ब-रू होना, जिंदगी जीने की कला सीखना। किताबें हमारी दोस्त बन हमारा अकेलापन दूर करती हैं, हमें स्वस्थ, जीवंत बनाती हैं। आइए, हम दिन-रात मोबाइल स्क्रीन की स्क्रॉलिंग ना करके, अपनी आदत किताबें पढ़ने की डालें, जीवन को निखारें, खुशियों से भरें।**

किताबें पढ़ना, खुद को हर तरह से समृद्ध करना है। कभी जिम्मेदारियों की भाग-दौड़ के चलते तो कभी मन की उलझनों के कारण, महिलाओं का किताबों से रिश्ता टूट जाता है। स्कूल-कॉलेज के समय खूब किताबें पढ़ने वाली लड़कियां भी एक समय के बाद काम-काजी जीवन की आपा-धापी या गृहस्थी की भाग-दौड़ में किताबों और शब्दों से रिश्ता नहीं रख पातीं। ऐसा नहीं होना चाहिए। किताबों से जुड़े रहने का रास्ता ढूंढ़ ही लेना चाहिए, क्योंकि किताबें पढ़ना, विचारों को समृद्ध करने से लेकर व्यक्तित्व के निखार तक, हर मोर्चे पर मददगार होता है। आप जीवन में जो भी भूमिका निभा रही हों, किताबों से मिला मार्गदर्शन और मनोबल मन को हिम्मत देता है। शब्दों का यह साथ जीवन को सार्थक दिशा देने वाला साबित होता है।

## विकसित होता है सार्थक नजरिया

महिलाओं के जीवन में एक मोड़ के बाद ठहराव-सा जाता है। ऐसे में ठहरे-से जीवन में भी सीखने-समझने की यात्रा जारी रखने के लिए किताबें बहुत अच्छी मित्र साबित होती हैं। किताबें तो जानकारियों का खजाना होती हैं। कुछ नया जानने-सीखने का रोमांच कायम रखती हैं। अकेलापन दूर करती हैं। मन को खुशी और संतुष्टि देती हैं। कहते हैं, 'हम खुशियां नहीं खरीद सकते पर किताबें खरीद सकते हैं। किताबें हमें खुशी देती हैं।' आज के उलझन भरे दौर में मन को खुशी देते हुए हमारे लिए सीखने-समझने का सफर जारी रखने वाली किताबें और जरूरी हो गई हैं। यूं भी कुछ नया जानना-सीखना मन को खुशी ही नहीं देता है, आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। इससे सकारात्मक सोच की सौगात हमारे हिस्से में आती है। रिश्तों और जिम्मेदारियों से जुड़ी आपा-धापी में अवसाद और अकेलापन, महिलाओं के लिए भी समस्या बन गया है। किताबें इन सबसे उबरने का बेहतरीन माध्यम हैं। साथ ही शब्दों से बने सुखद मेल-जोल से आप घर-परिवार संभालते या नौकरी करते हुए भी नीरसता भरी सोच से बची रहेंगी। इंसान की सोच और व्यवहार दोनों में नयापन जोड़ने वाली किताबें जीवन यात्रा को भी रोचकता, समझ और जानकारियों से भरपूर रखती हैं। पन्ने-दर-पन्ने जिंदगी से जुड़ी कितनी ही बातों से रू-ब-रू करवाती हैं किताबें। जिंदगी जीने का एक सार्थक नजरिया विकसित करती हैं किताबें।



## किताब को बनाएं अपना साथी

मन-मस्तिष्क को मांजने वाली पुस्तकों को अपनी सहेली-सा समझें। हर समय कोई किताब साथ रखना, किताब पढ़ना आसान कर देता है। चाहे पैरेंट-टीचर मीटिंग में अपनी बारी का इंतजार करना हो या किसी और जगह समय बिताने के लिए किताब पढ़ना सबसे अच्छा तरीका है। समय के सदुपयोग के साथ ही किताबें हमारे मन-जीवन को परिष्कृत करती हैं। एक अध्ययन के मुताबिक 6 मिनट पुस्तक पढ़ने से तनाव 75 प्रतिशत तक कम हो जाता है। इतना ही नहीं, किताबें पढ़ने से दिमाग की 'थॉट्स टू एक्शन' पावर यानी किसी काम को करने के लिए दिमाग में विचार आने की गतिविधियां भी तेज होती हैं। ज्ञान का दायरा बढ़ने के साथ ही, अपनी सोच को विस्तार मिलने से अच्छा और क्या हो सकता है। इसीलिए हमेशा कोई किताब साथ रखें और उसे पूरा पढ़ने का एक मिशन बना लें। अपनी पसंद को प्राथमिकता देते हुए किताब का विषय चुनें। रुचि का कंटेंट पढ़ना, आपको पुस्तकों से जोड़े रखेगा। साथ ही अपने शौक के विषय को आप और बेहतर समझ पाएंगी।

## पास आएं किताबों के, स्क्रीन से बनाएं दूरी

समय अनमोल है। इसे सार्थक कार्यों में लगाने से अच्छा कुछ नहीं। यह जानने-समझने के बावजूद स्क्रीन स्क्रॉलिंग की आदत ने हमें किताबें पढ़ने की सार्थक गतिविधि से दूर कर दिया है। महिलाओं में भी पन्नों पर उतरे शब्दों के माध्यम से कुछ सीखने में रुचि घटी है। अब इस ओर लौटना आवश्यक है। पुस्तकों का साथ ज्ञान, मान, स्वास्थ्य और सुकून सब कुछ देता है। इसीलिए तकनीक से घिरी इस दुनिया में स्क्रीन स्क्रॉलिंग में समय गंवाने के बजाय यह वक्त किताब पढ़ने में लगाएं। शोधकर्ता न्यूरोसाइंटिस्ट बरोनेस सुसान ग्रीनफील्ड के मुताबिक, 'सोशल मीडिया और स्मार्ट गैजेट्स के इस दौर में किताबें पढ़ने की आदत दवा की तरह असर दिखा सकती है। किताबें पढ़ने से सोचने और किसी परिस्थिति को समझने की क्षमता बेहतर होती है। हमारा मन और मस्तिष्क दोनों जाने-अनजाने पढ़े जा रहे शब्दों के भाव से जुड़ाव महसूस करते हैं, उनके प्रभाव में आते हैं।' यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के एक अध्ययन के अनुसार किताब पढ़ने से भावनात्मक समझ बढ़ती है। महिलाओं के लिए यह समझ रिश्तों-नातों को समझने और अपनी बात समझाने में भी मददगार बन सकती है। घर बसा लेने या काम-काजी हो जाने का मतलब यह नहीं है कि कोई महिला अपनी वैचारिक समझ से दूर हो जाए। जितना आप अपने परिवेश और अन्य क्षेत्रों से जुड़ी जानकारी रखेंगी, उतना ही बच्चे हों या बड़े, सबसे बेहतर संवाद स्थापित कर पाएंगी। साथ ही स्क्रीन स्क्रॉलिंग से होने वाली बहुत-सी मानसिक, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक समस्याओं से भी बची रहेंगी।



### बच्चों को पुस्तकों से जोड़ें

**आपके किताबों** से जुड़ाव बनाए रखने का एक सकारात्मक असर यह भी होगा कि बच्चे भी पुस्तकें पढ़ने में रुचि लेंगे। अध्ययन बताते हैं कि माताओं की यह आदत बच्चों को भी पुस्तकों से जोड़ती है। यूं भी बच्चों का पूरा व्यक्तित्व और सोच अपनी मां की गतिविधियों से प्रभावित होता है। आपकी रीडिंग हैबिट छोटी उम्र से ही बच्चों में भी कोर्स की किताबों से इतर कुछ पढ़ने-गुनने में रुचि जगाएगी। बचपन में ही पुस्तकों के साथ बना रिश्ता उम्रभर बच्चों को किताबों से जोड़े रखता है। बच्चों को स्मार्ट गैजेट्स से दूर रखने के लिए भी उनकी रीडिंग स्किल्स और रुचि को बढ़ाना आवश्यक है। किताबों का साथ नई पीढ़ी को नुकसान पहुंचाने वाली बहुत सारी एक्टिविटीज से दूर रखता है। बच्चों के साथ बैठकर किताब पढ़ने से पैरेंट्स के साथ उनकी बॉन्डिंग भी मजबूत होती है। बच्चों का व्यक्तित्व निखरता है और इमोशनल इंटेलिजेंस बढ़ती है।

वर्किंग वूमेन / अंजू जैन



**हम यह मान लें कि अपने प्रोफेशन में बेहतर परफॉर्म कर रहे हैं, इससे और बेहतर करने की कोई जरूरत नहीं है, यह सोच गलत है। प्रोग्रेस के लिए जरूरी है, हम समय की डिमांड के अनुसार अपनी बेहतर से बेहतर परफॉर्मेंस दें।**

# आप बेहतर हैं लेकिन और ज्यादा बेहतर हो सकती हैं



अमृता को मीना ने एक साधारण-सी दोस्ताना सलाह दी तो वह चिढ़ गई। उसकी कुलीग मीना ने उससे बस इतना ही कहा था, 'अमृता, तुम और बेहतर ढंग से काम कर सकती हो, तुममें अच्छी क्षमता है। इससे वर्कप्लेस पर तुम्हारी बहुत ही शानदार और एक अलग इमेज बन जाएगी।' इस पर अमृता गुस्सा गई, बोली, 'क्या मैं तुम्हें अंडर परफॉर्मर या कामचोर लगती हूं? क्या ऑफिस में मेरी इमेज ठीक नहीं है?'

अमृता भूल गई कि हम चाहे कितने भी बेहतर परफॉर्मर और इंटेलीजेंट क्यों ना हों, लेकिन बेहतरीन की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। दुनिया के कामयाब लोग चाहे वे वैज्ञानिक, चिकित्सक, इंजीनियर, लेखक, प्रोफेसर या किसी भी क्षेत्र से जुड़े हों, ये सभी खूबसूरत मुकाम तभी हासिल कर पाते हैं, जब वे निरंतर अच्छे से अच्छा करने के लिए प्रयासरत रहते हैं, नित नई चीजें सीखने और अनुभव प्राप्त करने के लिए तत्पर रहते हैं। इसी तरह आप भी अपने करियर को नई ऊंचाई देने, व्यक्तित्व को निखारने के लिए कुछ उपाय अपना सकती हैं।

**परफॉर्मेंस लगातार इंप्रूव करें:** कभी भी यह ना मानकर बैठें कि आप जो कर रही हैं, वही आपका बेस्ट है। खुद को कंफर्ट जोन से बाहर लाएं और अपनी परफॉर्मेंस को इंप्रूव करने के तरीकों पर विचार करें। लोगों की सलाह लें। अपने बॉस, सहयोगियों या क्लाइंट्स के फीडबैक पर ध्यान दें। अपने डार्क एरियाज को पहचानें और उन कमजोरियों को दूर करें। आपके भीतर खुद को बेहतर बनाने और अपनी प्रोडक्टिविटी बढ़ाने का एक जुनून होना चाहिए। ये बातें आपकी सफलता का मार्ग प्रशस्त करेंगी।

**वैल्यू एडिशन करें:** आप अगर अपने करियर में प्रोग्रेस चाहती हैं तो अपनी पर्सनालिटी और वर्किंग स्टाइल में वैल्यू एडिशन करें। बेस्ट सेलर बुक 'सो गुड दे कांट इग्नोर यू' के राइटर काल न्यूपोर्ट ने लिखा है कि महत्व इस बात का है कि आप अपने दिए गए काम को कितने बेहतर तरीके से करते हैं, उत्पादन की गुणवत्ता में कितनी वैल्यू एड कर पाते हैं। आप अपनी आजीविका के लिए कुछ भी करें, लेकिन खुद को इतना बेहतर बनाने की कोशिश करें कि कोई आपको इग्नोर ना कर सके। आपकी इमेज बेहतरीन परफॉर्मर की होनी चाहिए।

**निरंतर सीखें नए स्किल:** दुनिया पल-पल बदल रही है, प्रगति कर रही है। समय बीतने के साथ ही हर नई तकनीक पुरानी होती चली जाती है। जाहिर है, इसी के मुताबिक प्रोफेशनल या बिजनेस फील्ड में भी नई सेवाओं और नए उत्पादों की मांग बढ़ती है। पुरानी चीजों की मांग लगातार घटती चली जाती है। इसलिए आपको समय के साथ तालमेल बनाकर चलने के लिए नियमित रूप से नई स्किल सीखनी चाहिए। आपकी स्किल और नवीनतम जानकारी ही आपकी वास्तविक पूंजी है।

**काम को पूरे मन से करें:** सफल होना है तो अपने पैशन को फॉलो करें। आप जो कर रही हैं, अगर वो आपका पैशन नहीं है तो भी आपको इस काम के प्रति अभिरुचि जगानी चाहिए। किसी काम को बोझ की तरह या महज ड्यूटी निभाने के माइंडसेट से करेंगी तो आप कभी सफल नहीं हो पाएंगी। इसलिए काम के प्रति लगाव रखें, अपने एंप्लॉयर को ज्यादा से ज्यादा और बेहतर रिजल्ट देने का प्रयास करें।



### लोगों के साथ अच्छे संबंध रखें

**पर्सनल लाइफ** हो या प्रोफेशनल, हमें अपने हर काम के लिए कुछ लोगों के सहयोग की जरूरत पड़ती है। ऐसे में लोगों के साथ हमारा व्यवहार, बोलचाल का तरीका और संबंध कैसा है, इस पर हमारी कामयाबी निर्भर करती है। प्रबंधन गुरु ऑग मेडिनो कहते हैं, 'बिजनेस में 90 फीसदी ग्रोथ आपके मानवीय संबंधों पर टिकी होती है।' हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं द्वारा 10,000 लोगों पर किए गए सर्वे में पाया गया कि हमारी तरक्की में पढ़ाई-लिखाई, अनुभव और स्किल हमारी सिर्फ 15 प्रतिशत मदद कर सकती है। बाकी 85 फीसदी योगदान लोगों के साथ मानवीय संबंधों पर निर्भर होता है, इसलिए अपना व्यवहार हमेशा नम्र और विवेकशील रखें। इस 21वीं सदी में आप सिर्फ बुद्धि के बल पर किसी से नहीं जीत पाएंगे, क्योंकि हर तीसरा व्यक्ति किसी न किसी क्षेत्र में आपसे ज्यादा बुद्धिमान है।




एडवाइस / विनीता

# ऐसे करें अपने काम समय पर पूरे

बहुत से लोग समय की कमी की शिकायत करते हैं। इनका कहना होता है कि कम समय में इतना सारा काम नहीं किया जा सकता। ऐसा कहने वाले यह भूल जाते हैं कि नेचर ने सभी को रोज के लिए समान रूप से चौबीस घंटे का समय दिया है। अब यह हम पर निर्भर करता है, अपने इस कुल समय का सदुपयोग हम कैसे करते हैं कि सारे काम समय पर पूरे हो जाएं। निश्चित ही इसमें टाइम मैनेजमेंट बहुत मायने रखता है। आपके काम समय से पूरे हों, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है, जैसे-



**वक्त की कीमत समझें:** समय पर काम करने के लिए सबसे पहले वक्त की कीमत समझें। एक अनुशासन के साथ हर काम समय पर करने की आदत बनाएं। इससे आपकी कई समस्याओं का समाधान अपने आप हो जाएगा।

**अपनाएं नियमित दिनचर्या:** अपने काम सही समय पर करने के लिए सही समय पर सोने और जागने की आदत बनाएं। इससे आपको अपना हर काम पूरा करने के लिए पर्याप्त समय मिल जाएगा। रोज सुबह सोकर उठने के बाद पूरे दिन में किए जाने वाले कामों को दिमाग में रखें, एक लिस्ट बना लें। इसी के मुताबिक प्राथमिकता के आधार पर बारी-बारी से सभी काम पूरे करती चलें। अगर किसी वजह से कोई काम अधूरा रह गया हो तो उसे अगले दिन जरूर पूरा कर लें।

**काम टालने की आदत से बचें:** आज का काम कल पर टालने की आदत से आपके पास अधूरे कामों का बोझ हो जाएगा, बाद में जिन्हें पूरा करने में कठिनाई होगी। इसलिए पूरी तत्परता के साथ कोशिश यही होनी चाहिए कि आज के काम को आज ही पूरा कर लें, ताकि अगले दिन आप नई ऊर्जा के साथ नए कामों में जुट जाएं।



**अपनाएं मल्टीटास्किंग स्किल्स :** समय बचाने के लिए एक साथ कई कामों को पूरा करने की आदत बनाएं। जैसे किचन में गैस पर सब्जी पकाने के लिए कुकर रखकर सिंक में पड़े कप-प्लेट या दूसरे बर्तन धो लें या अगले दिन सुबह के लिए सब्जी काट लें। इसी तरह आप वाशिंग मशीन में कपड़े डालकर घर के दूसरे हल्के और जरूरी काम भी निपटा सकती हैं। एक साथ कई छोटे-छोटे कामों को पूरा करने से समय की बचत होगी और आपके लिए सही समय पर काम पूरा करना आसान हो जाएगा। आप तनावमुक्त रहेंगी।



अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 92851 63700, Email: gdc.indore@gmail.com

आलू ऐसी सब्जी है, जिसे हर घर में उपयोग किया जाता है। लेकिन सब्जी के अलावा आलू में रूप निखारने के भी अनेक गुण मौजूद होते हैं। आप आलू का उपयोग अपना रूप निखारने और ब्यूटी संबंधी समस्याओं को दूर करने में भी कर सकती हैं। इस बारे में बहुत ही यूजफुल टिप्स के बारे में जानिए।



ब्यूटी

शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# आलू में छुपे होते हैं रूप निखारने के गुण

आलू का जिक्र आते ही अकसर फ्रेंच फ्राईज, आलू के परांठे या समोसे पर ध्यान चला जाता है। आलू के पकवान पूरे विश्व के किचेन में पकाए जाते हैं। लेकिन आलू विटामिन, मिनरल, आयरन, फासफोरस आदि गुणों से भरपूर होते हैं, जिनसे स्किन, बालों और अन्य ब्यूटी समस्याओं का घर बैठे आसानी से कम लागत में प्रभावी उपचार किया जा सकता है।



## कई तरह से उपयोगी

आलू में मौजूद हल्के ब्लीचिंग गुणों की वजह से यह हाइपर पिग्मेंटेशन को रोकता है और त्वचा की रंगत में निखार लाता है। आलू में मौजूद एंजाइम स्किन में ताजगी और चमक लाते हैं। साथ ही चेहरे पर काले धब्बों, कील-मुंहासों को भी रोकता है।

आलू में पाया जाने वाला विटामिन 'सी' स्किन में कोलेजन कोशिकाओं को बढ़ाकर समय से पहले चेहरे की झुर्रियां और बुढ़ापे को रोकता है। साथ ही यंगनेस को लंबे समय तक बनाए रखता है। आलू के जूस को अन्य फ्रूट जूसों के मिश्रण के साथ पीने से सौंदर्य में निखार आता है। त्वचा संबंधी अनेक सौंदर्य समस्याओं को आलू के बाहरी उपयोग से ठीक किया जा सकता है।

## ऐसे करें अप्लाई

हम आपको यहां आलू से रूप निखारने वाले कुछ आसान घरेलू उपायों के बारे में बता रहे हैं।



- आलू और अंडे के फेसपैक को चेहरे पर लगाने से चेहरे की त्वचा में खिंचाव आता है, स्किन में यंग फ्रेशनेस लौट आती है। इसके लिए आधे आलू के रस में एक अंडे का सफेद हिस्सा मिलाकर मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को चेहरे पर आधा घंटा तक लगाकर चेहरे को साफ ताजे पानी से धो डालिए। इससे चेहरे के स्किन पोर्स में खिंचाव आएगा और आप यंग दिखेंगी।
- आधे आलू के रस में दो चम्मच दूध मिलाकर बने मिश्रण को कॉटन की मदद से पूरे चेहरे और गर्दन पर लगाइए। इस मिश्रण को आधे घंटे बाद पानी से धो डालिए। इसे हफ्ते में दो बार लगाने से चेहरे की स्किन में फ्रेशनेस और यंगनेस का अहसास होता है।



- आलू के जूस को चेहरे पर लगाने से चेहरे की त्वचा में खिंचाव आता है और चेहरे की झुर्रियां दूर होती हैं। आलू के उपयोग से गर्मी से झुलसी त्वचा को राहत मिलती है और स्किन स्पॉट्स को छुड़ाने में सहायक सिद्ध होते हैं।
- आलू के उपयोग से आंखों के इर्द-गिर्द सूजन को कम करने में मदद मिलती है। आलू और खीरे के जूस को बराबर मात्रा में मिलाकर प्रतिदिन आंखों के इर्द-गिर्द लगाने से आंखों की सुंदरता बढ़ती है।
- आलू के छिलकों से बालों की रंगत काली बनी रहती है। इसके लिए आलू के छिलको को पानी में उबालकर ठंडा होने दें और इस पानी को शैंपू करने के बाद बालों को धोने से बालों में चमक तथा कोमलता आती है।
- आलू और हल्दी के फेसपैक से त्वचा की रंगत में निखार आता है। इसके लिए आधे आलू के रस में थोड़ा-सा हल्दी पावडर डालकर बने मिश्रण को आधा घंटे तक चेहरे पर लगाकर बाद में ताजे पानी से धो डालिए। इस पैक को हफ्ते में दो बार लगाने से त्वचा की रंगत साफ होनी शुरू हो जाती है और आप यंग लगने लगती हैं।
- आलू के जूस को प्रतिदिन चेहरे और बाहरी त्वचा पर लगाकर 20 मिनट बाद ताजे साफ पानी से धो डालिए। इससे चेहरे की झुर्रियां खत्म होंगी।
- आलू के छिलके को ब्लैंड कर चेहरे पर कुछ समय तक हल्की-हल्की मसाज कीजिए और इसके बाद ताजे, साफ पानी से धो डालिए। इससे त्वचा को साफ रखने और काले धब्बों को साफ करने में मदद मिलेगी।
- आलू को कद्दूकस करके दही में मिलाकर तैयार मिश्रण को चेहरे पर 20 मिनट तक लगा रहने दीजिए। इसके बाद स्वच्छ ताजे पानी से धो डालिए, इससे त्वचा पर नमी बनी रहेगी और ड्राय स्किन से आपको निजात मिलेगी।

# स्लिम-ट्रिम दिखने से ज्यादा जरूरी है हेल्दी-फिट रहना

इन दिनों सोनी सब चैनल पर टेलीकास्ट हो रहे शो 'आंगन अपनों का' में दीपिका के रोल में नीता शेट्टी नजर आ रही हैं। शो में वे काफी फिट दिख रही हैं। अपनी फिटनेस को मेंटेन करने के लिए क्या कुछ करती हैं नीता शेट्टी, यहां बता रही हैं अपनी जुबानी।

फिटनेस फंडा/ नीता शेट्टी



कई लोग स्लिम और ट्रिम दिखने के लिए बड़ी मशक्कत करते हैं, हार्ड वर्कआउट करते हैं। लेकिन मैं ऐसा नहीं करती। मेरा मानना है कि स्लिम और ट्रिम दिखना अच्छा तो लगता है लेकिन ऐसा दिखने से भी ज्यादा जरूरी है हेल्दी और फिट रहना, क्योंकि जब आप हेल्दी और फिट रहेंगी तब आप खुद को एनर्जेटिक फील करेंगी। आपके दिन की शुरुआत अच्छी होगी, पूरे दिन चुस्ती और स्फूर्ति बनी रहेगी।

## डेली डाइट प्लान

मेरा कोई टफ डाइट प्लान नहीं है। डाइट को लेकर मेरा फंडा यह है कि आप दिन में हैवी और हेल्दी डाइट ले सकते हैं। यानी, ब्रेकफास्ट और लंच हैवी कर सकते हैं। शाम का नाश्ता थोड़ा लाइट लेना चाहिए। डिनर अगर देर में करना हो तो लाइट ही लेना चाहिए। अगर शाम 7 बजे से पहले डिनर कर रहे हैं तो मीडियम ले सकते हैं। शाम को फल या सलाद खा सकते हैं, लेकिन वो भी कम मात्रा में। सुबह नाश्ते में मैं ओट्स या फ्रूट्स खाना प्रेफर करती हूं। लंच में ज्यादातर सब्जी, रोटी खाती हूं। कभी अगर मूड हुआ तो चावल भी ले लेती हूं। मेरा मानना है कि दिन के समय हैवी डाइट ले सकते हैं ताकि दिन भर एनर्जी बनी रहे लेकिन शाम की डाइट लाइट ही होनी चाहिए।

## वर्कआउट शेड्यूल

जिस दिन मैं शूट नहीं कर रही होती हूं, उस दिन मैं कोशिश करती हूं कि उठने के बाद फ्रेश होकर जिम चली जाऊं। अगर सुबह नहीं जा पाई, तो शाम को चली जाती हूं। जिस दिन शूटिंग कर रही होती हूं, उस दिन जिम जाना थोड़ा मुश्किल होता है। लेकिन जिस दिन जल्दी पैकअप हो जाता है, उस दिन तो मैं शाम को जिम चली ही जाती हूं। कोशिश जरूर करती हूं कि रोज जिम जाकर कुछ देर वर्कआउट करूं।

### मेरी फिटनेस आइडियल हैं शिल्पा शेट्टी



वैसे मेरा कोई फिटनेस आइडियल नहीं है, लेकिन जिस तरह से शिल्पा शेट्टी योगा और जिम के जरिए अपने आपको फिट रखती हैं, मुझे उससे काफी इंस्पिरेशन मिलती है। उन्होंने ही सबसे पहले सोशल मीडिया पर योगा के ट्रेंड की शुरुआत की थी।

## मेंटल फिटनेस

मेरा मानना है कि फिजिकल के साथ मेंटल फिटनेस पर ध्यान देना भी सभी के लिए बहुत जरूरी होता है। जिस तरह फिजिकल फिटनेस के लिए अपनी डाइट और वर्कआउट पर ध्यान देती हूं। उसी तरह मेंटली फिट रहने के लिए हमेशा खुश रहने की कोशिश करती हूं। जो भी करूं, दिल से और पॉजिटिविटी के साथ करने की कोशिश करती हूं। इसके अलावा मेंटली फिट रहने के लिए मैं पहले रेकी किया करती थी, हालांकि अब इतना टाइम नहीं मिल पाता है। लेकिन कोशिश करती हूं, जब-जब समय मिले कुछ देर मेडिटेशन जरूर करूं। इसके अलावा अच्छी मूवी देखकर, अच्छे-अच्छे गाने सुनकर खुद को खुश रखने का प्रयास करती हूं।

प्रस्तुतिः सहेली फीचर्स

डाइट सजेशन / शिल्पी गोयल डाइटीशियन, रायपुर

# वाटर रिच फूड्स से नहीं होगा डिहाइड्रेशन

गर्मी के मौसम में अकसर लोगों को डिहाइड्रेशन की समस्या का सामना करना पड़ता है। इससे बचने के लिए आप अपनी डेली डाइट में वाटर रिच फूड्स को जरूर शामिल करें।



गर्मी के मौसम में तेज तापमान और पसीने की वजह से शरीर में पानी की कमी हो सकती है। शरीर में पानी की कमी होने से डिहाइड्रेशन की समस्या होती है। गर्मियों में कई लोगों को इस तरह की समस्या का सामना करना पड़ता है। समर सीजन के दौरान आपको अपने शरीर में पानी की उपलब्धता को हर घंटे पूरा करते रहना चाहिए। अगर आप शरीर में पानी की कमी यानी डिहाइड्रेशन की समस्या को नजरअंदाज करें तो इससे आपको चक्कर आना, थकान, बेहोश होना, मसल्स क्रैंप, लो ब्लड प्रेशर, हार्ट रेट का तेज होना जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इन समस्याओं से बचने के लिए आप अपनी डाइट में कुछ वाटर रिच फूड्स और फ्रूट्स को शामिल कर सकती हैं। ये पानी से भरपूर फल आपके शरीर में पानी की कमी को तुरंत पूरा करते हैं और आपको एनर्जी से भरपूर भी रखते हैं।



## तरबूज

एक कप कटे हुए तरबूज में आधा कप पानी की मात्रा होती है। यही नहीं, इसमें फाइबर, विटामिन सी, विटामिन ई, मैग्नीशियम और कैलोरी भी अच्छी मात्रा में पाया जाता है, जो हमें तुरंत रीचार्ज होने में मदद करता है। इसलिए आप इन गर्मियों में रोजाना तरबूज खा सकती हैं।

## खीरा

खीरे में भी 95 प्रतिशत पानी की मात्रा होती है। इसके अलावा इसमें विटामिन के, पोटैशियम, मैग्नीशियम आदि पोषक तत्व भी भरपूर मात्रा में होते हैं। इसलिए गर्मी के मौसम में खीरा भी आपको जरूर खाना चाहिए।

## दही

गर्मी के मौसम में दही का सेवन करना भी फायदेमंद होता है। इसमें भरपूर प्रोटीन, विटामिंस और न्यूट्रिएंट्स पाए जाते हैं, जो कई तरह से हेल्थ के लिए फायदेमंद होते हैं। आप टमाटर, लौकी, बेल, फूलगोभी, पत्ता गोभी, नारियल पानी आदि के सेवन से भी शरीर में पानी की कमी को पूरा कर सकती हैं।



इनके अलावा फलों का ज्यादा से ज्यादा सेवन करना, छाछ, नीबू पानी और सादा पानी पर्याप्त मात्रा में लेने से डिहाइड्रेशन से बचा जा सकता है।

गार्डनिंग / अनु आर.

# आसानी से बना सकती हैं घर में अपना किचेन गार्डन

आप चाहे जमीन से जुड़े मकान में रहती हैं या फ्लैट में, अगर आपको पेड़-पौधों से लगाव है तो अपने घर में ही छोटा-सा किचेन गार्डन तैयार कर सकती हैं। इसके लिए बहुत मेहनत भी नहीं लगेगी। बस, यहां बताई जा रही बातों को फॉलो करें।



आज घर की बगिया में मौसमी हरी सब्जियां उगाना केवल शौक भर नहीं, यह स्मार्टनेस का सिंबल भी बन गया है। फ्लैट्स स्पेस में आई कमी, ग्लोबल वार्मिंग, बिगड़ता एंवॉयर्नमेंट और हेल्थ अवेयरनेस जैसी बातों ने मिलकर किचेन गार्डन का महत्व बढ़ा दिया है। यही कारण है कि आज सिर्फ महानगरों में ही नहीं 80 फीसदी से ज्यादा छोटे और मझोले शहरों में भी घरों की बालकनियां, स्मार्ट किचन गार्डन का रूप ले चुकी हैं। इसलिए अगर आपने अभी तक खुद को इस दिशा में आगे नहीं बढ़ाया तो इस बारे में जरूर सोचें और अपनी बगिया बना लें। इस बारे में यहां हम आपको कुछ उपयोगी टिप्स दे रहे हैं, जिनके जरिए आप एक स्मार्ट किचन गार्डन बना सकती हैं।

## सही स्थान को चुनें

किचन गार्डन बनाने के लिए सबसे पहले अपने घर की वह महत्वपूर्ण जगह चुनें, जहां किचन गार्डन अपना रूप साकार कर सकता है। अगर आप जमीन के घर में रहती हैं और 8-10 फीट जगह घर के किसी कोने में खाली पड़ी है तो समझिए आपका काम और आसान हो जाएगा, क्योंकि जितना बेहतर, कम देख-रेख के बावजूद घर के किसी कोने में जमीन में मौजूद किचन गार्डन होता है, वैसा सुंदर और भरा-पूरा किचन गार्डन फ्लैट्स में संभव नहीं है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि अगर आप किसी हाई राइस अपार्टमेंट में रह रही हैं, तो वहां किचन गार्डन नहीं बना सकतीं। वहां भी बना सकती हैं, लेकिन गमलों में। कहने का मतलब है कि अगर आप फ्लैट्स में रहती हैं किचन गार्डन बनाने के लिए जमीन नहीं है तो गमलों का चयन करें।

## तैयार करें उपजाऊ मिट्टी

किचन गार्डन के लिए सही जगह चुनने के बाद अच्छी उपजाऊ मिट्टी का इंतजाम भी जरूरी है। अगर आपका घर जमीन का है, तब तो ज्यादा कोई दिक्कत नहीं होगी, लेकिन अगर बहुमंजिला इमारत के किसी फ्लैट में रहती हैं तो पहले मिट्टी अच्छी तरह से बना लें, फिर उसे गमलों या बैग्स में भरें। अप्रैल-मई के महीनों में पौधों को भरपूर पानी सही समय पर देती रहें। उगाए गए पौधों पर खाद डालने के पहले पौधों को उगाने के लिए बनाई जा रही मिट्टी में प्राकृतिक खाद डालकर उसे उर्वर बनाएं। अब तैयार मिट्टी में कीटनाशकों पर नियंत्रण करने वाले रासायनिक पदार्थ डालें और पौधों को लगाने के लिए बीज या कटिंग के बारे में डिसाइड करें।

## बीज या पौधे का करें चयन

अब अगर बीज के जरिए पौधे उगाने हैं, तो उसका तरीका दूसरा है और अगर किसी नर्सरी से लाकर पौधे किचन गार्डन में लगाने हैं तो वहां उसका तरीका अलग होगा। अगर आपके घर में किचन गार्डन के लिए जगह है तो बेहतर यही होगा कि खुद अपनी मिट्टी में बीज के जरिए पौधे उगा लें। अगर गमलों में किचन गार्डन बनाना है तो थोड़े बड़े आकार के गमले चुनें और फिर उनमें 50 फीसदी कोकोपीट,





50 फीसदी वर्मी कंपोस्ट, अच्छी तरह से मिला दें और इस मिट्टी को कम से कम एक हफ्ते तक के लिए नमी में दबा दें, जिससे यह ठीक-ठाक तरीके से उर्वर मिट्टी में तब्दील हो जाएगी। एक हफ्ते के बाद उर्वर हो चुकी मिट्टी को गमलों में भर दें और अब गमले या जमीन जो भी हैं, वहां बीजों को बो दें या नर्सरी से पौधे लाकर लगा दें।


## आजमाएं स्मार्ट तरीका

किचन गार्डन कहीं भी बनाया जा सकता है, फिर चाहे आपका फ्लैट कितना ही छोटा क्यों न हो। इन दिनों एक बने बनाए यानी स्वचालित किचन गार्डन का कंसेप्ट भी आया है, जिसमें कुछ एक्सपर्ट मोबाइल एप के जरिए दूर बैठे हुए भी आपके किचन गार्डन की गाइडेंस देते हैं। किचन गार्डन की शुरुआत करने के लिए यूं तो सही समय उत्तर भारत में आषाढ़ (जून-जुलाई) का महीना होता है, लेकिन अब ऐसी बाउंडेशन नहीं रह गई है। तकनीक, सुविधाओं और स्मार्ट तरीके से अब कभी भी किचेन गार्डन की शुरुआत कर सकती हैं। तो देर किस बात की, आप भी बनाइए अपना स्मार्ट गार्डन।

लघुकथा / तिन्नी श्रीवास्तव

मायके में पिता, शादी बाद सास-ससुर और पति, यहां तक कि बच्चों को भी सुनीता जी का किताबें पढ़ना पसंद नहीं था। लेकिन घर में बहू ने आकर जो कर दिखाया, हतप्रभ करने वाला था।

# अच्छा शगुन



'मां देखो मैं क्या लेकर आई हूं!' ऑफिस से लौटकर नैना ने अपनी सासू मां को आवाज दी।

'अरे! कौन पढ़ेगा इतनी सारी किताबें?' ससुर जी ने अपनी भौंहें चढ़ाकर पूछा।

'मां पढ़ेंगी पिता जी..।' नैना ने जवाब दिया और सारी किताबें जाकर अपनी सासू मां के कमरे की अलमारी में सजा दीं।

सुनीता जी की आंखें किताबें देखकर चमक उठीं। उन्हें पढ़ने का बहुत शौक है, लेकिन बचपन से ही मानो सभी उनकी पढ़ाई के दुश्मन रहे। पहले पिता फिर सास-ससुर और पति, यहां तक कि बच्चे भी। सबको यही डर सताता कि कहीं इन किताबों में खोकर वह अपनी जिम्मेदारियां ना भूल जाएं, परंतु सुनीता जी को पढ़ने का ऐसा जुनून था कि जो सामने पड़ता, उसे पढ़ डालतीं। अखबार में समाचारों के अलावा विज्ञापन तक पढ़ डालतीं। किराने की दुकान से आए सामान, जो अखबार में लिपटे होते, उन्हें भी सहेजकर रखतीं और खाली समय में पढ़तीं। बच्चों की नई कक्षा में मिलने वाली किताबें, सबसे पहले वह ही पढ़तीं। आस-पड़ोस के घरों में जिनके पास किताबें दिख जातीं, पढ़ने के लिए ले आतीं।

किताबों के ज्ञान ने उनके विचारों को समृद्ध और प्रखर बना दिया था। अध्ययनशीलता से सुनीता जी का व्यक्तित्व तपकर कुंदन हो गया था। उनके आचार-विचार एक आम घरेलू महिला से बहुत अलग थे। हालांकि सुनीता जी ने कभी अपना पुस्तक प्रेम प्रदर्शित नहीं किया, ना ही परिवार में कभी किसी से पुस्तकें खरीदकर पढ़ने की जिद की। लेकिन बहू नैना ने ना जाने कैसे जान लिया कि वह पुस्तक प्रेमी हैं।

सुनीता जी भाव-विभोर होकर सोचती हैं, 'कौन कहता है कि नई पीढ़ी बड़े-बुजुर्गों की उपेक्षा करती है या पठन-पाठन की संस्कृति से दूर है। बहू नैना तो खुद किताबों की शौकीन है। किताबें पढ़ने की अभिरुचि ने सास-बहू के रिश्ते को और प्रगाढ़, मधुर बना दिया है। आज की पीढ़ी सजग और मुखर है, यह हमारे भविष्य के लिए बहुत अच्छा शगुन है।'

सुनीता जी की प्यार भरी निगाहें नैना पर केंद्रित थीं। वह मन ही मन उसे आशीष दे रही हैं, 'हमारी बहू खूब तरक्की करे, एक बड़ी पहचान पाए।'




अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-
- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

# अशोका बिरयानी के जीएम-मैनेजर गिरफ्तार सीईओ अब तक फरार

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में संचालित अशोका बिरयानी सेंटर में पिछले दिनों दो कर्मियों की बगैर सुरक्षा गटर में उतरकर सफाई कराने के दौरान मौत मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। घटना में शामिल दो लोगों को पुलिस ने सोमवार को जमानत पर रिहा होने के बाद गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर फिर से जेल दाखिल किया है। पुलिस ने इस मामले में बिरयानी सेंटर के एमडी कृष्णकांत तिवारी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना में शामिल एमडी की पत्नी तथा अशोका बिरयानी के सीईओ सनाया तिवारी फरार हैं।

**खास बातें**

- जमानत मिलने के बाद गैर इरादतन हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया

कोर्ट से छूटे, दूसरे मामले में धरे गए

पुलिस के मुताबिक गैर इरादतन हत्या के आरोप में सोमवार को बिरयानी सेंटर में जीएम के पद पर कार्यरत रोहित चंद्रा तथा मैनेजर रोमिला मंडल को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि बिरयानी सेंटर में कर्मियों की मौत मामले में समाचार संकलन करने गए पत्रकारों के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने रोहित, रोमिला सहित अन्य चार के खिलाफ प्रतिबंधात्मक के साथ अन्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया था। कोर्ट से जमानत मिलने के बाद पुलिस ने रोमिला तथा रोहित को गैर इरादतन हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

# नशे के कारोबार से 'निजात', दो माह में दबोचे गए दो हजार से ज्यादा शातिर

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

नशे का अवैध कारोबार रोकने एसएसपी के निर्देश पर पुलिस निजात अभियान चला रही है। अभियान के तहत पुलिस ने फरवरी से अब तक ड्रंक एंड ड्राइव से लेकर कोटपा एक्ट, आबकारी एक्ट तथा एनडीपीएस एक्ट के तहत चार हजार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल दाखिल करने के साथ जुर्माना वसूल किया है। पुलिस ने जो कार्रवाई की है, उनमें दो हजार से ज्यादा प्रकरण आबकारी एक्ट के हैं।

**खास बातें**

- छह क्विंटल से ज्यादा गांजा, साढ़े पांच हजार लीटर शराब जब्त

एसएसपी संतोष सिंह के मुताबिक आबकारी एक्ट के तहत 23 सौ से ज्यादा लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है, उनमें 187 लोगों के खिलाफ गैर जमानती धारा के तहत कार्रवाई की गई है। इसी तरह से एनडीपीएस एक्ट के तहत 127 कार्रवाई में तीन सौ से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एसएसपी के मुताबिक कोटपा एक्ट के तहत 787 तथा ड्रंक एंड ड्राइव मामले में दो माह के भीतर 819 शराबी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

## इतने मादक पदार्थों की जब्ती

एसएसपी के मुताबिक मादक पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ अन्य वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष ज्यादा की गई है। दो माह के भीतर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए साढ़े पांच हजार लीटर से ज्यादा शराब जब्त की है। साथ ही इन दो माह में छह क्विंटल से ज्यादा गांजा जब्ती की कार्रवाई की गई है। वहीं पांच हजार टेबलेट के साथ सिरप जब्ती की कार्रवाई की गई है। गांजा, शराब, नशीली दवाओं के अलावा पुलिस ने इन दो महीनों में एमएएमडी, हीरोइन, अफीम जब्त की है।

## जितनी एक वर्ष में कार्रवाई, उतनी इस साल दो माह में

एसएसपी के मुताबिक ड्रंक एंड ड्राइव के मामले में पिछले वर्ष 610 कार्रवाई की गई थी। इस वर्ष महज दो माह में 819 लोगों के खिलाफ ड्रंक एंड ड्राइव की कार्रवाई की गई है। इसी तरह से कोटपा एक्ट में पिछले वर्ष कुल 23 कार्रवाई हुई थी, जबकि चालू वर्ष में दो माह के भीतर 819 कार्रवाई की गई है।

# रायपुर सीमा क्षेत्र की 6 शराब दुकानें 48 घंटे बंद रहेंगी

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के दौरान रायपुर जिले के आरंग और नवापारा क्षेत्र की 6 शराब दुकानें 48 घंटे बंद रहेंगी। ये दुकानें महासमुंद और गरियाबंद जिले की सीमा से करीब 3 किलोमीटर दूर है। चुनाव में इन दुकानों के खुलने से महासमुंद लोकसभा सीट के लिए होने वाले चुनाव में कोई असर न पड़े, इसे



देखते हुए कलेक्टर गौरव सिंह ने इन दुकानों को मतदान के एक दिन पहले शाम 5 बजे से मतदान खत्म होने तक बंद रखने का आदेश जारी किया है।

## ये दुकानें बंद रहेंगी

रायपुर जिला अंतर्गत संचालित देशी मदिरा दुकान नवापारा, विदेशी मदिरा दुकान नवापारा, विदेशी मदिरा दुकान गुल्लू, कम्पोजिट मदिरा दुकान नर्मदापारा (गुल्लू), देशी मदिरा दुकान आरंग एवं विदेशी मदिरा दुकान आरंग मतदान के एक दिन पूर्व शाम 5 बजे से मतदान खत्म होने तक बंद रहेंगी।

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

HMS शिव साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है

सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखे ....
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo- 9826782100

Education INSTITUTIONS
SACHDEVA NEW P.T. COLLEGE
RAIPUR : 0771-4080090
BHILAI : 0788-2261687
FREE* CRASH COURSE
NEET/PAT JEE
EFFECTIVE STUDY MATERIAL
BEST RESULTS
BEST FACULTY
MEDIUM : ENG./HINDI
SUMMER/REGULAR COURSE
X-XI-XII
CBSE/CG BOARD

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है**-अनुभवी ट्रान्सपोर्ट सुपरवाइजर की आवश्यकता है जिसे टाटा एवं लीलैंड ट्रक के मेंट्नेन्स का अनुभव हो और बाइक होनी चाहिए सम्पर्क करें Ashlor Transport, Bilaspur 8896200007 (33845)

**आवश्यकता है**-फर्नीचर शोरूम में काम करने के लिए सेल्स ब्वॉय, सेल्स गर्ल चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- अनमोल फर्नीचर स्टेट बैंक के बाजू में नयापारा मेन रोड चकरभाठा 9165420143 (33846)

**आवश्यकता है**-सर्विस मैनेजर, सर्विस एडवाइजर, टेक्नीशियन, सेल्स मैनेजर, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव, बिलिंग/ ऑपरेटर एक्जीक्यूटिव चाहिए इंटरव्यू समय सुबह 10.30 से शाम 5.30 सम्पर्क करें- वरुण सुजुकी राजीव गांधी चौक, जरहाभाठा, बिलासपुर 9174734567 (33838)

**आवश्यकता है**-स्पोर्ट्स दुकान में कार्य करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है वेतन 6000 से 11000 योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- छाया स्पोर्ट्स, सदर बाजार, बिलासपुर (3146)

**आवश्यकता है**-रेडिमेड (मेन्स वियर) दुकान में काम करने के लिए हेल्पर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- शगुन मेन्स वियर सिम्स के सामने मेन रोड बिलासपुर (33835)

**आवश्यकता है**-होलसेल मेडिकल में (1) दुकान कार्य एवं डिलीवरी (2) असिस्टेंट एकाउंटेंट (3) अनुभवी कम्प्यूटर आपरेटर की आवश्यकता है सम्पर्क करे जगत एजेन्सीज तेलीपारा बिलासपुर (33839)

**आवश्यकता है**-चश्मा दुकान में काम करने के लिए एक अनुभवी सेल्समैन की आवश्यकता है सम्पर्क करें- डेविल चश्मा, बालाजी सोनोग्राफी के बगल में सिम्स हॉस्पिटल के सामने बिलासपुर 9098444923 (33844)

**आवश्यकता है**-फिरोजाबाद बैंगल चुड़ी एवं मनिहारी दुकान में कार्य करने हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- तेलीपारा बिलासपुर समय सुबह 9.30 से रात 9बजे (33842)

**आवश्यकता है**-तत्काल सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता है बिलासपुर में वेतन योग्यता अनुसार तत्काल सम्पर्क करें- ए1 जीत सिक्युरिटीज प्राइवेट लिमिटेड, सीएलसी प्लाजा मंगला चौक बिलासपुर 8319001366, 9165931618 (33843)

**आवश्यकता है**-सिविल सुपरवाइजर, सीनियर इंजीनियर, स्टोर कीपर, सेल्स एक्सक्यूटिव की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता वेतन 7000 से 15000 साइड में रहने की जगह, बिजली पानी फ्री। सम्पर्क करें- 75096 10005, 9329738904 (33830)

**आवश्यकता है**-कटनी, ग्वालियर में रहकर ऑफिस में कार्य हेतु 18 से 28वर्ष के 10वीं, 12वीं पास अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है। वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना फ्री सम्पर्क करें- 6264375417, 62664 08332 (33831)

**आवश्यकता है**-भारतीय जीवन बीमा निगम में आकर्षक कमीशन पर अभिकर्ताओं (एजेंट) की आवश्यकता है। 10वीं/ 12वीं/ पार्ट टाईम/ फुल टाईम/ प्रायवेट व शासकीय सर्विस इत्यादी। सम्पर्क करें- विकास अधिकारी 73894 86395 (33834)

**आवश्यकता है**-ऑफिस बॉय-3, लेटर बोर्ड कार्य-4 के लिए लड़को की आवश्यकता है सम्पर्क करें- यश ट्रेडर्स शॉप नं.-2 GS प्लाजा जीत टॉकीज के सामने पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 9770651992, 9329085957 (33841)

**आवश्यकता है**-झाड़ू पोंछा, खाना बनाने बच्चों की देखरेख करने एवं अन्य घरेलु कार्यो हो हेतु भारी संख्या में महिलाओ, युवतियों की आवश्यकता है उम्र 18 से 45वर्ष, वेतन, मेडिकल, खाना आवास फ्री। सम्पर्क करें- राव जॉब सेन्टर बिलासपुर 9685899150 (33832)

**आवश्यकता है**-लोरमी के एक प्रतिष्ठित निजी विद्यालय में शिक्षकों की आवश्यकता है। गणित-2, अंग्रेजी-3, संस्कृत-1, कॉमर्स-1, ग्रंथपाल (Blib/ MLib)- 1पद, आकर्षक वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 6263934034, 83495 06457 (33833)

**आवश्यकता है**-Maya Buildcon बिलासपुर मोपका में मार्केटिंग और टेली कालिंग के लिए रीयल एस्टेट अनुभवी एवं लोकल लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9926512461 80856 78222 (33823)

**आवश्यकता है**-नर्सिंग होम मे कार्य हेतु प्रशिक्षित अप्रशिक्षित अनुभवी नर्सिंग स्टाफ, एएनएम, जीएनएम एवं आया की आवश्यकता है। संपर्क करें- समय 10 से 5तक केजीएन नर्सिंग होम फब्बारा चौक बैरन बाजार रायपुर 9425502209, 98930 42209 (1194)

**आवश्यकता है**-मॅट्रिमोनी में टैली कॉलिंग एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर हेतु महिला/ युवती की आवश्यकता है वेतन 5500 अनुभवी तथा कम योग्यता वाले भी संपर्क करें- पुराना बस स्टैंड बिलासपुर 9617467221 (2686)

**आवश्यकता है**-किराना दुकान में (M/F) सेल्समेन-2, मार्केटिंग मैनेजर-1, सोशल मीडिया मैनेजर-1, ग्राफिक डिजाइनर-1, ऑफिस हेल्पर-2 वेतन योग्यतानुसार ऑफिस- Farmers Pride India, A-120, नेचर सिटी फेस-1, उसलापुर, सकरी, बिलासपुर 7987551332, 91792 94949 (33826)

**आवश्यकता है**-कैफे में काम करने हेतु फ्रेशर युवक/ युवती की आवश्यकता है। सैलरी 6000 से 8000 योग्यतानुसार। पता- ब्रूबेरी कैफे, अम्बियन्स बिजनेस पार्क, CMD कॉलेज के सामने, बिलासपुर 79879 26453, 9131256249, 07752490992 (कॉल करें 12बजे के बाद) (33829)

**आवश्यकता है**-कंस्ट्रक्शन कम्पनी में ऑफिस प्यून की आवश्यकता है सैलरी अनुभव के अनुसार सम्पर्क करें- दोपहर 3 से शाम 6 तक के.डी. कंस्ट्रक्शन, बीआर ग्वालानी चैम्बर्स, व्यापार विहार रोड, बिलासपुर 8269208555 (33800)

**आवश्यकता है**-होलसेल+ रिटेल मेडिकल में कम्प्यूटर ऑपरेटर (सैलरी 8000 से 14000) माल मिलाने हेतु लड़कियां (सैलरी 5000 से 8000) ट्रांसपोर्ट में माल छोड़ने हेतु लड़के (सैलरी 6000 से 9000) पता- प्रीमियर एजेन्सी, मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर (33828)

**आवश्यकता है**-प्रभा हॉस्पिटल में अनुभवी PRO (फील्ड वर्क), रिसेप्शनिस्ट/ हास्पिटल मैनेजमेंट, फार्मासिस्ट (मेडिकल स्टोर हेतु), ओटी टेक्नीशियन, नर्सिंग स्टाफ, एक्सरे टेक्नीशियन। पता- महामाया चौक रतनपुर रोड लोधीपारा पुराना सरकंडा बिलासपुर 7470946314 (33811)

**आवश्यकता है**-पंथ श्री गृन्धमुनि नाम साहेब स्मृति चिकित्सालय, कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा बलौदा बाजार (छ.ग.) अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है नर्स, ओटी नर्स, लैब टेक्निशियन, एक्स-रे टेक्निशियन, नेत्र जांच टेक्निशियन, फार्मासिस्ट, वार्डबॉय। आवास निशुल्क। संपर्क करें- 9977977214 (2683)

**आवश्यकता है**-Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घर बैठे पार्ट/ फुल टाईम SMS जॉब करके लड़के, लड़कियों, गृहणियां कमाए 18000- 55000/- महिना लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त Call/ SMS/ Whats App/ करें -07903284986 (033/24-25)

**आवश्यकता है**-यश सुपर बाजार में कार्य करने हेतु अनुभवी कम्प्यूटर आपरेटर एवं सेल्समैन चाहिए पता- (1) रिंग रोड नं.-2, महाराणा प्रताप चौक (2) भारतीय नार चौक, व्यापार विहार रोड, बिलासपुर 9329941444 (33825)

**आवश्यकता है**-सांईं इलेक्ट्रॉनिक्स में बिजी सॉफ्टवेयर में बिलिंग कार्य करने हेतु अनुभवी ऑपरेटर की आवश्यकता है केवल जानकार ही सम्पर्क करें- 87705 89024, 8458844448 (33798)

**आवश्यकता है**-कम्प्यूटर दुकान में लड़के/ लड़की चाहिए CCTV कैमरा लगाने, कार चलाने, एकाउंटिंग साफ्टवेयर चलाने वालों के प्राथमिकता सेलरी योग्यता अनुसार बायोडाटा सहित मिलें- कम्प्यूटर एण्ड कम्प्यूटर्स होटल मिडटाउन काम्पलेक्स टेलीफोन एक्सचेंज रोड बिलासपुर 9827153134, 07752419633 (33794)

**आवश्यकता है**- सिरगिट्टी स्थित फैक्ट्री में सुपरविजन कार्य हेतु सुपरवाइजर की आवश्यकता है पढ़े लिखे अनुभवी को प्राथमिकता आधार सहित संपर्क करें- 9522277770 (33797)

**आवश्यकता है**-शीघ्र भर्ती सुरक्षागार्ड- 20 वेतन 9000 से 11000 अनुभव अनुसार आवास फ्री सम्पर्क राजू सर्विस सेन्टर के बगल में, शंकर नगर हेमू नगर गेट के पहले, बिलासपुर 8461881111, 9303280228, 6264 351028 (33799)

**आवश्यकता है**-होटल में कार्य करने के लिए लड़के/ लड़कियों, स्टाफ की आवश्यकता है वेतन 8000 से 12000 सम्पर्क करें- होटल अर्जुन तिफरा नया बस स्टैण्ड बिलासपुर 7879122666 (33804)

**आवश्यकता है**-इंग्लिश मिडियम स्कूल में हेड मिस्ट्रेस/ प्रिंसिपल- (ग्रेजुएट, बीएड) (रिटायर्ड अनुभवी भी आवेदन कर सकते हैं), ड्राईवर- 8वीं, प्युन- 8/10वीं पता- भारत भारती विद्या मंदिर, कस्तूरबा नगर बिलासपुर 93006 54801, 9755854925 (33755)

**आवश्यकता है**-Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घर बैठे पार्ट/ फुल टाईम SMS जॉब करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए 15000- 45000 महिना लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त Call/ Whats App/ SMS करें- 8420183092 (100/24-25)

**आवश्यकता है**-नेहरु नगर स्थित घर में खाना बनाने एवं गृह कार्य करने हेतु सुबह से शाम तक के लिए बाई की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7000370264 (33822)

**आवश्यकता है**-होलसेल दुकान में काम करने के लिए लड़कों एवं सेल्समैन की आवश्यकता है सम्पर्क करें- श्री देवेश इन्टरप्राइजेस, पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 87709 65033, 9827187037 (33802)

**आवश्यकता है**-अनुभवी सेल्समैन एवं सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है कॉलोनी प्रोजेक्ट के लिए। सम्पर्क करें- निर्वाणा होम्स बिलासपुर 9755042841, 97555 535553 (33803)

**आवश्यकता है**-JCB मशीन आपरेटर की यदुनन्दन नगर तिफरा बिलासपुर में लोकल कार्य हेतु डेली या मासिक वेतन पर रखना है सम्पर्क करें- रविन्द्र पाटनवार 9753311111 (33766)

**आवश्यकता है**-ट्रेन्ड नर्स व कम्पाउन्डर की आवश्यकता है संपर्क करें जय अम्बे नर्सिंग होम महाराणा प्रताप चौक रिंग रोड, नं.-2 बिलासपुर 99819 70583 (33750)

**आवश्यकता है**-फील्ड में कार्य करने के लिए (केवल पुरुष) स्टाफ की आवश्यकता है समय- सुबह 7बजे से शाम 4बजे तक वेतन- 8000/- सम्पर्क करें- सीएमडी चौक बिलासपुर 9695644325, 7389504106 (33751)

**आवश्यकता है**-हेल्थ सेक्टर में करियर बनाएं 8/10/12वीं फेल लड़कों/ लड़कियों ना हो निराश मेडिहब्स होम हेल्थ केयर से जुडकर कमाएं 8000 से 25000 प्रतिमाह+ रहना फ्री रजिस्ट्रेशन हेतु सम्पर्क करें- ऑफिस रायपुर 77720 111224 (3919)

**आवश्यकता है**-रायपुर लिमिटेड कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर हेतु हाईट 5फीट 6इंच, 4फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहना, खाना फ्री वेतन 10000 से 15000 सम्पर्क करें- 8109070600, 7869230888 (2628)

**आवश्यकता है**-फैक्ट्री हेतु सुरक्षा गार्ड वेतन 12000 से 19000 तक PF+ ESI+ Bonus+ रहना फ्री, मेस की सुविधा 8वीं से स्नातक वेतन प्रतिमाह 7तारीख को संपर्क करें- शिव सेक्युरिटी सर्विस, शॉप नं.-28, प्रथम तल कमला सुपर बाजार, तेलघानी नाका चौक, रायपुर 07714036689, 8120957510, 97703 04037 (1185)

**Required**-Smart Candidate required for Client Handling in Construction Project (Male, Civil Knowledge exper. preferred) Salary- 10k to 15k Call- 95890 00671, 7970010958 (33840)

**आवश्यकता है**-बुकिंग में कार एवं इनोवा चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर चाहिए। न्यूनतम अनुभव 5वर्ष। वेतन 11000+ 100 रुपये भत्ता+ 100 रुपये नाईट। सम्पर्क करें- सक्षम टूर एण्ड ट्रेवल्स, बिलासपुर 6264125145 (33694)

**आवश्यकता है**-स्कोडा (Skoda) एवं स्विफ्ट कार चलाने के लिये अनुभवी ड्राईवर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सुबह 9 से सुबह 12बजे तक रामा मैग्नेटो मॉल के सामने बिलासपुर 90097 52366, 8643039978 (33817)

**आवश्यकता है**-ट्रक ड्राइवर की आवश्यकता है 14 चक्का लेलेंद्र लाइन में चलने के लिए वेतन- 15000+ फिक्स चक्कर ट्रिप- 15000+ प्रति ट्रिप संपर्क करें- 9109191899, 94252 13622 (952)

## बेचना

**बेचना है**-20एकड़, 3एकड़, 2एकड़ कृषि भूमि मेन रोड पर जिसमें रोड, ट्यूबवेल पम्प नहर अपासी है। हाईकोर्ट के पीछे 6लेन रोड ग्राम अमसेना में बेचना है सम्पर्क करें- 93025 21946, 9713851988, 9425219649, 9893221010 (33793)

**बेचना है**-सेमी कमर्शियल प्लॉट तिफरा काली मंदिर के सामने मन्नाडोल रोड में 42 फीट फ्रंट 25 फिट गहराई का उत्तर मुखी प्लॉट बेचना है 9300326160 (33824)

**बेचना है**-रामा वैली आर-7 में 25×55 साईज का शानदार प्लाट 3500 रुपये फुट में बेचना है। सम्पर्क करें- सुरेश डोडेजा 9827102673, 9981079980 (33837)

**बेचना है**-सूर्या विहार वसंत विहार के पास लिंगियाडीह में बिलासपुर में डायवर्टेड प्लॉट 40×60=2400वर्गफीट दक्षिण मुखी बेचना है सम्पर्क करें- 8269370147 (33801)

**बेचना है**-हेल्थ एजुकेशन में डेवलप एरिया सेंदरी मोपका बायपास रोड में 2डिस, 5डिस, 10डिस, 15डिस, 26डिस, 37 डिस, 52डिस, 83डिस, 1एकड़ 54डिस का शानदार जमीन सम्पर्क करें-9406441535, 9300878897 (2681)

**बेचना है**-सागरदीप कालोनी उस्लापुर में चौकमें 5 नवनिर्मित दुकान 10×16 साइज में डायवर्सन शुदा, लेन्टर सहित शीघ्र बेचना है सम्पर्क करें- 7477002232, 95754 88801 (33795)

**बेचना है**-सागरदीप कालोनी, उस्लापुर में डायवर्सन शुदा 35×45=1575 वर्गफुट में नवनिर्मित मकान ऊपर नीचे 4 बेडरूम, 2हाल, 2किचन, 4 टॉयलेट, 2अटेच, 2कॉमन, 2 बरामदा, स्टोर रूम, पूजा रूम, कार पार्किंग, स्वयं का बोर, इन्वर्टर कनेक्शन, एसी कनेक्शन सहित बेचना है सम्पर्क -7477002232, 9575488801 (33796)

**बेचना है**-यदुनंदन नगर में 3bhk, सर्व सुविधा युक्त नया मकान रेडी में, मोपका बाई पास बिरला स्कूल नगोई मुख्य मार्ग से 50 मीटर साईड रोड पर एक एकड़ प्लाट, व यदुनंदन नगर सेक्टर- डी 80 फिट रोड में कॉमर्शियल एवं आवासीय सर्व सुविधा युक्त प्लाट, एवं सैदा में 0.76 एकड़ प्लाट बेचना है संपर्क- 72411 11402, 917489244588 (2672)

**बेचना है**-शर्मा विहार कालोनी में 25×50, 50×50 शिवम विहार कॉलोनी में 30×55, शिवा विहार में 38×55,गोल्डन पिटल्सहोम कालोनी में 30×52.5 एवं विजयापुरम फेस-1 में 45×56 का शानदार प्लाट सम्पर्क करें-95757 88444, 9827973060 (2682)

**बेचना है**-उषा लता कांप्लेक्स में किम्स हॉस्पिटल के सामने फर्स्ट फ्लोर फ्रंट साइड 650 फुट एवं नीचे दुकान नं.-3 साइज 200 फुट बेचना है सम्पर्क करें-8964980000, 9826681000 (33706)

**बेचना है**-DPS स्कूल, बस स्टैण्ड बिलासपुर से 1.5km, GST Office से लगा। 80' चौड़ी घुरु अमेरी रोड पर नवनिर्मित वीनस अपार्टमेंट में सर्वसुविधायुक्त 2/3BHK फ्लैट्स सेल/रेंट पर उपलब्ध, सम्पर्क- 9340090620, 7898918151 (33424)

**बेचना है**-बिलासपुर मंगला धुरीपारा Govt इंग्लिश मीडियम स्कूल के पास मेनरोड से आधा किमी की दूरी पर सर्वसुविधायुक्त 3बीएचके डुप्लेक्स मकान 26लाख में बेचना है प्लॉट साइज 25×50 सम्पर्क करें- 7415087900, 9329940681 (2606)

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि मे प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जांच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये गये किसी भी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।


Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें
- शिवम एड एजेंसी एण्ड पब्लिसिटी:- मो.9993567380, 8770837744
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो.9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स एण्ड पब्लिसिटी:- मो.9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो.9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो.9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो.9826705603
- एड प्रयास:- मो.9826701269, 9926003943
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो.9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो.9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो.9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो.9826304304,9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो.9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो.9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

Medicare Specialists

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

गुप्त रोगी स्वयं मिले

शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढ़ीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी
मशीनों द्वारा जांच
अचूक दवाओं का सम्पूर्ण मिश्रण
आपकी परेशानी का मात्र 1 दिन में सम्पूर्ण ईलाज
संपर्क डॉ. अहमद
जे.जे. हॉस्पिटल
होटल आशीष इंटरनेशनल जी.ई.रोड पॉवर हॉऊस बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिनः सुबह 9 से शाम 7 बजे
रविवार 9 से 4 बजे तक
9098889899

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 10 |
| चेन्नई | 7 | 4 | 3 | 8 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 |
| बेंगलोर | 8 | 1 | 7 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
379 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
13 विकेट
मुंबई

बाउंड्री मीटर
1122 चौके
643 छक्के

# गुकेश की सफलता में छिपा है माता-पिता का त्याग, 'क्राउड फंडिंग' से चलाया खर्च

## पिता रजनीकांत ईएनटी सर्जन जबकि उनकी मां 'माइक्रोबायोलोजिस्ट' हैं

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में अपनी ऐतिहासिक जीत के बाद सुर्खियां बटोर रहे हैं लेकिन 17 साल के इस खिलाड़ी के सपने को हकीकत में बदलने के लिए उनके माता-पिता को कई त्याग करने पड़े। गुकेश शतरंज खेलना जारी रख सकें इसलिए उनके पिता को अपने करियर को रोकना पड़ा और खर्चों को पूरा करने के लिए 'क्राउड फंडिंग' का भी सहारा लेना पड़ा।

ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया और वह विश्व चैंपियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बन गए। गुकेश के पिता रजनीकांत ईएनटी सर्जन है जबकि उनकी मां 'माइक्रोबायोलोजिस्ट' है।

### चौथी के बाद नहीं गए स्कूल

चिकित्सकों के परिवार से आने के बावजूद गुकेश बचपन से ही शतरंज को लेकर जुनूनी रहे हैं। उनके समर्पण को देखते हुए, उनके माता-पिता ने उन्हें चौथी कक्षा के बाद पूर्णकालिक स्कूल जाने से रोकने का फैसला किया। प्रसन्ना ने कहा, 'वह कुछ समय से किसी भी परीक्षा में नहीं बैठा है। इसलिए, मुझे नहीं लगता कि वह इस स्तर पर अकादमिक रूप से कुछ भी करने की कोशिश कर रहा है। मुझे नहीं पता कि वह इसमें वापस जाएगा या नहीं। उसकी मां हालांकि इस चीज को लेकर थोड़ी चिंतित जरूर रहती है।'



### नहीं था कोई प्रायोजक

गुकेश के पास कोई प्रायोजक नहीं था और उन्हें पुरस्कार राशि और 'क्राउड-फंडिंग' से अपने वित्त का प्रबंधन करना पड़ता था, लेकिन इन सबके बावजूद वह पिछले साल अपने आदर्श विश्वनाथन आनंद को पछाड़कर भारत के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी बनने में सफल रहे।

### पिता का छूटा काम

रजनीकांत ने 2017-18 में अपने पेशे से विराम लिया और बेहद की कम बजट में अपने बेटे के साथ दुनिया भर का सफर पूरा किया। इस दौरान परिवार का खर्च चलाने की जिम्मेदारी उनकी मां ने उठाई। गुकेश के बचपन के कोच विष्णु प्रसन्ना ने कहा, 'उनके माता-पिता ने बहुत त्याग किए हैं। उनके पिता ने अपने करियर की लगभग बलि चढ़ा दी जबकि उनकी मां परिवार का भरण-पोषण कर रही हैं। गुकेश और उनके पिता ज्यादातर समय यात्रा कर रहे होते हैं। यात्रा के कारण गुकेश के माता पिता को एक दूसरे से मिलने का भी मौका बेहद मुश्किल से मिलता है।'

### देश विदेश से मिल रही बधाइयां

'क्या शानदार जीत। सत्रह बरस की उम्र में फिडे कैंडिडेट्स जीतने वाला सबसे युवा खिलाड़ी। यहां से अब विश्व चैंपियनशिप का सफर और हर कदम पर हम तुम्हारे साथ हैं। जाओ इतिहास रच दो।'
- **सचिन तेंदुलकर**, क्रिकेटर

'डी गुकेश को सबसे युवा चैलेंजर बनने पर बधाई।'
- **कोनेरू हम्पी**

'गुकेश को कैंडिडेट्स जीतने पर बधाई । क्या शानदार टूर्नामेंट रहा। मैं पहले ही मुकाबले से जानता था कि वह खास है। वह 12 वर्ष की उम्र में ग्रैंडमास्टर बन चुका था। उसकी विश्लेषण क्षमता, परिपक्व रवैया और गणना के कौशल से मैं काफी प्रभावित हूं। भावी विश्व चैंपियन।'
- **डेविड होवेल**, इंग्लैंड के ग्रैंडमास्टर

'गुकेश को बधाई और फेबि, इयान को शानदार प्रदर्शन के लिए खास पुरस्कार। सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक। सभी जांबाजों को बधाई। जिस तरह से उन्होंने खेला, वही सबसे अहम है।'
- **ब्लादीमिर क्रामनिक**, पूर्व विश्व चैंपियन

## खबर संक्षेप



### रमित गोयूना स्क्वाश में हारकर बाहर

**नई दिल्ली।** भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी रमित टंडन को मिस्र में एल गोयूना अंतरराष्ट्रीय ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के तीसरे दौर में दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी डिएगो एलियास से हार का सामना करना पड़ा। शुरुआती दो दौर में शानदार प्रदर्शन करने वाले टंडन को 198,000 डॉलर पुरस्कार राशि के पीएसए प्लेटिनम स्क्वाश टूर्नामेंट में पेरू के खिलाड़ी ने 35 मिनट में 11-2, 11-4, 11-2 से हराया। विश्व रैंकिंग में 40वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी टंडन अगले महीने मिस्र में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप की तैयारी कर रहे हैं।

### भावेश और सिमरनप्रीत ने जीता ओलंपिक चयन ट्रायल



**नई दिल्ली।** भावेश शेखावत और सिमरनप्रीत कौर बरार ने पहले ओलंपिक चयन ट्रायल में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में ओएसटी 2 जीत लिया है। कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज पर चल रहे ट्रायल में भावेश ने फाइनल में 34 स्कोर किया और ओएसटी 1 के विजेता अनीश भानवाला (29) से आगे रहे। विजयवीर सिद्धू 22 हिट के साथ तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में सिमरनप्रीत ने पांच पांच शॉट की पहली दस सीरिज में 37 स्कोर किया।

**आईपीएल**

**दोनों टीमों के सात मैचों में आठ अंक**

# अपने गढ़ में लखनऊ से बदला चुकता करने उतरेगी सीएसके

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स अपने गढ़ चेपॉक स्टेडियम पर मंगलवार को लखनऊ सुपर किंग्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका इरादा पिछली हार का बदला चुकता करने के साथ अंकतालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने का भी होगा। पिछली बार दोनों टीमों का सामना पिछले सप्ताह लखनऊ में हुआ था। केएल राहुल और क्विंटोन डिकॉक ने पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड साझेदारी की थी जिसके दम पर लखनऊ ने जीत दर्ज की। दोनों टीमों के सात मैचों में आठ अंक हैं।

चेन्नई सुपर किंग्स का अभेद्य किला रहा है चेपॉक और अब उसे यहां लगातार तीन मैच खेलने हैं। दूसरे मैदान पर हारने के बाद अब उनकी नजरें अपने घर पर तीनों मैच जीतकर प्लेआफ का दावा पुख्ता करने पर लगी होंगी।

चेन्नई के लिए कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे ने अधिकांश रन बनाए हैं। लखनऊ के खिलाफ उनके नाकाम रहने से चेन्नई को अच्छी शुरुआत नहीं मिल सकी और बीच के ओवरों में टीम जूझती नजर आई। सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र का फॉर्म चिंता का विषय है।



### टीमें इस प्रकार हैं

**लखनऊ सुपर जाइंट्स:** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान।

**चेन्नई सुपरकिंग्स:** महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी।

### ओपनिंग को लेकर चिंता

चेन्नई ने अजिंक्य रहाणे को पारी का आगाज करने भेजा जिसकी वजह से गायकवाड़ तीसरे नंबर पर उतरे। सलामी बल्लेबाज के तौर पर तीन अर्धशतक जमाने के बाद गायकवाड़ के सामने यह दुविधा होगी कि वह तीसरे नंबर पर खेलें या फिर से पारी का आगाज करें। रविंद्र जडेजा भी अर्धशतक जड़ चुके हैं जिससे मोईन अली और महेंद्र सिंह धोनी को आखिरी ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी का मौका मिला। चेन्नई को उम्मीद होगी कि उसका शीर्षक्रम एक बार फिर रन बंटोरकर बड़े स्कोर की नींव रखेगा।

### लखनऊ के बल्लेबाज फेल

लखनऊ के लिए बल्लेबाजी चिंता का सबब है लेकिन उन्होंने साबित कर दिया है कि शीर्षक्रम के चलने पर वे क्या कर सकते हैं। राहुल और डिकॉक फॉर्म में हैं और उन्हीं पर यहां सबसे ज्यादा रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। निकोलस पूरन ने जरूरत पड़ने पर हमेशा रन बनाये हैं और लखनऊ की उम्मीदें उन पर भी टिकी होंगी। गेंदबाजी में लखनऊ को युवा तेज गेंदबाजी सनसनी मयंक यादव की वापसी की उम्मीद होगी जो पेट के निचले हिस्से में खिंचाव के कारण दो मैचों में बाहर रहे। तेज गेंदबाज मोहसिन खान और यश ठाकुर ने चेन्नई को कम स्कोर पर रोकने की कोशिश की लेकिन आखिरी ओवरों में धोनी के बल्ले से निकले आतिश को नहीं रोक सके।

# राजस्थान की लगातार तीसरी जीत

## यशस्वी जायसवाल ने दूसरा शतक जमाया
## संदीप शर्मा को 5 विकेट



एजेंसी ▶▶| जयपुर

राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल-2024 में दूसरी बार लगातार तीसरी जीत हासिल की है। टीम ने सीजन के 38वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 9 विकेट से हराया। यह राजस्थान की 17वें सीजन में 7वीं जीत रही, इसी के साथ रॉयल्स की टीम पॉइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंच गई। दूसरी ओर मुंबई ने 5वां मुकाबला गंवाया।

जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में सोमवार को मुंबई ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 179 रन बनाए। राजस्थान ने 180 रन का टारगेट 18.4 ओवर में एक विकेट खोकर हासिल कर लिया। राजस्थान रायॅल से ओपनर यशस्वी जायसवाल ने 60 बॉल पर नाबाद 104 रन की शतकीय पारी खेली। उन्होंने 9 चौके और 7 छक्के जमाए। जोस बटलर ने 35 और कप्तान संजू सैमसन ने नाबाद 38 रन का योगदान दिया। मुंबई से पीयूष चावला को एक विकेट मिला। मुंबई से तिलक वर्मा ने 45 बॉल पर 3 छक्कों से सजी 65 रन की अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि नेहल वाधेरा 49 रन बनाकर आउट हुए। मोहम्मद नबी ने 23 रन का योगदान दिया। राजस्थान की ओर से संदीप शर्मा ने 5 विकेट झटके। ट्रेंट बोल्ट को 2 विकेट मिले। युजवेंद्र चहल ने एक विकेट लिया।

### यशस्वी के चौके से जीता राजस्थान

राजस्थान ने सीजन की 7वीं जीत हासिल कर ली है। टीम ने मुंबई को 9 विकेट से हराया। 19वां ओवर लेकर आए तिलक वर्मा की बॉल पर जायसवाल ने चौका जमाकर टीम को जीत दिलाई।

### स्टार्क सुपरस्टार, निवेश के नजरिए से नहीं सोचा

**कोलकाता।** मिशेल स्टार्क को इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में खराब प्रदर्शन के कारण आलोचना का सामना कर पड़ रहा है। सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी वेंकी मैसूर ने समर्थन करते हुए कहा कि वह इस अनुभवी खिलाड़ी को 'निवेश के दृष्टिकोण' से नहीं देखते हैं। केकेआर ने आईपीएल नीलामी स्टार्क को रिकॉर्ड 24.75 करोड़ रुपए की बोली के साथ टीम में शामिल किया था। इसे हालांकि जोखिम भरा फैसला माना जा रहा था कि क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के पास सबसे छोटे प्रारूप में सीमित अनुभव था और वह नौ साल बाद आईपीएल में वापसी कर रहे थे।



# कोहली पर मैच फीस का लगा 50 फीसदी जुर्माना



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पर सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाने के लिए उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया।

कोहली लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरे ओवर में हर्षित राणा की फुलटॉस गेंद पर आउट करार दिए गए थे। इस गेंदबाज ने ही कोहली का कैच लपका। इस मैच में केकेआर की टीम ने रविवार को सात विकेट पर 222 रन बनाने के बाद एक रन से रोमांचक जीत दर्ज की। इंडियन प्रीमियर लीग में नो-बॉल को ऊंचाई से मापने वाली 'हॉक-आई प्रणाली' लागू है। इसके तहत क्रीज में बल्लेबाज के कमर की ऊंचाई से गेंद की ऊंचाई का आकलन कर नो बॉल का फैसला किया जाता है। कोहली के बल्ले से जब गेंद का संपर्क हुआ था तब गेंद उनके कमर के ऊपर की ऊंचाई पर थी। वह हालांकि इस समय क्रीज से बाहर थे और गेंद नीचे की ओर आ रही थी। टीवी अंपायर माइकल गॉफ ने ऊंचाई की जांच की और हॉक-आई ट्रैकिंग के अनुसार, अगर कोहली क्रीज में होते तो गेंद कमर के पास 0.92 मीटर की ऊंचाई से गुजरी होती। इस स्थिति में गेंद कोहली की कमर की ऊंचाई से नीचे होती। ऐसे में गॉफ ने बॉल ट्रैकिंग के पैमाने पर गेंद की ऊंचाई को कोहली की कमर की ऊंचाई से नीचे पाया और उन्हें आउट करार दिया। कोहली हालांकि इस फैसले से सहमत नहीं दिखे उन्होंने गुस्से जैसी प्रतिक्रिया के साथ मैदानी अंपायर से बात की।

### डुप्लेसी पर लगा 12 लाख रुपए का जुर्माना

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डु प्लेसी पर आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में 12 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया जबकि पंजाब किंग्स के कप्तान सैम कुरेन पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। डु प्लेसी कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आरसीबी की एक रन से पराजय में धीमी ओवरगति के दोषी पाए गए थे।

## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

1. श्रीमति रत्ना तिवारी, तुलसी आवास राजकिशोर नगर, 2. महेन्द्र कुमार बनर्जी नरगोड़ा सीपत, 3. विमल कुमार जैन कुददुण्ड वार्ड – 16, 4. सुंरेन्द्र कुमार यादव, विकास नगर कुददुण्ड, 5. संजय गुप्ता मेन रोड तोरवा नाका, 6. राकेश कुर्रे तालापारा, 7. सुब्रता विश्वास, एम.आई.जी.– 22, नेहरू नगर, 8. श्रीसीताराम देवांगन राजकिशोर नगर बिलासपुर, 9. हर्षवर्धन श्रीवास खपरगंज बिलासपुर, 10. भावना राठौर, श्री राधाकुंज जगमल ब्लाक स्टेशन रोड,11. आयुष रात्रे एच.आई.जी. – 04, न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी देवरीखुर्द, 12. श्रीमति लता देवी तिवारी, / 72 नेचर सिटी, 13. रानू कुमार गुप्ता एम.आई.जी.– 56, नेहरूनगर, 14. रमेश कुमार नया सरकण्डा जबड़ापारा, 15. रामगोपाल देवांगन, राजकिशोर नगर बिलासपुर, 16. आसिया शेख सिम्स के सामने गोड़पारा, 17. विजय महतो ए/251, बसंत विहार एस.इ.सी.एल कालोनी, 18. सौरभ काछी अटल आवास बहतराई, 19. सुभाष कुमार श्रीवास डी/ 133, यदुनंदन नगर, 20. बद्रीप्रसाद ग्राम – गिधौरी, 21 नरेन्द्र कुमार यादव गौर कालोनी तिफरा, 22. आशुतोष सिंह ठाकुर एल.आई.जी.– 204, देवरीखुर्द, 23 पुष्पा सिदार मनोहर टाकीज के पीछे जूना बिलासपुर, 24. सैयद जुनैद मझवापारा जरहाभाठा, 25 रसिका गुडधे, सी/4, कालजी कुंज रिंग रोड नं.–2, **पाठक पुरस्कार योजना बिलासपुर आउटर–** 1. आंचल पटेल ग्राम – सुरदा पो. देवरी , मुंगेली, 2. पंचानन प्रसाद यादव धरमपुरा मुंगेली, 3. सतीश कुमार रामा छतौना 4. सुरभि शुक्ला तखतपुर 5. जनक राम राजवाडे, वार्ड – 7 साधीपारा रतनपुर, पाठक पुरस्कार योजना अंबिकापुर 1. राजेश त्रिपाठी, एस– 1/बी– 2, वसुन्धरा विहार गोधनपुर अंबिकापुर, 2.श्रीमति सोनी देवी रिंग रोड नमना कला अंबिकापुर 3. वैष्णवी सिंग गोधनपुर चंदू गैरेज वार्ड नं. – 5, अंबिकापुर, 4. लाल जी साव, पंजाब गार्डन के सामने अंबिकापुर 5. रोहित कुमार विश्वकर्मा, रिंग रोड मिशन चौक अंबिकापुर, **पाठक पुरस्कार योजना जांजगीर** 1.गोपाल प्रसाद कौशिक डोगाकोहरौद 2. प्रियंका अविनाशी डोगा कोहरौद, 3.विधानंद यादव, जगदल्ला चांपा 4. मिथलेश कुमारी, सुलौनी सक्ती, पाठक पुरस्कार योजना कोरबा, 1. राजेन्द्र प्रसाद विश्वकर्मा, बांकी मोंगरा , सोमवारी बाजार, 2.रेशमा परवीन, 47/245, शक्ति चौक बांकी मोंगरा, 3. मंजू महंत, क्वा. नं. – 31/2 मनोरंजन मंदिर, बांकी मोंगरा कोरबा 4. प्रभात चौहान, गजरा साईड पीपल मोहल्ला बांकी मोंगरा 5. मिलन साय कुर्रे, सुमेंधा बल्गी प्रोजेक्ट 6. विरेन्द्र वैष्णव स्याहीमुड़ी, **पाठक पुरस्कार योजना रायगढ़,** 1. श्याम सिंह ठाकुर, दरोगापारा मस्तागली रायगढ़, 2. उर्मिला सिंह ठाकुर, दरोगापारा मस्तागली रायगढ़ 3. विधाधर किसान, बड़ेरामपुर रायगढ़ वार्ड नं.– 8, **पाठक पुरस्कार योजना कोरिया,** 1. मो. आफताब अंसारी महाराणा प्रताप कालोनी चरचा, 2. महमूद खान, वार्ड नं. – 03, सेंट पीटर स्कूल के पास|

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम, छ.रा.वि.मं. का एक उत्तरवर्ती कंपनी)
CIN: U40108CT2003SGC015822
कार्या. कार्यपालन अभियंता ( सं. / सं.) संभाग बैकुण्ठपुर,

**विद्युत लाईन चालू करने की सूचना**

समस्त सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि सोनहत वितरण केन्द्र के अंतर्गत सब–स्टेशन 33/11 केव्ही सोनहत से निकलने वाली नवीन 11 केव्ही फीडर मेंड्रा को आज दिनांक 23.04.2024 से कभी भी चालू किया जा सकता है। अत: सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है। कि विद्यमान नवीन 11 केव्ही मेंड्रा फीडर से दूरी बनाये रखें। जिसे किसी भी प्रकार की विषम परिस्थिति से बचा जा सकें।

* स्व– हित एवं राष्ट्रहित में विद्युत की बचत करें। *
* विद्युत देयक का भुगतान समय पर करें। *

कार्यापालन अभियंता (सं./सं.) संभाग
छ.ग.स्टे.पा.डि.कं.लि. बैकुण्ठपुर

**Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission**
Irrigation Colony, Shanti Nagar, Raipur - 492 001 (C.G.)
Website: www.cserc.gov.in, E-mail: cserc.sec.cg@nic.in;
Ph.0771-4073568, Fax: 4073553

**Vacancy Circular**

Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission had published a notice for appointment of Chairpersons in various Consumer Grievances Redressal Forum (CGRF) located at different places in Chhattisgarh State. Detailed advertisement e.g. Salary, required qualifications, experience etc. and general terms and conditions for appointment are available on the Commission's website www.cserc.gov.in. Last date for submitting the application for above posts has been extended upto **20/05/2024**.

**Secretary**

**APPOINTMENT**

**CHOUKSEY COLLEGE OF SCIENCE & COMMERCE**
Affiliated to :- Atal Bihari Vajpayee Vishwavidyalaya, Bilaspur
Lal khadan, Masturi Road, NH-49 Bilaspur (C.G.)-495001

Application are Invited for the Appointment Of Following Post Under Section 28

**Assistant Professor**

| Subject | Post | Subject | Post |
|---|---|---|---|
| Hindi | 01 | Chemistry | 02 |
| English | 01 | Law | 03 |
| Commerce | 02 | History | 01 |
| Computer Science | 02 | Political Science | 01 |
| Zoology | 02 | Sociology | 01 |
| Botany | 02 | Management | 01 |
| Biotechnology | 01 | | |

**Librarian – 01 Post**

Note:-
The Qualification and Pay Scale for the Above Posts will be Valid as per the pay Scale Prescribed by UGC and the Eligibility and pay Scale Prescribed by the State Government.

Interested Candidates Should send their Resume at this mail id principalccsc@cecbilaspur.ac.in within 7 days

**IndusInd Bank**

**VEHICLES/MACHINERY AUCTION NOTICE**

Online/ Offline bids are invited for the sale of the following vehicles/machinery, on 'as is where is' basis:

| Sl.No. | Branch | Deal No. | Customer Name | Regd. No. | Yard |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | BHILAI | FBB00697D | ABDUL | MP22P0359 | WAHAN THIKANA, NAGPUR |
| 2 | BALODA BAZAR | FBZ00259L | SHEMSHON VANI DAS | CG04PJ2105 | PADUMONI PARKING YARD, LAKHIMPUR, ASSAM |
| 3 | MANENDRAGARH | FBA00621D | R RAJ KUMAR | CG16CH0134 | SAGAR PARKING YARD, RAIGARH |
| 4 | RAIGARH | FHA00130D | M PARASNATH | CG15AC3318 | SAGAR PARKING YARD, RAIGARH |
| 5 | JANJGIR | FJR00339D | RAI TRADERS | CG11BD4086 | R S PARKING YARD, KORBA |
| 6 | JANJGIR | FJR00409D | A MANOJ KUMAR | CG11BH1278 | SAGAR PARKING YARD, RAIGARH |
| 7 | RAIGARH | FRA02059D | S ALIL | CG13LA4759 | SAGAR PARKING YARD, RAIGARH |

For any queries or inspection of the vehicles, please contact us at: Indusind Bank Ltd, 3rd Floor, Ravi Bhawan, Raipur (C.G.) **Call: 0771-4255804, Last Date : 29th April, 2024.**
The borrowers/co-borrowers/successors/heirs concerned are hereby once again called upon to clear their dues before the above mentioned last date, failing which we shall be constrained to sell the vehicle and recover from them further loss, if any.
-Authorized Officer

**Date : 23rd April, 2024, Raipur** www.indusind.com
"Now View, Select and Bid on your favourite Bike/Car online! Register on https://induseasywheels.indusind.com"

# रेलवे से हैंडओवर लिया रैन बसेरा का हॉल अब निर्णय में विलंब के कारण की तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




■ निगम ने भवन का हॉल खाली कराने के बाद साधी चुप्पी इसलिए ऐसा हाल

रेलवे ने लोगों की सुविधा के लिए पंडरी बसस्टैंड में निगम द्वारा संचालित रैन बसेरा की बिल्डिंग में भूतल पर बड़े हाल में टिकट बुकिंग के लिए लंबे समय तक काउंटर का संचालन किया। बसस्टैंड को भाठागांव में शिफ्ट करने से ग्राहकी कम हुई, तो टिकट काउंटर को बंद कर दिया। निगम द्वारा लगातार किए गए पत्र व्यवहार के बाद रेलवे ने तीन महीने पहले ही उसे निगम को हैंडओवर किया। इसके बाद भी हॉल में निगम की तालाबंदी से वह वीरान पड़ा है।

रायपुर निगम ने 33 साल पहले जयस्तंभ चौक के पास स्थित बसस्टैंड को पंडरी में शिफ्ट किया था। साथ ही यात्रियों को रात बिताने की सुविधा देने के लिए रैन बसेरा के संचालन की जिम्मेदारी अर्पण कल्याण सेवा समिति को दी। रैन बसेरा की बिल्डिंग के भूतल पर स्थिल बड़े हॉल में लोगों की सुविधा के लिए शुरू किया गया रेलवे टिकट काउंटर दो साल से बंद पड़ा है। इसकी वजह से हॉल का कोई उपयोग नहीं हो रहा था। इसे देखते हुए रेलवे ने तीन महीने पहले हॉल को खाली करने के बाद उसे निगम को हैंडओवर कर दिया। निगम सूत्रों ने बताया कि रैन बसेरा का संचालन करने वाली संस्था ने हॉल को लेने के लिए तीन बार अर्जी लगाई, मगर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। इससे मुसाफिरों की सुविधा ही नहीं, बल्कि मेंटेनेंस के अभाव में हॉल कबाड़ हो रहा है।

### सबसे ज्यादा बेड की सुविधा

निगम सूत्रों ने बताया कि शहर में 8 जगह रैन बसेरा का निर्माण करवाया गया है। पंडरी मुक्तिधाम के पास भी मुसाफिरों के लिए बनवाए गए रैन बसेरा में पाइप लाइन सहित अलग-अलग प्रोजेक्ट के लिए काम करने वाले कर्मचारी रुकते हैं। इससे रूरतमंद पुराना बसस्टैंड स्थित रैन बसेरा में ही आश्रय लेने पहुंचते हैं। बस स्टैंड भाठागांव में शिफ्ट होने के बाद से खान-पान की सुविधा मुसाफिरों को नहीं मिलती, इसके लिए समिति हॉल में भोजन की सुविधा देने की मांग रही है।

### चुनाव के बाद मामले में निर्णय

रेलवे ने टिकट काउंटर बंद करने के बाद तीन महीने पहले ही रैन बसेरा बिल्डिंग के भूतल में हॉल को खाली किया है। किसी समिति की मांग के बारे में मुझे जानकारी नहीं है। चुनाव के बाद ही मामले में निर्णय लिया जाएगा।

- **आरके डोंगरे**, आयुक्त, जोन-2, नगर निगम, रायपुर

### गर्मी व मौसम बिगड़ने से

अर्पण कल्याण समिति ने गर्मी और मौसम बिगड़ने पर मुसाफिर बढ़ने की स्थिति को देखते हुए हॉल की मांग कई बार निगम से की है। वजह बताई गई है कि ढुबे कॉलोनी और मोवा इलाके में संचालित अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों के परिजन भी पंडरी स्थित रैन बसेरा में रात बिताते हैं। गर्मी और बारिश के दिनों में मुसाफिर ज्यादा आते हैं। इसे देखते हुए समिति ने हॉल की मांग निगम प्रशासन से की है, लेकिन अभी तक निर्णय नहीं होने से हॉल खाली पड़ा है।

## मेगा समर कैंप 1 मई से पोस्टर का किया विमोचन

**रायपुर।** यूनियन क्लब एवं सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा 1 मई से 15 जून तक मेगा समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस समर कैंप में 8 से 18 साल आयु वर्ग के भाग ले सकते हैं। समर कैंप में बैडमिंटन, लॉन टेनिस, स्वीमिंग, टेबल टेनिस, ब्रिलियड में बच्चे फॉर्म भरकर ट्रेनिंग कैंप में भाग ले सकते हैं। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ एवं यूनियन क्लब के अध्यक्ष गुरुचरण होरा ने बताया कि मेगा समर कैंप मोतीबाग चौक यूनियन क्लब में आयोजित किया जा रहा है।

## सोनमणि की वापसी, आदिम जाति विभाग के प्रमुख सचिव बने

**रायपुर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा 1999 बैच के अधिकारी सोनमणि बोरा की छत्तीसगढ़ में वापसी हुई है। वे पिछले कुछ वर्षों से केंद्र सरकार की प्रतिनियुक्ति में सेवाएं दे रहे थे। राज्य में वापसी के बाद प्रदेश सरकार ने उन्हें नई पदस्थापना का आदेश जारी किया है। श्री बोरा को प्रमुख सचिव आदिम जाति विकास विभाग, अनुसूचित जाति विकास विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग के पद पर पदस्थ किया गया है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में श्री बोरा कई महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दे चुके हैं। कुछ वर्ष पूर्व वे केंद्र सरकार की प्रतिनियुक्त पर गए थे।







# नक्सलियों के छह फ्रंटल आर्गनाइजेशन पर कसा शिकंजा, प्रतिबंध की अवधि बढ़ी

### जनसुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई | सीपीआई माओवादी के हैं सहयोगी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नक्सली संगठनों पर सर्जिकल स्ट्राइक के बाद अब सरकार ने नक्सलियों के फ्रंटल आर्गनाइजेशनों पर भी शिकंजा मजबूत किया जा रहा है। राज्य सरकार ने नक्सलियों के छह संगठनों पर लगे प्रतिबंध को एक साल के लिए आगे बढ़ा दिया है। इस संबंध में गृह विभाग ने अधिसूचना जारी की है। इन संगठनों को विधि विरुद्ध संगठन घोषित किया गया है।

राज्य में नक्सलियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने लिए सरकार इनके साथ जुड़े ऐसे संगठनों पर प्रतिबंध लगाने का काम करती है जो अलग-अलग नाम से संस्थाएं बनाकर नक्सलियों के लिए काम करते है। छत्तीसगढ़ में बस्तर से लेकर महाराष्ट और आंध्रप्रदेश की सीमा से लगे राज्य के इलाकों में ऐसे कई संगठन नक्सलियों के लिए मददगार के रूप में काम करते हैं। राज्य सरकार ने ऐसे संगठनों के खिलाफ छत्तीसगढ़ विशेष जनसुरक्षा अधिनियम 2005 के तहत प्रतिबंध लगाने की कार्रवाी की है।

### ये हैं प्रतिबंधित संगठन

नक्सलियों के सहयोगी के रूप में काम करने वाले जिन संगठनों की पहचान की गई है उनमें कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया माओवादी(सीपीआई माओवादी) और उसके छह फ्रंटल आर्गनाईजेशन शामिल हैं। इनमें दंडकारण्य आदिवासी किसान मजदूर संघ, क्रांतिकारी आदिवासी महिला संघ, क्रांतिकारी आदिवासी बालक संघ, क्रांतिकारी किसान कमेटी, महिला मुक्ति मंच, आरपीसी या जनताना सरकार शामिल है। इन संगठनों पर एक साल का प्रतिबंध पूर्व में लगाया गया था। इस प्रतिबंध की अवधि समाप्त होने के बाद एक नई अधिसूचना जारी कर प्रतिबंध को फिर से एक साल के लिए बढ़ाया गया है।







* Offer valid for a limited period only. # Ex-showroom price of TVS XL100 Heavy Duty Kick Start variant. T&C apply. + Based on TVSM internal test conditions. As compared to BS-IV models. T&C apply. ^ Mobile charger is available in select variants. T&C apply. ^^ Finance at the sole discretion of the financier. T&C apply.

TVS 3 YEAR WARRANTY TVS CREDIT SHRIRAM Finance L&T Finance IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST

Authorised Main Dealer:- BILASPUR- CHANDRA TVS Tel. 9109119171. CHANDRA TVS Uslapur Tel. 8982438075.JANJGIR- APRAJITA TVS Tel. 8251061855., KORBA- TULSI TVS Tel. 8305262286., RAIGARH- APRAJITA TVS Tel. 8251072536. SHRI HANUMAN TVS Tel.8527434191 PATHALGAON- PRABHU TVS Tel : 8824006076. AMBIKAPUR- SHRI MAHAMAYA TVS Tel. 8305203315., SHRI RAM TVS M.G. Road Tel. 9509338256., BAIKUNTHPUR- AGRAWAL TVS Tel. 8236914704., SURJPUR - JAI DURGA TVS Tel.7877664042. Authorised Dealer: Katghora - Ruchi Auto Tel.8770690902. Pali - Jeet Agency Tel. 9424150294. Kartala - Sharma Auto Tel. 9981566233. Hardibazar- Durgesh Agency Tel. 9977562337. Seorinarayan - Priyadarshi Automobiles Tel. 9770096600. Gidhouri - Priyadarshi Automobiles Tel. 9770096600. Takhatpur - Kaushik Auto Tel. 7898677598. Sipat - Maa Mahamaya Auto Centre Tel. 9617077778. Mungeli - Shri Niranjam Motors Tel. 7000103560. Pendra - Sumeet Motors Tel. 9406007324 Ratanpur - Shri Sai Services Tel. 9827123748. Nawagarh - Rk Motors Tel. 9754422619 Lailunga - Shree Shyam Sales Tel. 9424188181. Pussore - Umesh Automobiles Tel. 9993443267. Sarangarh - Shri Ram Automobiles Tel. 9425252719. Akaltara - Bhawani Automobiles Tel. 9425230512. Baloda - Ambey Auto Agency Tel. 9977829180. Patna - Ananya Auto Agency Tel. 9993908312. Sakti - Jindal Auto Tel. 9329415747. Baradwar - Maa Sharda Auto Agency Tel. 8871871872. Kusmi - Sai Auto Tel. 9691065198. Balrampur - Abhyas Automobiles Tel. 7691815794. Tapkara - Sonu Automobiles Tel 9755248064. Bhaiyathan - Prabhat Motors Tel. 7000174136. Bishrampur - Gopal Krishna Motors Tel. 7566290727. Kunkuri - Deepak Motors Tel. 8839304665. Rajpur - Mangalam Motors Tel. 7999592521. . Jarhi - Maa Mahamaya Auto Tel. 9893422986. Ramanujganj - Ganpati Automobiles Tel. 8878214520. Manendragarh - Shri Ram Sales Tel. 9406462666. Pratappur - Titan Automobiles Tel. 9753373609. Sitapur - Shankar Automobiles Tel. 8889272331. Batauli - JK Automobiles 8839756338. Gaurella - Mittal Motors Tel. 9424153222. Rajpur - Mangalam Motors Tel. 7999592521. Kharsia - Bansal Agency Tel. 7771078078, Jashpur Nagar - Shiv Shakti Auto Tel. 9302737741, Dharamjaigarh - Arjun Automobiles Tel. 7415553407. Shrinagar - Sumit Auto Tel. 9977208751

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com